रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:18 | शुक्रवार,19 सितम्बर



**ब्रीफ न्यूज**

## दिल्लीः ललित मोदी के भाई को 2019 के दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार किया गया



एजेंसी

नई दिल्लीःभगोड़े कारोबारी ललित मोदी के भाई समीर मोदी को 2019 में दुष्कर्म के एक मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी ।पुलिस ने बताया कि व्यवसायी समीर को आज विदेश से लौटने पर हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उसे हिरासत में लिया गया है ।इस बीच, समीर के अधिवक्ता ने दावा किया है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं और उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास है। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि समीर के खिलाफ 2019 में एक शिकायत मिली थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई थी।

## देश भाग्यशाली है कि उसे प्रधानमंत्री मोदी के रूप में दूरदर्शी नेतामिलाः नड्डा

एजेंसी

नई दिल्लीःभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश भाग्यशाली है कि उसे ऐसा ह्यदूरदर्शी नेताह्न मिला है जिसने न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत और गहन विचारों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है, बल्कि पूरी मानवता के लिए अपनी आवाज भी उठाई है।

वह राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ह्यमाई कंट्री फर्स्टः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ नरेन्द्र मोदीह्न की स्क्रीनिंग के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूरा जीवन ह्यराष्ट्र प्रथमह्न के संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा के इर्द-गिर्द घूमता रहा है ।उन्होंने कहा,ह देश का सौभाग्य है कि हमें नरेन्द्र मोदी जैसा दूरदर्शी नेता मिला है ।ह्नह्न इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली कला, संस्कृति एवं मंत्री कपिल मिश्रा और पार्टी के अन्य नेता शामिल हुए।

# स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की बन सकती है आधारशिला : राज्यपाल

**इस अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक लगेंगे विशेष हेल्थ कैंप**

संवाददाता। रांची

रांचीःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के दिन बुधवार को महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति समर्पित राष्ट्रीय कार्यक्रम 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ पीएम ने मध्यप्रदेश के धार से किया। झारखंड में इस अभियान की शुरूआत रांची सदर अस्पताल से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिरकत की। अभियान के तहत राज्यभर में दो अक्टूबर तक पंचायत से लेकर प्रदेश तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों, मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की



## आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रसर : हेमंत



रांचीः र्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव रखती है। महिलाओं की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज को सशक्त बना सकती है। हमारी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तीकरण को अपनी प्राथमिकता मानती है। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और जागरूकता को लेकर सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ और सुरक्षित होंगी, तब परिवार मजबूत होगा और आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ और सशक्त बनेगी। हमारी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, क्योंकि महिला ही परिवार और समाज की आधारशिला है। महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाजके हर क्षेत्र में अग्रसर हैं। महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया दावा**

# 'लोकतंत्र के हत्यारों' और 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे सीईसी

**इस विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए दिए गए आवेदन**

**सुनियोजित तरीके से कांग्रेस समर्थकों के वोटर लिस्ट से नाम हटाने के किए गए**

**कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का दिया हवाला**

एजेंसी

नइ दिल्लीःुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्पेशल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कथित वोट चोरी के खिलाफ अपनी मुहिम के क्रम में मतदाता सूचियों से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का विषय उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांग्रेस के मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास सुनियोजित तरीके से किया गया तथा इसमें सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञानेश कुमार को वोट चोरों का संरक्षण देना बंद करना चाहिए ाहुल गांधी ने कहा कि एक सप्ताह में निर्वाचन आयोग को कर्नाटक की सीआईडी के साथ पूरी जानकारी साझा करनी चाहिए। उनके



अनुसार, जिनके नाम हटाने के प्रयास हुए और जिनके नाम का इस्तेमाल कर नाम हटाने के आवेदन दिए गए, उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह हाइड्रोजन बम नहीं है और वह आगे आने वाला है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने बीते एक सितंबर को पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर वोट चोरी से जुड़े अपने पहले के खुलासे का हवाला देते हुए दावा किया था कि एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है ।निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। उसने यह भी कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए आयोग के अधिकारियोंने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। उसने यह भी कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामलेकी जांच के लिए आयोग के अधिकारियोंने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## 8 अक्टूबर तक सारंडा को सैंक्चुरी घोषित नहीं किया तो सीएस को जाना होगा जेल



**सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रनकी पीठ में हुई सुनवाई**

एजेंसी

नई दिल्लीःझारखंड के सारंडा वन क्षेत्र को सैंक्चुरी घोषित करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ में 17 सितंबर को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इस क्षेत्र को सैंक्चुरी घोषित करने में राज्य सरकार द्वारा की जा रही आनाकानी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश का अवमानना माना है। साथ ही यह भी कहा कि आठ अक्टूबर तक इस क्षेत्र को सैंक्चुरी नहीं घोषित नहीं होने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। मुख्य सचिव को जेल जाना होगा ।न्यायालय सैंक्चुरी घोषित करने के लिए परम आदेश पारित करेगा। सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी परमेश्वर गवे ने सारंडा को सैंक्चुरी घोषित करने के मामले में झारखंड सरकार द्वारा की जा रही रही टाल-मटोल और आनाकानी की जानकारी दी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 29 अप्रैल 2025 को वन सचिव अबुबकर सिद्दीकी के माध्यम से राज्य सरकार ने शपथपत्र दायर किया था। इसमें यह कहा गया था कि पीसीसीएफ (जंगली) ने 576 वर्ग किलोमीटर को सैंक्चुरीघोषित करने का प्रस्ताव तैयार कर भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) को भेजा है। डब्ल्यूआईआई की रिपोर्ट आने के बाद इस मामले को कैबिनेट में पेश किया जाएगा। कैबिनेट की सहमति के बाद सारंडा को सैंक्रुरी घोषित कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार केशपथपत्र में दिए गए प्रस्ताव।

## भारत-मॉरीशस संबंध होंगे और मजबूतः राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम रामगुलाम से मिलकर जताया विश्वास

एजेंसी

नई दिल्लीःनिगमों और छोटे व्यवसायों के बीच मध्यस्थता के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रितः सीजेआईएक क्षेत्र जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है बड़े निगमों और छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच मध्यस्थता में समान अवसर सुनिश्चित करना ।भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बड़े निगमों और छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से सूक्ष्म,



लघु और मध्यम उद्यमों के बीच मध्यस्थता के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं ।प्रधान न्यायाधीश दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत परिपक्व हो रहा है और वैश्विक मंच पर एक अग्रणी मध्यस्थ के रूप में विकसित हो रहा है ।उन्होंने कहा,एक क्षेत्र जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है बड़े निगमों और छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच मध्यस्थता में समान अवसर सुनिश्चित करना। हालांकि विधायी और नीतिगत पहल आशाजनक और सराहनीय रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन में तेजी लाना और सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाना आवश्यक है ।न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि यह प्रक्रिया मध्यस्थता को लंबे विवादों का स्रोत बनने देने के बजाय, वाणिज्यिक दक्षता का एक जरिया बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## गोवाः सामाजिक कार्यकर्ता पर हमला; पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्लीःपणजी पुलिस ने यहां कारानजलेम में सामाजिक कार्यकर्ता रामा काणकोणकर पर हुए क्रूर हमले के बाद बृहस्पतिवार दोपहर को पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यहां एक वरिष्ठ अधिकारी ने देर रात यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) राहुल गुप्ता ने बताया कि एक संदिग्ध अब भी फरार है। काणकोणकर ने पुलिस को बताया कि बच्चों के पार्क के पास हमलावरों ने उन्हें घूंसे मारे, उनकी पिटाई की, उनके चेहरे पर गोबर पोत दिया और उन्हें सड़क पर फेंक दिया ।उन्होंने आरोप लगाया कि चाकू और बंदूक के साथ पहुंचे गिरोह ने



उन्हें धमकाते हुए कहा, ह्यह्यक्या तुम गोवा के रक्षक बनना चाहते हो? चलो हम तुम्हें दिखाते हैं ।ह्नह्न पुलिस अधीक्षक (एसपी) गुप्ता ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर काणकोणकर और उनके साथ मौजूद क्यूपेम निवासी सोइरू वेलिप को जान से मारने की धमकी दी। वेलिप ने शिकायत दर्ज कराई है। तटीय राज्य में अक्सर पर्यावरण संबंधी मुद्दे उठाते रहने वाले काणकोणकर पर हमले के असल कारणों का तत्काल पता नहीं लग पाया।

**न्यूजस्टडी**

**ऑपरेशन सिंदूर ने नए तरह के युद्ध की शुरूआत कीः सीडीएस**

# जनरल चौहान ने कहा हां जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ.

संवाददाता। रांची

नई दिल्लीःऑपरेशन सिंदूर ने नए तरह के युद्ध की शुरूआत कीः सीडीएस अनिल चौहान

ह्यऑपरेशन सिंदूरजम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया था। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। शीर्ष सैन्य अधिकारी ने यह भी कहा कि ऑपरेशन के दौरान पहला हमला सीमा पार नागरिक हताहतों से बचने के लिए रात एक बजे किया गया। उन्होंने कहा, ह्यह्ययह एक नए प्रकार का युद्ध था... अब तक हम जीत को क्षेत्र पर कब्जे, नष्ट किए गए उपकरणों की संख्या या पकड़े गए युद्धबंदियों या मारे गए सैनिकों की संख्या के आधार पर मानते थे... ये युद्ध लड़ने के पारंपरिक तरीकों से जुड़े थे ।जनरल चौहान ने कहा हां



जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ... रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता थी... ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने हर बार पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया ।ऑपरेशन सिंदूर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया था। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे ।अनिल चौहान ने स्कूली बच्चों के एक समूह से कहा कि मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल दुनिया से आगे बढ़ें और उन स्थानों की साहसिक यात्रा पर निकलें, जिनकी गारंटी कोई भी धनराशि नहीं दे सकती। उन्होंने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखने के लिए प्रेरित किया।

**अनिल चौहान ने स्कूली बच्चों के एक समूह से कहा कि मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल दुनिया से आगे बढ़ें और उन स्थानों की साहसिक यात्रा पर निकलें, जिनकी गारंटी कोई भी धनराशि नहीं दे सकती। उन्होंने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखने के लिए प्रेरित किया।**



**इस अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक लगेंगे विशेष हेल्थ कैंप**

# गर्ल्स हॉस्टल मामले में कोलकाता कनेक्शन, 13 लोग गिरफ्तार, 50 प्रतिशत कमीशन पर था धंधे का जोर

**रांची, संवाददाता**

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में गर्ल्स हॉस्टल की आड़ में चल रहे देह व्यापार में अब तक 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. कोलकाता की 12 लड़कियों के साथ-साथ एक सप्लायर को भी जेल भेजा गया गया है. इस रैकेट को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं.



### हॉस्टल ठिकाना ,क्योंकि होटल में हो रही थी रेड

रांची पुलिस ने लालपुर थाना क्षेत्र के बर्दवान कंपाउंड स्थित ओम गर्ल्स हॉस्टल से देह व्यापार कराने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. जेल जाने वालों में लड़कियों से देह व्यापार कराने वाला मो मोजेबुल रहमान और वीणा देवी भी शामिल हैं. जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है.

मो मोजेबुल रहमान ही देह व्यापार का संचालन कर रहा था. उसी ने पश्चिम बंगाल से देह व्यापार कराने के लिए लड़कियों को रांची लाया था, जिसे ग्राहकों के अनुसार होटल और उनके घरों में भेजा करता था. ग्राहकों को पहले लड़कियों की तस्वीर भेजकर उन्हें पसंद करवाया जाता था, फिर उन्हें ग्राहकों की पसंदीदा जगहों पर भेज देता था- रमन, सिटी डीएसपी

### 50 प्रतिशत कमीशन

देह व्यापार में शामिल सभी लड़किया बंगाल की है. मोजेबुल रहमान ग्राहक से प्राप्त राशि में 50 प्रतिशत कमीशन रखकर शेष राशि कोलकाता के सुमोन दा उर्फ राजू को भेजा जाता था. पुलिस सुमोन पर भी दबाव डालने की तैयारी में है. आपको बता दें कि लालपुर थाना क्षेत्र के बर्दवान कंपाउंड स्थित ओम गर्ल्स हॉस्टल में देह व्यापार चलने की खबर पर पुलिस की टीम ने रविवार को छापेमारी कर 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया था. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने देह व्यापार कराने वाले मोजेबुल और वीणा को भी पकड़ा था.

> मामले में 20 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. शेष सात लोगों की पुलिस तलाश कर रही है :
>
> **रूपेश कुमार, लालपुर थानेदार**

### लड़कियों को देह व्यापार के लिए बंगाल से भेजा गया

मोजेबुल और वीणा पूरी प्लानिंग के साथ देह व्यापार का धंधा चलाती थी. इसके लिए दोनों ने एजेंट भी रखा था. कचहरी चौक सनराइज होटल के मैनेजर रंजीत के अलावा मुनीर, रवि, राहुल और राजन को एजेंट के रूप में रखा गया था. सभी आरोपी मोजेबुल से संपर्क करते थे. इसके बाद मोजेबुल उन्हें लड़कियां उपलब्ध कराता था. छानबीन में पुलिस को पता चला कि मोजेबुल रहमान ने बंगाल से लायी लड़कियों को हॉस्टल में रखने की व्यवस्था की थी. लड़कियों को बिना कागजात के ही हॉस्टल में रखा गया था.

### हॉस्टल संचालक को हर दिन लड़की रखने का मिलता था किराया

पूछताछ में देह व्यापार चलाने वाला मो मोजेबुल ने पुलिस को बताया कि ग्राहकों को लड़की भेजने पर उन्हें कमीशन मिलता है. पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि हॉस्टल संचालक रवि कुमार सिंह को 400 रुपए प्रत्येक लड़की को रखने का हर दिन का किराया दिया जाता था. उसने यह भी जानकारी दी कि हॉस्टल संचालक को देह व्यापार में लड़कियों के शामिल होने की पूरी जानकारी थी.

### इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

देह व्यापार के मामले में मो मोजेबुल रहमान, राज कुमार सिंह, सुमोन दा उर्फ राजू, रंजीत, मुनीर, रवि, राहुल, राजन के अलावा 13 लड़कियों को आरोपी बनाया गया है.

# रांची में तैयार हो रहा दुनिया के सबसे बड़े अंकोरवाट मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल

**रांची, संवाददाता**



दुर्गा पूजा जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे पूजा पंडालों के निर्माण की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच रही है. रांची के बकरी बाजार में तैयार हो रहा पूजा पंडाल, इस बार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा. यहां दुनिया के सबसे बड़े मंदिर कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर की तर्ज पर पंडाल को तैयार किया जा रहा है.

### कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर की तर्ज पर तैयार हो रहा पूजा पंडाल

पूजा पंडाल निर्माण में जुटे भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल के मुताबिक, अंकोरवाट मंदिर की तर्ज पर तैयार हो रहे पंडाल वैसे तो महालया के दिन ही तैयार हो जाएगा, लेकिन विधिवत उद्घाटन 26 सितंबर यानी पूजा के चौथे दिन ही होगा. पंडाल लगभग 14400 वर्ग फीट में तैयार किया जा रहा है, जो बकरी बाजार में बनने वाले पूजा पंडालों में अब तक का सबसे बड़ा पूजा पंडाल होगा. पूजा पंडाल के निर्माण में सभी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया गया है. पाठ काठी, मलाई काठी, होगला पत्ता, पाम पत्ता, बूलेन रस्सी, त्रिपुरा मैट, त्रिपुरा मदूर काठी और दूसरी चीज शामिल हैं. रांची के बकरी बाजार में बन रहे पूजा पंडाल की ऊंचाई लगभग 110 फीट है. यह पंडाल दूर से ही दिखाई देगा. इसमें बारीक नक्काशी का काम भी किया गया है. इसके साथ ही तैयार हो रहा पंडाल पूरी तरह से वाटर प्रूफ होगा. पूजा पंडाल में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी सुरक्षा के खास प्रबंध किए गए हैं. सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन के साथ पूजा समिति से जुड़े वालंटियर करेंगे. इसके अलावा फायर फाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है.

पूजा पंडाल पर 90 लाख के करीब खर्च होगा, जो लोगों के सहयोग से पूरा होगा.

बहरहाल दुर्गोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. रांची में एक से बढ़कर एक पंडाल तैयार किये जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए खासा आकर्षण का केंद्र होंगेः **राहुल अग्रवाल, अध्यक्ष, भारतीय युवक संघ पूजा समिति**

करीब तीन महीनों से पूजा पंडाल बन रहा है, जिसमें पश्चिम बंगाल के अनूप दा की तरफ से मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई जा रही है. प्रतिमा की चौड़ाई 36 फीट और ऊंचाई करीब 26 फीट होगीः **संजय कुमार, सदस्य, पूजा समिति**

# इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति का संशोधित परीक्षा परिणाम जारी

**रांची, संवाददाता**

झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने कक्षा एक से पांचवी तक के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया है. पूर्व में प्रकाशित रिजल्ट को रद्द कर संशोधित रिजल्ट जारी होने से 484 सफल अभ्यर्थी कम हो गए हैं. संशोधित रिजल्ट में कुल 4333 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है. जबकि पूर्व में जारी रिजल्ट में 4817 अभ्यर्थी सफल हुए थे. इसके लिए जेएसएससी ने झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 ली थी. इसके जरिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य की कुल 11000 पदों के लिए परीक्षा हुई थी. तब 6667 पद रिक्त रह गए थे. वर्तमान संशोधित रिजल्ट को जेएसएससी ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के आलोक में जारी किया है.



संशोधित परीक्षा परिणाम को jssc.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है. संशोधित रिजल्ट को इस वजह से जारी किया गया. क्योंकि सहायक आचार्य परीक्षा में वैसे अभ्यर्थियों का अनरिजर्व्ड कैटिगरी में सिलेक्शन हो गया था, जो JTET यानी झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में आरक्षण का लाभ ले चुके थे. संशोधित रिजल्ट में ऐसे सफल अभ्यर्थियों को उनके रिजर्व कैटेगरी में शामिल कर दिया गया है. क्योंकि पारा शिक्षक कोटि के वैसे अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में भी छूट मिली थी. आयोग की ओर से कहा गया है कि बहादुर महतो, डमरुधर महतो एवं अन्य की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट द्वारा पारित अंतरिम आदेश से परीक्षाफल में संशोधन संभावित है.

# झारखंड में लघु खनिज खदान की नीलामी पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची, संवाददाता**

झारखंड सरकार को हाईकोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लघु खनिज खदानों की नीलामी करने पर तब तक रोक लगा दी है, जब तक कि राज्य के शिड्यूल एरिया में मौजूद संसाधनों पर ग्राम सभा को नियंत्रण देने के लिए ढएरअ यानी पंचायत एक्सटेंशन टू द शिड्यूल एरिया की नियमावली की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती है. मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की पीठ ने आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से दायर अवमानना याचिका पर यह फैसला सुनाया है.



### अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला

हाईकोर्ट ने लघु खनिज खदानों के लिए पट्टा देने पर रोक लगा दी है. दरअसल, 29 जुलाई 2024 को हाईकोर्ट ने नियमावली की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था. इसका क्रियान्वयन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर हुई थी. यह जानकारी आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक विक्टर मालतो ने दी है.

### विभाग के स्टैंड पर कोर्ट ने जतायी नाराजगी

खंडपीठ ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार को जारी कारण बताओ अवमानना नोटिस के जवाब पर कहा कि ्हमारे आदेशों को लागू करने के लिए कुछ खास नहीं किया गया है. इसका हमारे आदेश से कोई लेना देना नहीं है, बल्कि हम केवल संवैधानिक जनादेश का पालन कर रहे हैं. आप यह कहकर बच नहीं सकते कि यह मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का काम है.्ह मामले टालने पर मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि हम मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों को जेल भेज दें. क्या आप यही सुझाव दे रहे हैं.

### याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं का पक्ष

याचिकाकताओं के वकील अभिषेक राय, ज्ञानंत सिंह और वरिष्ठ वकील अजीत कुमार ने बताया कि नियमावली की अधिसूचना में देरी एक उद्देश्य से की गई थी. राज्य सरकार राज्य भर में रेत और दूसरे लघु खनिज खदानों की नीलामी और दीर्घकालिक पट्टा देने की प्रक्रिया में है. उन्होंने आगे कहा कि ढएरअ नियमावली बनने और अधिसूचित होने तक ग्राम सभाओं के लिए कुछ भी नहीं बचेगा. इसपर राज्य सरकार की ओर से और 4 हफ्ते का समय मांगा गया. लेकिन न्यायालय ने मामले को दो हफ्ते बाद आगे विचार के लिए स्थगित कर दिया.

# स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को छोड़ेंगे नहीं, शिक्षक घर-घर जाकर लेंगे खोज खबर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नामांकन के बाद कौन-कौन बच्चे स्कूल से बाहर रह गए हैं, उनकी पहचान के लिए शिशु पंजी को अपडेट करने की प्रक्रिया अक्टूबर से शुरू होगी। इसके तहत सभी श्रेणी के विद्यालयों के शिक्षक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और शिशु पंजी को अपडेट करेंगे। इससे पहले सभी गांव और टोले की हैबिटेशन मैंपिंग होगी। इससे यह पता चलेगा कि किसी विद्यालय के अंतर्गत कौन-कौन से गांव या टोले आएंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तर पर शिशु पंजी सर्वे का कार्य कराया जाता है। समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट (2026-27) के निर्माण के लिए 03-18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या, विद्यालयों में उनका नामांकन, ड्राप आउट होने वाले बच्चे तथा अनामांकित रह गए बच्चों की संख्या को लेकर रिपोर्ट तैयार की जानी है। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों/गैर सरकारी सहायता प्राप्त/ अल्पसंख्यक/ सरकारी सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसा शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में शिशु पंजी के अपडेट करने का कार्य प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षा वाले सभी सरकारी विद्यालयों के सभी शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इसे लेकर प्रत्येक विद्यालय को समीपवर्ती सभी टोला/गांव से संबद्ध (टैग) किया जाएगा। शिशु पंजी अपडेट करने के लिए हैबिटेशन मैपिंग करने की जिम्मेदारी प्रखंड के बीईईओ/ अवर विद्यालय निरीक्षक एवं आउट आफ स्कूल प्रभारी, बीपीओ की होगी। संबंधित प्रखंड के बीईईओ एवं बीपीओ अपनी देख-रेख में बीआरपी तथा सीआरपी द्वारा प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयवार गांव, टोला, मोहल्ला को संबद्ध किया जाएगा।

# वेटिंग फॉर पोस्टिंग में कई आईपीएस व डीएसपी, जल्द कई जिलों में हो सकता है फेरबदल

**रांची, संवाददाता**

झारखंड में कई आईपीएस और डीएसपी पिछले कई महीनों से अपनी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं. इस वक्त पांच आईपीएस और 109 डीएसपी ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक कोई पद नहीं दिया गया है. वर्तमान में झारखंड पुलिस में आईपीएस अधिकारियों के 32 पद या तो खाली हैं या फिर उनका अतिरिक्त प्रभार किसी और अधिकारी के पास है. इसके बावजूद एक एडीजी रैंक और चार एसपी रैंक के आईपीएस अधिकारी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं. दूसरी ओर, रांची, हजारीबाग और बोकारो रेंज में डीआईजी का पद लंबे समय से खाली पड़ा है. खबर यह भी है कि जल्द ही चार से पांच जिलों के एसपी का तबादला हो सकता है. साथ ही कई जिले में पदस्थापित डीएसपी की भी ट्रांसफर-पोस्टिंग की जा सकती है.

**आईपीएस अधिकारियों के 14 पद खाली**



- डीजी ट्रेनिंग
- एडीजी स्पेशल ब्रांच
- एडीजी रेल
- आईजी एसीबी
- डीआईजी रांची
- डीआईजी हजारीबाग
- डीआईजी बोकारो
- एसपी स्पेशल ब्रांच
- एसपी होमगार्ड
- एसीबी एसपी (2 पद)
- एसपी वायरलेस
- एसपी सीआईडी (2 पद)

अतिरिक्त प्रभार वाले पदः

- एडीजी ट्रेनिंग
- एडीजी आधुनिकरण
- आईजी जैप
- आईजी हेडक्वार्टर
- एसपी रेल (जमशेदपुर)
- एसपी रेल (धनबाद)
- एसपी जगुआर
- कमांडेंट जैप 1
- कमांडेंट जैप 3
- कमांडेंट जैप 5
- कमांडेंट आईआरबी 1, 2, 3, 4, 8, 9, 10
- कमांडेंट एसआईआरबी 1

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी

झारखंड पुलिस के कई आईपीएस अधिकारी, जिनमें आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं, केंद्र सरकार के विभागों में प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी में हैं. कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की फाइलें आगे बढ़ चुकी हैं. सरकार की अनुमति मिलते ही वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे. वहीं कई अन्य अधिकारी भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए आवेदन करने की योजना बना रहे हैं.

# श्री श्याम मंदिर में 170वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**रांची, संवाददाता**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 170 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। संकट कटे मिटे सब पीड़ा जो सुमिरै हनुमंत बल बीरा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सोनू अग्रवाल मालविका अग्रवाल ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सोनू अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री विष्णु चौधरी सोनू अग्रवाल मालविका अग्रवाल अरुण खूंटेटा हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# आनेवाली पीढ़ी के लिए प्रकृति व पृथ्वी को बचायें : सचिव अबु बकर सिद्दीख

**रांची, संवाददाता**

झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड ने मंगलवार को बायोडायवर्सिटी एक्ट को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया. मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीख ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं तेजी से बढ़ रही हैं. 2024 में 400 से अधिक प्राकृतिक आपदाएं हुईं. 2023 में करीब 281 प्राकृतिक आपदा हुई थीं. पर्यावरण को हो रहे नुकसान के कारण ऐसा हो रहा है. पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी हमारी है. आनेवाली पीढ़ी के लिए पृथ्वी और प्रकृति को बचायें. प्रकृति बचाने की सीख सभी धर्मों में दी जाती है. इसके संरक्षण की शुरूआत घर से होनी चाहिए. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) अशोक कुमार ने कहा कि बायोडायवर्सिटी का संरक्षण और संवर्द्धन जरूरी है. इसके टिकाऊ उपयोग पर काम करने की जरूरत है. बायोडायवर्सिटी के जो स्टेक होल्डर हैं, उनको भी इसका लाभ मिलना चाहिए. इसके लिए पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक कमेटी बनायी गयी है.



### 115 बायोडायवर्सिटी साइट की हुई है खोज

राज्य बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य सचिव संजीव कुमार ने कहा कि 115 बायोडायवर्सिटी साइट की खोज की गयी है. इसके संरक्षण का जिम्मा बायोडायवर्सिटी प्रबंधन समिति की होगी. वन क्षेत्र के बाहर भी कई जैव विविधता वाली चीजें हैं. इसका संरक्षण भी किया जायेगा. इस दिशा में काम हो रहा है. इसके लिए कई संस्थाओं के साथ एमओयू भी हुआ है.

### अच्छा काम करने वालों को सम्मान


इस मौके पर जैव विविधता संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय काम करने वालों को सम्मानित किया गया. इसमें सारंडा के डीएफओ अभिरूप सिन्हा, तकनीकी पदाधिकारी हरिशंकर लाल, इंटर्न जहाना परवीन, पल्लवी भारती, कमेटी के सदस्य मो आदिल अजीम, इंदु तिग्गा, नीता तिर्की, नीलम तिर्की, संजू देवी, रोहित कुमार दांगी व कमो देवी शामिल थीं. इस मौके पर कई पुस्तक और बुकलेट का विमोचन किया गया. कार्यक्रम में पीसीसीएफ वन्य प्राणी पारितोष उपाध्याय भी मौजूद थे.

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, मानसून पड़ा कमजोर, अधिकतम तापमान में इजाफा

**रांची, संवाददाता**

झारखंड में मानसून अब कमजोर पड़ गया है. राजधानी में पिछले तीन दिनों से धूप के साथ बादल की आंख मिचौनी चल रही है. इसकी वजह से अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ है. उमस भी बढ़ी है. लेकिन बारिश से राहत मिल गई है. पिछले 24 घंटे में पाकुड़ में सबसे ज्यादा तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है. जबकि लातेहार में सबसे कम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा है.

### राज्य के ज्यादातर जिलों में चढ़ा पारा



राज्य के प्रमुख शहरों में राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रहा है. जमशेदपुर में 33 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 31.3 डिग्री, डाल्टनगंज में 34.4 डिग्री, चाईबासा में 34.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है. न्यूनतम तापमान के मामले में लातेहार के बाद सबसे कम 22.6 डिग्री सेल्सियस पारा रांची का रहा है. मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक 9 सितंबर से आने वाले कुछ दिनों तक पूरे राज्य में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है.

### कुछ घंटों के भीतर इन जिलों में बिगड़ा मौसम

9 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से पहले पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा जिला के कुछ भागों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई. इस दौरान हवा की रफ्तार 30, 40 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है. इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है. बारिश के समय पेड़ के नीचे ना जाएं. खेतों में ना रुकें.

### सिर्फ एक जिला में सामान्य से कम हुई बारिश

बता दें कि पिछले साल की तुलना में झारखंड में इस साल अब तक अच्छी बारिश हुई है. पिछले साल 1 जून से 30 सितंबर के बीच 1008.9 मिमी बारिश हुई थी, जो सामान्य से करीब 1 प्रतिशत कम थी. साल 2024 में कुल 18 जिलों में सामान्य बारिश हुई थी. जबकि धनबाद, लातेहार और गढ़वा में सामान्य से अधिक वर्षा रिकॉर्ड हुई थी. उस साल पाकुड़, देवघर और चतरा में सामान्य से कम बारिश हुई थी. वर्तमान वर्ष में सिर्फ पाकुड़ ऐसा जिला है, जहां 1 जून से अब तक के बीच सामान्य से करीब 22 फीसदी कम बारिश हुई है.



## महामहिम राज्यपाल और देवेन्द्र नाथ महतो ने दुखियार खोरठा उपन्यास का किया विमोचन

# राज्यपाल दुखियार उपन्यास की सराहना करते हुए कहा कि यह रचना समाज में महिलाओं को मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी





मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, रांची के निदेशक प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों और गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

- दुखिया उपन्यास की लेखिका रांची विश्वविद्यालय रांची क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा खोरठा विभागाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद हैं ।

संवाददाता । रांची

रांचीः महामहिम राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार और जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय की खोरठा क्षेत्रीय जनजातीय भाषा विभागाध्यक्ष प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ कुमारी शशि की कृति दुखियार खोरठा उपन्यास का विमोचन किया ।उपन्यास में झारखंड की महिलाओं के समस्याओं और उनके जीवन संघर्ष का सजीव चित्रण किया गया है।

साथ ही झारखंड चर्चित लेखक देवकुमार द्वारा रचित मैं हूं झारखंड एवं बिरहोर हिंदी अंग्रेजी शब्दकोश पुस्तक भेंट किया गया।

मौके पर महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने दुखियार उपन्यास की सराहना करते हुए कहा कि यह रचना समाज में महिलाओं को मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने प्रेस संबोधन में कहा कि साहित्य समाज की आईना है, महिलाओं को साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने की आवश्यकता है, 21 वीं सदी में महिलाओं को समाज में उपेक्षा किया जाता किया जाता है, आज महिला प्रताड़ित होती है, संघर्ष करती है। दुखियार खोरठा उपन्यास से महिलाओं में क्रांति जागृत होगी। दुखियार खोरठा उपन्यास लेखिका डॉ कुमारी शशि ने कहा कि इस उपन्यास को हर महिला को पढ़ना चाहिए, इस उपन्यास में महिलाओं के समस्याओं और उनके जीवन संघर्ष का सजीव चित्रण है, ऐसे मनुष्य का जीवन में तो दुःख और सुख चरखा का पहिया जैसा घूमता रहता है लेकिन इसमें गांव की एक ऐसी महिला के बारे बताया गया है जिसका जीवन में कभी सुख आया ही नहीं है , जिसके घर रहते घर नहीं है, माता - पिता रहते अनाथ जैसा जिंदगी समाज से भी बहिष्कृत की जाती है फिर भी महिला संघर्ष करके आगे बढ़ती है और सपना पूरा करती है। आखिर महिलाओं का कसूर क्या है कि समाज एक आंख में काजल तो दूसरा में धूल लगाती है । मौके पर जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो, लेखक अनंत महतो, देव कुमार, सुमार महतो लेखिका डॉ कुमारी शशि एवं छात्र नेता चंदन कुमार रजक उपस्थित रहे।

## मंत्री इरफान अंसारी ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पर की चादरपोशी

# शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दरगाह कमिटी को सौंपने को लेकर दिया ज्ञापन



संवाददाता । रांची

रांची:रांची ।स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी करने पहुंचे और राज्य की खुशहाली और विकास के लिए दुआ मांगी। इरफान अंसारी ने कहा कि उनकी मां अक्सर बाबा के मजार पर आया करती थी,मां की आस्था यहां से जुड़ी है । इसी वजह से दरगाह पर मै भी हमेशा से आता रहा हु। मौके पर दरगाह कमिटी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मांग किया कि दरगाह की पहल पर जो दरगाह के पास शहरी स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल बनवाया गया था उसकी हालत आज बद से बद्तर हो चुकी है,जिसका लाभ आम जन को सही से नहीं मिल पा रहा हैं ।यदि सरकार शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पीपीपी मोड पर दरगाह कमिटी को सौंपती है तो स्वास्थ्य केंद्र का संचालन बहुत ही बेहतर किया जा जाएगा। जिससे आस पास के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी ।जिस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि कमिटी की मांग जायज है जल्द की पूरी प्रक्रिया कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दरगाह कमिटी को सभी सुविधाओं के साथ सौंपा जाएगा। इस घोषणा के बाद लोगों में खुशी की लहर है और दरगाह कमिटी ने मंत्री इरफान अंसारी को धन्यवाद दिया ।मौके पर दरगाह कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उपसचिव जुल्फेकार अली भुट्टो, पप्पू गद्दी, अनीस गद्दी, सरफराज गद्दी उर्फ पंडित, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा पूजा पर लघु उद्योग भारती ने श्रमिकों को किया सम्मानित



संवाददाता । रांची

रांचीः विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में एक भव्य आयोजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लघु उद्योग भारती के सदस्य सोनी स्टील वर्क्स, कोकर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रमिकों को सम्मानित किया गया तथा उनके बीच वस्त्र वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा पर श्रमिकों को सम्मानित किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम श्रमिकों के मनोबल को बढ़ाने और उनके सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव श्रवण वर्णवाल तथा कोकर के अध्यक्ष रतन अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड ने पिछले 5.5 वर्षों में विकास और सामाजिक न्याय के नए आयाम गढ़े हैं : विनोद पांडेय

संवाददाता । रांची



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के आरोप न केवल तथ्यहीन हैं, बल्कि झारखंड की मेहनतकश जनता का अपमान भी है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने पिछले साढ़े पांच वर्षों में विकास और सामाजिक न्याय के नए आयाम गढ़े हैं।शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पेयजल, युवाओं के लिए रोजगार योजनाएं झ हर क्षेत्र में ठोस कदम उठाए गए हैं। आजादी के बाद पहली बार आदिवासी-ग्रामीण समाज को केंद्र में रखकर योजनाएं लागू हो रही हैं, जो भाजपा को पच नहीं रही।विनोद पांडेय ने कहा कि अरुण सिंह जिस ज्जंगलराजह्व की बात कर रहे हैं, दरअसल वह भाजपा के 19 वर्षों के शासन का विरासत था। हमारी सरकार ने कानून व्यवस्था मजबूत की, उग्रवाद पर निर्णायक प्रहार किया और निवेश के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया। आतंकवादियों का ह्लसेफ जोनह्व बताना राज्य की पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल तोड़ने की साजिश है। सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच चल रही है, लेकिन भाजपा द्वारा सूर्या मामले को राजनीतिक लाभ के लिए भुनाना दुर्भावनापूर्ण है।विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा यूरिया और जल जीवन मिशन जैसे केंद्रीय योजनाओं का हवाला देकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र से समय पर झारखंड की हेमंत सरकार को संसाधन नहीं मिलते और राज्यों की हिस्सेदारी में लगातार कटौती की जा रही है। जनता के अपार समर्थन से बनी सरकार के खिलाफ सौतेला व्यवहार सीधे तौर पर जनादेश का अपमान है। रोजगार, किसान सम्मान, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ह्लमंईयां सम्मान योजनाह्व, ह्लसावित्री बाई फुले प्रोत्साहनह्व, सर्वजन पेंशन सहित फेलोशिप जैसी योजनाओं ने हजारों परिवारों को संबल दिया है और आर्थिक सामाजिक बदलाव में अहम भूमिका निभा रही है। विनोद पांडेय ने भाजपा नेताओं को सलाह दिया है कि वे झूठी बयानबाजी छोड़ राज्य के वास्तविक विकास आंकड़ों को देखें। हेमंत सरकार ईमानदारी, पारदर्शिता और जनकल्याण की नीतियों से झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। जनता सच्चाई जानती है और 2024 के लोकसभा व 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बार-बार जवाब दे चुकी है। लेकिन, भाजपा की आंखें नहीं खुल रही हैं। प्रदेश नेताओं को राज्य में राजनीतिक करनी नहीं आ रही है तो एक बार फिर बाहर से नेताओं को लाकर अनाप सनाप बकवास कराया जा रहा है। चुनाव के दौरान भाजपा को अपनी ऐसी हरकत का जनता से करारा जवाब मिल चुका है। हैरानी की बात यह है कि भाजपा की समझ में यह बात क्यों नहीं आ रही है कि माननीय हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अब झारखंड अपने स्वर्णिम सफर पर निकल चुका है।

# हिंडाल्को मुरी पर श्रम अधिकारों के उल्लंघन का आरोप, विधायक ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

संवाददाता । रांची



रांचीः

रांची। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुरी झारखंड पर गंभीर श्रम कानून उल्लंघन और न्यूनतम मजदूरी न देने का आरोप लगाते हुए एक विधायक ने श्रमायुक्त, श्रम विभाग झारखंड को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विधायक ने पत्र में आरोप लगाया

फैक्ट्री में स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित कर पश्चिम बंगाल से मजदूर बुलाए जाते हैं ।कुशल और अकुशल दोनों श्रमिकों को बैंक खाते में मजदूरी दिए जाने के बाद प्रतिदिन 50-100 रुपये नकद वापस लेने के लिए मजबूर किया जाता है ।आवाज उठाने वाले मजदूरों की नौकरी छीन ली जाती है ।श्रमिक संघ चुनाव में धांधली कर कई श्रमिकों को भाग लेने से रोका गया और इसके एवज में राजनीतिक दलों को फायदे पहुँचाए गए ।विस्थापितों और मृतक कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित कर उत्पीड़न किया जा रहा है ।विधायक ने हालिया मामले का ज़िक्र करते हुए कहा कि राजू महतो नामक स्थानीय युवक को पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति से वंचित कर पिछले दो वर्षों से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

पत्र में 9 अप्रैल 2019 को मुरी प्लांट में हुए रेड मड पॉड हादसे का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें एक श्रमिक की मौत और सैकड़ों प्रभावित हुए थे। विधायक ने कहा कि उस हादसे में भी उचित मुआवजा नहीं दिया गया और जांच में कोताही बरती गई ।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा पिछले 10 वर्षों से नए रेड मड पॉड निर्माण का निर्देश दिए जाने के बावजूद, प्रबंधन मजदूरों को पुराने और खतरनाक पॉड में काम करने के लिए मजबूर कर रहा है।

मुख्य मांगें

1. श्रम अधिकारों और वेतन उल्लंघन की समयबद्ध जांच।
2. दोषी अधिकारियों और प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई।
3. राज्य सरकार, स्वतंत्र संस्थानों और सामाजिक संगठनों को शामिल कर निगरानी समिति का गठन।
4. प्रभावित श्रमिकों को मुआवजा और पुनर्वास सहायता।
5. आईआईटी, टीआईएसएस या अन्य संस्थानों से स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट।

विधायक ने कहा कि यह सिर्फ श्रम कानून का उल्लंघन नहीं

# दुगार्पूजा 2025 एवं सड़क सुरक्षा हेतु अंतर विभागीय समन्वय से सम्बंधित बिजली विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक

- उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक
- दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश
- शहर में सभी जगह और नाली में स्लैब लगाने के निर्देश
- पूजा समितियों को तय सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित रूप से करने के निर्देश



संवाददाता । रांची

रांची :=================

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आज दिनांक-18 सितंबर 2025 को कार्यालय कक्ष में आगमी दुगार्पूजा 2025 एवं सड़क सुरक्षा हेतु अंतर विभागीय समन्वय से सम्बंधित बिजली विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था, सभी कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता, विधुत, पथ निर्माण, पेय जल विभाग जिला नजारत उप समाहर्ता, डॉ. सुदेश कुमार, उपस्थित थे।

उपायुक्त ने सम्बंधित सभी पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा की दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे अहम है, साथ उन्हें दर्शन में कोई कठिनाई ना हो यह निश्चित रूप से सुनिश्चित कर ले। दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

दुगार्पूजा के आयोजन के दौरान सभी पंडालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा की पंडालों में फायर सेफ्टी एवं सभी आवश्यक नियमों का पालन दुर्गा पूजा समिति वालें कर रहें है, की नहीं यह सुनिश्चित करें। साथ ही पूजा पंडालों में कोई भी बिजली का वायर खुला ना हो, ताकि शॉर्ट सर्किट की सम्भावना बिलकुल ना रहे। साथ पूजा समितियों द्वारा अवैध बिजली कनेक्शन नही लिया गया है यह भी सुनिश्चित करें। पूजा समिति तय सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित रूप से करें। सभी दुगार्पूजा पंडालों में फायर सेफ्टी के इंतजाम सुनिश्चित रूप से हो

दुगार्पूजा के दौरान बिजली सम्बंधित कोई अप्रिय घटना नहीं घटे।

# ब्रीफ न्यूज

## बासी जतरा मेले में चाऊमीन खाने से करीब 35 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं



संवाददाता । रांची

लातेहार। जिले के सदर थाना क्षेत्र के टेमकी गांव में जितिया पर्व पर लगे बासी जतरा मेले में चाऊमीन खाने से करीब 35 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं। उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार बच्चों की उम्र तीन वर्ष से 15 वर्ष के बीच है। समय पर इलाज होने के कारण सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।

संवाददाता । रांची




देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज दोपहर बाद रॉची पहुंचेंगे। श्री चौहान कल से रॉची में आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 को लेकर आज राजभवन में छात्रों से संवाद करेंगे।

## समृद्ध लीडरशिप अकैडमी में गुड पेरेंटिंग पर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता । रांची



रांची : समृद्ध लीडरशिप अकैडमी द्वारा आगामी 21 सितंबर को ह्लगुड पेरेंटिंगह्व विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में कक्षा 8 से लेकर सभी उम्र वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे ।अकादमी का मानना है कि कक्षा 8 के बाद बच्चों में नेतृत्व क्षमता (लीडरशिप क्वालिटी) विकसित होने लगती है। ऐसे में जहाँ अधिकतर अभिभावक अपने काम में व्यस्त रहते हैं, वहीं बड़े बच्चे अपने छोटे भाई-बहनों का मार्गदर्शन कर सकते हैं ।कार्यक्रम के दौरान कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को अकादमी की ओर से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा ।आयोजकों के अनुसार सेमिनार में भाग लेने के लिए सीटें पहले ही फुल हो चुकी हैं, लेकिन अतिरिक्त व्यवस्था के तहत आज से प्रतिभागियों को ?500 सेवा शुल्क के साथ अपनी बुकिंग कराने की सुविधा दी गई है ।यह आयोजन बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है, क्योंकि इसमें पारिवारिक मूल्यों और लीडरशिप के गुणों पर विशेष फोकस रहेगा।

## रांची में तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो शुरू, अत्याधुनिक सैन्य तकनीक का होगा प्रदर्शन

संवाददाता । रांची

रांची : राजधानी रांची में आज से डिफेंस एक्सपो की शुरूआत हो रही है। देश की तीनों सेनाओं के अध्यक्ष (उज्र) जनरल अनिल चौहान आज दोपहर करीब 3 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उनके आगमन के साथ ही खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय ईस्ट टेक सिम्पोजियम (डिफेंस एक्सपो) का शुभारंभ किया जाएगा, जो 19 से 21 सितंबर तक चलेगा ।इस दौरान रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां और प्रदर्शन देखने को मिलेंगे। एक्सपो में अत्याधुनिक सैन्य उपकरण, हथियार प्रणालियां और नई रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा ।डिफेंस एक्सपो की तैयारियों के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पूरे आयोजन की जानकारी दी और उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया ।बता दें कि यह सिम्पोजियम पूर्वी भारत में रक्षा प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## मईया सम्मान योजना में गड़बड़ी का आरोप, सेविका सबाना खातून पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता । रांची

मांडर : मंडार प्रखंड के बांझीला पंचायत के पोखर टोली मुस्लिम मोहल्ला में मईया सम्मान योजना के सत्यापन कार्य में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। स्थानीय महिलाओं ने सेविका सबाना खातून पर लाभार्थियों के नाम हटाने और फर्जी जानकारी देने का आरोप लगाया है। यह मामला मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के जनता दरबार में उजागर हुआ, जो 11 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया था।

शिकायतकताओं ने बताया कि सेविका द्वारा सत्यापन में गलत जानकारी दर्ज की गई। सेहरून परवीन को पति का सरकारी नौकरीधारी बताया गया, वहीं जराबून खातून, रीता उरांव को पेंशन योजना से वंचित कर दिया गया। जमीला खातून, विकलांग सबनम खातून समेत कई महिलाओं का विधवा पेंशन भी रोक दिया गया।

इसके अलावा महिलाओं ने गंभीर आरोप लगाए कि आंगनबाड़ी केंद्र सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही खोला जाता है। सरकारी सामान जैसे सोलर लाइट, बर्तन, खेल सामग्री का उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है। बच्चों के लिए मिलने वाले अनाज को भी अपने पशुओं को खिलाया जा रहा है। इन शिकायतों को लेकर महिलाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा उपायुक्त के पास शिकायत लेकर जाएँगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया है। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी और लाभार्थियों को उनका हक दिलाया जाएगा।

# गुड़ाबांदा के सुदूरवर्ती गांव कारलाबेड़ा पहुंचे उपायुक्त, ग्रामीणों को आजीविका योजनाओं से जोड़ने पर दिया विशेष बल

**जमशेदपुर, संवाददाता**





जिला प्रशासन द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुड़ाबांदा प्रखंड के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत पहाड़ पर बसे कारलाबेड़ा गांव पहुंचे। वहीं लगभग 22 से 24 परिवारों वाला यह गांव लंबे समय से सड़क से वंचित है। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी और जिसपर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि गांव को न केवल सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। बल्कि अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे भी चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उपायुक्त ने मौके पर ही पदाधिकारियों को गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल मीनार निर्माण तथा सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए चेक डैम निर्माण आदि को लेकर निर्देश भी दिया। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल पेयजल की समस्या का समाधान होगा। बल्कि खेती योग्य भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि भी होगी। इस गांव में ग्रामीण अभी पारंपरिक खेती करते हैं।

उपायुक्त ने उन्हें नगदी फसल जैसे सब्जी उत्पादन, फल बागवानी, औषधीय पौधे आदि की ओर प्रोत्साहित भी किया। जिसपर उन्होंने कहा कि नगदी फसल से ग्रामीणों को बेहतर आमदनी होगी और जिससे आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही पशुपालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन जैसी योजनाओं से जुड़ने पर उन्हें नियमित आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त होगा। सड़क निर्माण से गांव तक एम्बुलेंस, शैक्षणिक सुविधाएं, बाजार से जुड़ाव और आपातकालीन सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। जल मीनार से सालभर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। जिससे जलजनित बीमारियों में कमी आएगी।

चेक डैम बनने से वर्षा जल का संचयन होगा। भूमिगत जलस्तर बढ़ेगा और सिंचाई सुविधाएं बेहतर होंगी। नगदी फसल व पशुपालन से ग्रामीणों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे और पलायन की समस्या कम होगी। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होने से जीवन स्तर में समग्र सुधार होगा। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम गांवों तक विकास की सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कारलाबेड़ा समेत ऐसे गांवों की समस्याओं का सर्वे कर योजनाओं को प्राथमिकता से लागू करें। ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

# पति ने पत्नी की हत्या कर शव फेंका नदी किनारे

**पाकुड़, संवाददाता**



पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के तालडीह गणपुरा गांव में नदी किनारे मिली अज्ञात महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसपी निधि द्विवेदी में आज अपने कार्यालय में पत्रकारों को इस मामले की जानकारी दी। 6 सितंबर को स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने तालडीह गणपुरा गांव के पास नदी किनारे एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था। शव के सर और शरीर पर चोट के निशान थे, जिससे प्रथम दृष्टया यह अनुमान लगाया गया कि महिला की हत्या कर शव को छुपाने की नीयत से यहां फेंका गया था। पाकुड़िया थाना प्रभारी के आवेदन पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस की एसआईटी टीम ने जांच के दौरान मृतका की पहचान मुन्नी हेंब्रम के रूप में की।

शव की पहचान मृतका के पति ने की और उसने अंतिम संस्कार भी किया। जांच में यह भी पता चला की मृतिका के साथ आखरी बार रतन मढैया जो तालडीह गणपुरा गांव का निवासी है, देखा गया था। इस आधार पर पुलिस ने रतन बढ़िया को 11 सितंबर को लखीजोल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी रतन मढैया मैं कबूल किया कि उसकी मृतिका से प्रेम संबंध था और दोनों ने शादी कर ली थी। आरोपी ने बताया कि दिल्ली में साथ रहने के दौरान उसे अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक हुआ था। इस कारण दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ और वापसी के बाद एक झगड़े में आरोपी ने लोहे के कड़े से पत्नी के सिर पर वार किया, जिससे उसकी हत्या हो गई। उसके बाद आरोपी ने गला दबाकर और मारपीट कर उसकी हत्या सुनिश्चित की और शव को नदी किनारे फेंक दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस में लोहे का कड़ा, मृतिका का चप्पल और टूटा हुआ लाल रंग का बाला बरामद किया है। पुलिस अब वैज्ञानिक साक्ष्यो का संकलन कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## किसान वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**पाकुड़** : संयुक्त जिला कृषि भवन के आत्मा सभागार में किसान वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, पाकुड़ मृत्युंजय कुमार के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कृषि एवं आत्मा कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।किसानों को खरीफ के प्रमुख फसलों धान, मक्का,मड़ुआ , मूंगफली के प्रमुख खरपतवार, कीटों एवं रोगों तथा उनके उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को पशुपालन के तकनीक तथा पशुओं के प्रमुख बीमारियों तथा उनके उपचार की जानकारी दी गई। वरीय वैज्ञानिक विनोद कुमार द्वारा जिला के मिट्टी तथा उसके सुधार के उपायों पर चर्चा की गई। कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक सुरेन्द्र सिंह मुण्डा द्वारा कृषि यंत्रों के उपयोग के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के तकनीक किसानों को बताई गई। कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंडों के सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मु.शमीम अंसारी, प्रभारी उप परियोजना निदेशक सपन सोनल तिर्की एवं किसानों ने भाग लिया।

## पलाश जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा तीन दिवसीय पशु सखी आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

**रामगढ़, संवाददाता**



पलाश जेएसएलपीएस रामगढ़ के तत्वावधान में सभी प्रखंडों की पशु सखियों के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 9 सितंबर से 11 सितंबर 2025 तक गोला सीएमटीसी परिसर में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 48 पशु सखी दीदियों एवं IFSC (integrated farming cluster) एंकरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पशु सखियों को पशुपालन संबंधी तकनीकी जानकारी, पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन एवं आजीविका संवर्धन की उन्नत विधियों से अवगत कराना था। विशेष रूप से छोटे पशुओं जैसे बकरी एवं मुर्गी की देखभाल, बीमारियों से बचाव तथा मृत्यु दर को कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के सत्र आयोजित किए गए। व्यवहारिक प्रशिक्षण में पशु सखियों को पशुओं की जांच-पड़ताल, आहार प्रबंधन तथा टीकाकरण की विधियां practically सिखाई गईं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि, इस प्रकार के प्रशिक्षण से पशु सखियां गाँव-गाँव में जाकर समूह सदस्यों को समय-समय पर पशु-चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगी, जिससे ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने गाँव में आगामी तीन माह के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। पशु सखियों ने संकल्प लिया कि वे गाँवों में पशु स्वास्थ्य जागरूकता, टीकाकरण एवं पशुपालन प्रबंधन संबंधी गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएँगी। इस प्रकार तीन दिवसीय यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा रामगढ़ जिले में पशुपालन और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# प्रेशर में काम करना मेरे शब्दकोश में नहीं, अवैध कार्यों को रोकना गठित माइनिंग टास्क फोर्स की जिम्मेवारी

**रामगढ़, संवाददाता**



प्रशासनिक स्तर पर कानून का पालन हर हाल में जिला में हो और कानून के रक्षक हर हाल में जिला में कानून व्यवस्था को कायम रखें, इसको लेकर प्राप्त शिकायतों के आधार पर डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जो मेरे सरकारी तंत्र के माध्यम से, जिसे आप कुटिया तंत्र भी कह सकते हैं एवं विभिन्न क्षेत्रों से मुझे जो शिकायतें प्राप्त हो रही है उसके आधार पर मैंने जिला खनन टास्क फोर्स से जुड़े गठित टीम को यह कड़ा आदेश स्पष्ट रूप से दे रखा है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे अवैध खनन एवं अवैध कार्यों को रोकना उनकी जिम्मेवारी है। जिले के सभी महाप्रबंधक क्षेत्र में जितने भी अवैध खनन स्थल हैं, उनकी सूची महा प्रबंधक सीसीएल के द्वारा जिला कार्यालय को उपलब्ध होना चाहिए साथ ही साथ गठित टीम विभिन्न अवैध खनन स्थलों की निगरानी रखें, अवैध खनन कार्य न हो साथ ही साथ अवैध कोयले का भी व्यापार किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए और ना ही जिला के किसी भी फैक्ट्री में अवैध कोयला गिरना चाहिए। गठित टीम के द्वारा अवैध कोयले के व्यापार में अगर फैक्ट्री की मिली भगत है और जांच में सच्चाई पाई गई तो फैक्ट्री का रजिस्ट्रेशन रद्द हो सकता है। उन्होंने गठित टीम को आदेश देते हुए कहा कि अपने काम को ईमानदारी पूर्वक निभाएं,किसी से डरने की जरूरत नहीं है और प्रेशर में मैं काम नहीं करता और प्रेशर मेरे शब्दकोश में नहीं है। उन्होंने अवैध कार्य में लिप्त लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून को चुनौती देने की कोशिश ना करें अन्यथा उनका अंतिम विकल्प जेल ही होगा। रामगढ़ जिला अंतर्गत कुछ एक क्षेत्र से अवैध कोयला खनन एवं तस्करी संबंधित प्राप्त सूचनाओं पर उपायुक्त, रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज ने संज्ञान लिया है। इस संबंध में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को मुस्तैद रहकर अवैध कोयला खनन एवं तस्करी को रोकने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को भी इस पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश में कहा गया है कि अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने-अपने क्षेत्र में स्थल निरीक्षण कर अवैध कोयला खनन एवं तस्करी की जानकारी प्राप्त करें एवं कोई भी मामला प्रकाश में आने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। अपने दिए गए इंटरव्यू में भी डीसी ने बोल्ड और बेबाक होकर कहा था कि किसी भी कीमत पर नहीं चलने देंगे अवैध कार्य और ना अवैध खनन।

## कसमार में जागृति महिला संकुल की आम सभा आयोजित, मंत्री योगेंद्र महतो रहे मुख्य अतिथि

**बोकारो, संवाददाता**



कसमार प्रखंड अंतर्गत जागृति महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति, कसमार द्वारा गुरुवार को खैराचातर संकुल परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ की गई। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, कसमार प्रमुख नियोति कुमारी, कसमार इऊ्ड, उड, इढट खरछढर मनोज यादव, खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, विमल जायसवाल, सुरेंद्र महतो, कुलदीप करमाली, ज्ञानेश जायसवाल, गौतम और मिथलेश समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

सभा के दौरान संकुल की ओर से साल भर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें संगठन की गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि ह्लआज की महिला किसी से कम नहीं है। वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को नई दिशा देने में योगदान कर रही है। हमारी सरकार महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिसका लाभ सभी तक पहुंच रहा है।ह्व कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और सक्रिय रूप से भाग लिया।

## रामगढ़ की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़ी है आजसू पार्टी: नीरज मंडल

**रामगढ़, संवाददाता**

बीते दिन भारी बारिश के कारण से वार्ड नं 5, विद्यानगर के मुख्य प्रवेश सड़क के किनारे गार्ड वाल के नीचे से मट्टी निकल जाने की वजह से लगभग 7 फीट का गड्ढा हो जाने के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ' जिसकी सूचना विद्यानगर के वासियों ने आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल को समस्या से अवगत करवाया ' सूचना मिलते ही नीरज मंडल मौके विद्या नगर घटना स्थल पर पहुंच कर समस्या का जायजा लिया ओर तुरंत इसकी जानकारी विद्या नगर वासियों के साथ एक प्रतिनिधि मंडल छावनी अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद रामगढ़ उएड अनंत आकाश से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा ओर मौखिक सूचना ओर वीडियो दिखाई गई ' मौके पर छावनी अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने गंभीरता पूर्व समस्या को सुनते हुए अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें ताकि किसी भी कोई तरह की बड़ी कोई घटना ना हो सके ' मौके नीरज मंडल ने ceo को बताया कि यह मुख्य सड़क विद्या नगर होते हुए छोटकी मुर्राम से होते हुए बाजार टांड़ मैंन रोड को निकलती है ' ' ओर बच्चों की स्कूल वाहन का भी आना जाना लगा रहता है ' गार्ड वाल के नीचे पानी की तेज बहाव से आगे भी मिट्टी को काटती जा रही है ओर गार्डवाल लटकता जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है ' इस मांग पत्र को लेकर आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के साथ , रामकुमार साहू, आदि थे।

## सीसीएल ढोरी, बीएडके और कथारा एरिया में कोयले का मूल्य तय करती है सेल कमेटी

**बेरमो, संवाददाता**

**प्रबंधन का वास्ता नहीं : राजीव कुमार**

सीसीएल की ओर से कोयले की ओपन सेल खोली जाती है। इसमें डीओ धारक स्वेच्छा से बिडिंग करते हैं। इसमें प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। अगर कहीं कोई शिकायत मिलती है, तो उसमें प्रबंधन प्रशासन से सहयोग लेता है। सेल कमेटी से प्रबंधन का कोई लेना देना नहीं है। डीओ धारक ज्यादा दर पर कोयला बिडिंग करते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक सुरक्षा देकर कोयला उठाव में मदद की जाती है। उक्त बातें परियोजना अधिकारी राजीव कुमार कहा।

सीसीएल में कोयले की दर अप्रत्यक्ष रूप से कुछ कोलियरियों में संचालित सेल कमेटी तय करती है। लेकिन तय दर से ज्यादा मूल्य पर कोयला खरीदने वालों को कोलियरियों से कोयला उठाव में बाधा उत्पन्न किया जाता है। इसका ताजा उदाहरण सीसीएल ढोरी एरिया की अमलो परियोजना में देखने को मिल रहा है। यहां सेल कमेटी ने डीओ धारकों को 5900 रुपए प्रतिटन से कोयला उठाव करने की दर तय कर दी है। इससे ज्यादा दर पर अगर कोई डीओ धारक कोयला खरीदता है, तो उसे भी सेल कमेटी की ओर से तय दर पर ही कोयला बेचने को कहा जाता है। अन्यथा कोयला उठाव में अड़ंगा डालते हैं। वर्तमान में कुछ डीओ धारकों ने यहां 6230 रुपए प्रति टन दर से कोयला का डीओ लगाकर कोयला खरीदा है। लेकिन उन्हें कोयला उठाव करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीओ होल्डर ने कहा कि 22 सितम्बर से प्रतिटन 30 रूपए रेट बढ़ जायेगा। इस मामले में प्रशासन व प्रबंधन भी फेल हो चुका है। अब डीओ धारकों व सेल कमेटी के बीच गुप्त समझौता चल रहा है। इसमें डीओ धारक अपने कोयला सेल कमेटी को बेचने को तैयार हैं। जबकि सेल कमेटी अभी भी अपनी मांग पर अड़ा है। विदित हो कि लिफ्टर राहुल कुमार को अमलो सेल कार्यालय में लोगों ने मारपीट की। इसको लेकर राहुल कुमार ने बेरमो थाना में आवेदन भी दिया है। दूसरे पक्ष के लोगों ने अपने बचाव के लिए बेरमो थाना मैं आवेदन दिया है। अब सूत्र बताते हैं कि सेल कमेटी के लोग डीओ धारकों को कोयला खरीद दर से 300 रुपए कम रेट देकर कोयला उठाव करने का आदेश देने को तैयार हैं। ज्यादा रेट पर डीओ लगाने पर कोयले का उठाव करने नहीं देते हैं सेल कमेटी के लोग।कम दर तय करने के कारण कंपनी को होता है भारी नुकसान।

## पाकुड़ जिले में तीन दिवसीय राजस्व शिविर का समापन

**पाकुड़, संवाददाता**



पाकुड़ जिले में तीन दिवसीय शिविर में सभी अंचलों से दाखिल खारिज के कुल 92 आवेदन प्राप्त किए गए । रजिस्टर 2 सुधार हेतु कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 28 आवेदन का निष्पादन किया गया है, लंबित आवेदन 74 है। भू-मापी सीमांकन हेतु कुल 0 आवेदन प्राप्त हुए है। भू- लगान संग्रह 445 रुपया 25 पैसा किया गया। जाति, आय एवं निवास से संबंधित कुल 799 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 597 आवेदन का निष्पादन किया गया है, लंबित आवेदन 202 है। विविध मामले में कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 26 आवेदन का निष्पादन किया गया, लंबित आवेदन 21 है। सभी लंबित आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए हर माह दो बार तीन दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय शिविर का उद्देश्य आमजनों को उनके निकटतम अंचल में ही राजस्व से संबंधित सेवाएं प्रदान करना। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिल रही है। अब उन्हें बार-बार अंचल कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि आवेदन स्थल पर ही स्वीकार किए जा रहे हैं और नियमानुसार निष्पादन किया जा रहा है। ग्रामीण वर्षों से लंबित भूमि विवाद और नामांतरण जैसे मामलों को लेकर परेशान थे लेकिन अब उन्हें पंचायत स्तर पर ही सुविधा मिल रही है।

# एसएसपी ने जिले में पदस्थापित थानेदारों का किया तबादला, आलोक दुबे बने बिस्टुपुर के नये थानेदार

**जमशेदपुर, संवाददाता**





एसएसपी पीयूष पांडे के आदेश पर गुरुवार की सुबह जिले के कई थानेदारों का तबादला इधर से उधर कर दिया गया है। जिसके तहत पुलिस निरीक्षक आलोक दुबे को बिस्टुपुर का नया थानेदार बनाया गया है। वहीं साइबर अपराध थाने के पुलिस निरीक्षक प्रवेश चंद्र सिन्हा को कदमा थाने की कमान सौंपी गई है। जिसके बाद दोनों ने अपना-अपना प्रभार भी ग्रहण कर लिया है। इसी तरह बिस्टुपुर थाना प्रभारी उमेश ठाकुर को मुसाबनी का अंचल निरीक्षक नियुक्त किया गया है। जबकि सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद को बिस्टुपुर साइबर अपराध थाने में तबादला कर दिया गया है। साथ ही गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार का तबादला साइबर थाने में कर दिया गया है। मानगो यातायात थाना प्रभारी बंधन भगत का भी साइबर अपराध थाने में तबादला कर दिया गया है। वहीं जुगसलाई यातायात थाना प्रभारी मधुसूदन डे को सोनारी का थानेदार बनाया गया है। बिस्टुपुर साइबर अपराध थाने से पुलिस निरीक्षक संजय सुमन को गोलमुरी का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। साइबर थाने से पुलिस निरीक्षक हरिऔंध करमाली को मानगो यातायात थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। अंचल निरीक्षक मुसाबनी संजय जनक मूर्ति को जुगसलाई का यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है। डुमरिया थाना प्रभारी एसआई सुगना मुंडा को एमजीएम थाना भेजा गया है। गुड़ाबांदा थाना प्रभारी राजीव कुमार-2 को गोलमुरी पुलिस केंद्र भेजा गया है। धालभूमगढ़ थाना प्रभारी एसआई मो. अमीर हमजा को कदमा थाना भेजा गया है। गालूडीह थाना प्रभारी एसआई कुमार इंद्रेश को बिस्टुपुर थाना भेजा गया है। बरसोल थाना प्रभारी एसआई चंदन कुमार को मानगो थाना भेजा गया है। साकची महिला थाना प्रभारी मंजूश्री कुंकल को घाटशिला महिला थाने भेज दिया गया है। जुगसलाई थाने में पदस्थापित एसआई रुपा पाल को साकची महिला थाने की कमान सौंपी गई है। गोलमुरी पुलिस केंद्र से एसआई पवन कुमार-1 को धालभूमगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है। कदमा थाने में पदस्थापित एसआई अंकु कुमार को गालूडीह का नया थानेदार बनाया गया है। वहीं थानेदार के रुप में यह उनकी पहली पोस्टिंग है। मानगो थाने में पदस्थापित एसआई अभिषेक कुमार को बरसोल थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिस्टुपुर थाने में पदस्थापित एसआई कुमार सुमित यादव को गुड़ाबांदा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एमजीएम थाने के एसआई पंचम तिग्गा को डुमरिया थाना प्रभारी बनाया गया है।

## राज्यपाल ने किया वरिष्ठ पत्रकार दीपक सवाल की दो पुस्तकों का लोकार्पण

**बोकारो, संवाददाता**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राजभवन में बोकारो के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक दीपक सवाल की दो नई पुस्तकों बोकारो दर्शन और डॉ. ए.के. झा का धरा गगन सिद्धांत का लोकार्पण किया। इस अवसर पर लेखक की पत्नी मिठू कुमारी, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, समाजसेवी सह अधिवक्ता सुजीत कुमार और वरीय पत्रकार मनोज कुमार कपरदार मुख्य रूप से मौजूद थे। राज्यपाल ने दोनों पुस्तकों की सराहना करते हुए लेखक को शुभकामनाएँ दीं। लेखक ने धरा गगन सिद्धांत को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया। मौके पर लेखक ने राज्यपाल को अपनी पूर्व प्रकाशित कृतियाँ भी भेंट कीं। डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि दीपक सवाल की अब तक प्रकाशित दर्जनाधिक पुस्तकों ने पाठकों को जागरूक किया है और ये दोनों कृतियाँ भी समाज और संस्कृति का जीवंत दस्तावेज साबित होंगी। बोकारो दर्शन पुस्तक जिले के 93 स्थलों को समेटे हुए है, जिनमें धार्मिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व के स्थान शामिल हैं। लेखक का मानना है कि यदि इन स्थलों का संरक्षण हो तो बोकारो पर्यटन का नया केंद्र बन सकता है। वहीं, डॉ. ए.के. झा का धरा गगन सिद्धांत मौसम विज्ञान की एक धरोहर है, जिसमें पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का समन्वय प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में घाघ और खना की उक्तियों के माध्यम से मौसम विज्ञान को सरल भाषा में समझाया गया है। लेखक ने केंद्र और राज्य सरकार से आग्रह किया कि इस पुस्तक का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, ताकि यह जनहित में अधिक से अधिक लाभकारी साबित हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### गढ़वा मे जायट्स ग्रुप सहेली ने लगाया विशेष स्टाल



गढ़वा : जिले में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने गुरुवार को जायंट्स सेवा सप्ताह की शुरूआत की। इस अवसर पर मेन रोड स्थित विजय जनरल स्टोर के पास विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां मजदूरों के बीच गमछों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य मेहनतकश वर्ग को सहयोग देना और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता केसरी ने की। इस दौरान फाउंडर अध्यक्ष, फेडरेशन की पूर्व पदाधिकारी रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष माला केसरी, रितु जायसवाल, निवर्तमान अध्यक्ष रंजना जायसवाल, उपाध्यक्ष वंदना सोनी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, रीना सोनी, रीना केसरी, पल्लवी पुंज और बिमला केसरी मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर मजदूरों को गमछा बांटकर समाजसेवा का संदेश दिया।

### जीएन कान्वेट स्कूल मे हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस



गढ़वा : स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के हिंदी विभाग की देखरेख में हुआ, जिसके नोडल प्रभारी शिक्षक कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक व शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की। निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हिंदी वह भाषा है जो पूरे राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया था। हिंदी अपनी सहजता और मधुरता से करोड़ों लोगों को जोड़ने का कार्य करती है। इस अवसर पर निबंध, भाषण, पेंटिंग और कविता वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों विरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विकास कुमार, दिनेश कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, अभय कुमार, ऋषभ कुमार, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### डीजल आटो चालक सघ ने स्टैड परिसर मे पहली बार किया विश्वकर्मा पूजा



पलामू: पलामू में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति और उत्साह के साथ की गई। इस वर्ष, झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने भी पहली बार ऑटो स्टैंड परिसर में विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर, संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। इनमें प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह, पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी, और पलामू अध्यक्ष रामाकांत दुबे प्रमुख थे। श्री मुकेश पाठक ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई, जिसमें श्री विश्वकर्मा बाबा का आवाहन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पूजा में मंटू तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा, बिजेंद्र कुमार, अमरदीप सिंह, सीमा कुमारी ,विनीता देवी, सतीश दुबे सहित सैकड़ों ऑटो चालकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने वाहनों की पूजा कर सुरक्षित यात्रा और समृद्धि की कामना की। इस समारोह में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह ऑटो चालकों के बीच आपसी भाईचारे और एकजुटता को भी मजबूत करता है।

### जीएसटी के कारण स्कार्पियो हो सकता आउट आफ स्टाकः आकर्ष आनद

पलामू : महिंद्रा के अधिकृत विक्रेता आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने बताया कि आगामी 22 सितंबर से होने वाले जीएसटी में बदलाव के कारण ग्राहक बड़ी संख्या में गाड़ियों की बुकिंग कर रहे हैं लेकिन लिमिट स्टॉक के कारण ग्राहकों को वेटिंग भी करनी पड़ सकती है। आकर्ष आनंद ने बताया हमारे यहां आकलन से तीन गुना बुकिंग की संभावना है। खासकर स्कॉर्पियो क्लासिक और स्कॉर्पियो ठ में ग्राहकों की रुचि अत्यधिक ज्यादा देखने को मिल रही है। कंपनी के प्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया जीएसटी घटना के कारण अचानक गाड़ियों का डिमांड काफी बढ़ गया है। इसलिए 21 तारीख तक सभी लोग जिनका पहले बुकिंग हुआ है वह अपनी-अपनी गाड़ियों का कागजात कंप्लीट कर ले रहे हैं ताकि 22 तारीख को नई जीएसटी दर लागू होते के साथ डिलीवरी ले सके अन्यथा स्टॉक आउट होने पर लंबा इंतजार करना पड़ सकता। एक सवाल के जवाब में श्री श्रीवास्तव ने बताया हम लोगों के पास 20 तारीख को नया ॅ२३ दर कंपनी द्वारा आ जाएगा इसलिए हमारे निदेशक आकाश आनंद ने निर्णय लिया है जो लोग 21 तारीख को भी गाड़ी लेंगे उन्हें नई जीएसटी दर पर ही गाड़ियां मिलेंगी।

### खराब सड़क मे फसे दो ट्रक



बालूमाथ : बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंगलोईया ग्राम के समीप सड़क में बने गड्ढे की वजह से दो ट्रक फंस गए ।जिस कारण करीब दो घण्टे तक परिचालन बाधित हो गया । बड़ी गाड़ियां की लंबी लाइन लग गयी ।मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ खलारी मुख्य पथ का सड़क निर्माण का कार्य उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है ।जिसमें मारंगलोइया ग्राम में कई महीनो से पिच रोड को उखाड़ कर उसे छोड़ दिया गया है ।जिस कारण पूरी सड़क मिट्टी नुमा हो गई है । और उसमें बड़ी गाड़ियों की चलने की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हल्की सी भी बारिश होने की स्थिति में इन गड्ढों में पानी भर जाता है । और पता नहीं चल पाता की सड़क पर कितने गड्ढे बने हुए हैं।

# संदिग्ध वीडियो में एएसआई घूस लेते पकड़े गए, एसपी ने किया निलंबित

संवाददाता

पलामू : पलामू के नावाबाजार थाना अंतर्गत रात्रि गश्ती दल का एक संदिग्ध वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पलामू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। गत 16 सितंबर को वायरल वीडियो में गश्ती दल के प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक राजेश बैठा को एक ट्रक चालक से अवैध धनराशि लेते हुए देखा गया। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को व्हाट्सएप के माध्यम से मिली थी। जांच के लिए मामला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विश्रामपुर को सौंपा गया।

जांच रिपोर्ट में वीडियो की पुष्टि हुई और इसे अनुशासनहीन तथा संदिग्ध आचरण माना गया। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने गुरूवार को राजेश बैठा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, नावाबाजार थाना में पहले से तैनात पूरे सशस्त्र बल को पुलिस केंद्र बुलाने और उनकी जगह नए जवानों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है।

पलामू पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी पुलिस अधिकारी और कर्मी की संदिग्ध गतिविधि या शिकायत हो तो कंट्रोल रूम नंबर 7070452955 पर तुरंत सूचना दें। शिकायत की जांच वरीय पदाधिकारी की ओर से की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## दुर्गा मंडल रोल महुआ मिलान के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

संवाददाता

लातेहार : दुर्गा मंडल रोल, महुआ मिलन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष प्रतुल शाह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी की समीक्षा की गई ।पंडाल निर्माण कार्य पूरे युद्ध स्तर पर चल रहा है ।इस बार का मुख्य आकर्षण लाल किले के थीम पर बन रहा पंडाल होगा। लाल किले की प्राचीर से लहराता हुआ तिरंगा भी दिखेगा ।इसके अलावा इस बार जतरा को भी भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा और जतरा के दौरान की व्यवस्था और सुरक्षा एवं अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सुर्यनाथ सिंह,रमेश गुप्ता, आशीष सिंह, सत्यपाल घटवार, अनिल गुप्ता ,कोलेसर यादव,शंभु घटवार, बल्कू मुंडा,हेमंत चावड़ा,बासुदेव प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद सर्किल कार्यालय की जर्जर स्थिति पर डीआईजी नौशाद आलम ने जताई गहरी चिंता



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

पलामू : पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने मंगलवार को हुसैनाबाद सर्किल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हुसैनाबाद थाना व सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी आलम ने सर्किल कार्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी सर्किल कार्यालयों का निरीक्षण किया गया है, उनमें हुसैनाबाद का भवन सबसे खस्ताहाल है। उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक बताया और इसके शीघ्र समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर पत्राचार कर भवन निर्माण की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

डीआईजी ने सर्किल इंस्पेक्टर विनोद राम को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए संसाधनों के सही उपयोग और प्रशासनिक कार्यों में गति लाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना और सर्किल कार्यालय की अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## ट्रैक्टर हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

संवाददाता



लातेहार : मनिका थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र के रांकिकला पंचायत अंतर्गत उचवाबाल गांव की है। ट्रैक्टर दुर्घटना में सफेंद्र परहिया उम्र 29 की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। स्थानीय लोगों ने इसका सूचना मनिका थाना को दिया। सूचना मिलने ही मनिका पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब चार बजे सफेंद्र परहिया ट्रैक्टर लेकर बालू लोड करने के लिए औरंगा नदी में जा रहा था। इसी दौरान फजहत परहिया के घर के दीवार में ट्रैक्टर से टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद फजहत परहिया बाहर निकले तो देखा कि सफेंद्र परहिया जमीन में गिर पड़ा है। उन्होंने ने मृत युवक का पानी भी पिलाने का प्रयास किया। लेकिन पहले ही युवक की मृत्यु हो गई थी। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर संजय शुक्ला की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि एनजीटी लागू होने के बाद भी ट्रैक्टर मालिकों ने बेखौफ औरंगा नदी से रात को बालू उठाव करते है। इसके वजह से यह घटना हुई है। वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना को लेकर मनिका थाना के सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र साहू ने बताया कि सफेंद्र परहिया की मौत ट्रैक्टर से ही हुई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल

बालूमाथः एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेरहंज में अज्ञात वाहन के धक्के से विनोद भुइयां 28 वर्ष पिता चलितर भुईंया ग्राम हिरूम थाना हेरहंज निवासी घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद सड़क पार कर रहा था । इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं सर में गंभीर चोट लगने की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## बालूमाथ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी बालूमाथ निवासी सह एसडीएम प्रवीण सिंह,डॉ अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं में जागरूकता पोषण की स्थिति सुधारना नियमित स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देना है ।अगर घर की नारी स्वास्थ्य रहे तो पूरे परिवार में खुशियाली रहता है ।वही डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न गांव में महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समय की जरूरत है। मौके पर जिप सदस्य प्रियंका देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रेम गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजित किए गए कार्यक्रम की सराहना किया। मौके पर कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त

संवाददाता



लातेहार : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में माननीय उच्च न्यायालय में दायर लंबित वादों से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित लंबित वादों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा की गयी और इनके शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई से लंबित वादों का शीघ्र निपटारा किया जाए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्युत शक्ति उपकेंद्र में धूमधाम से की गई विश्वकर्मा पूजा



संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के तसतबार ग्राम स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र में विश्वकर्मा पूजा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाई गई। इस अवसर पर विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई ।एवं पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई ।सारा दिन परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा ।पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था की गई थी। मौके बिजली मिस्त्री रिंकेश साव ने बताया कि गुरुवार को हवन और पूजन कार्य के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा ।मौके पर बिजली कर्मी अरुण साव, बालो साव, सुधीर नायक, विजय कुमार यादव, धीरेन्द्र पांडे, अशोक उरांव, मुनेश्वर उरांव, जितेंद्र यादव, दीपक मेहता। रिंकेश कुमार जितेंद्र कुमार भोला साव सहित दर्जनों कर्मी मौजूद रहे. वही विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भंडारे के आयोजन किया गया. इस दौरान पूरी सब्जी बुंदिया का वितरण किया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

संवाददाता



रजरप्पा। दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को रजरप्पा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने की। बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बड़कीपोना में 3 अक्टूबर को और पूरे चितरपुर प्रखंड में 2 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन करने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस और प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा तो उसपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक का संचालन झारखंड आंदोलनकरी नेता चंद्रशेखर पटवा ने किया। बैठक में दुलमी की जिप सदस्य प्रीति दीवान, चितरपुर प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, उपप्रमुख अरशद उल्लाह, सीआई अमित करमाली, एसआई रंजीत महतो व संजय सिंह, मुखिया भानूप्रकाश महतो, अरविंद सिंह, उर्मिला देवी, मंजूर खान, जगदीश महतो, मलेश्वर नायक, रवींद्र चौधरी, संतोष पोद्दार, अयोध्या प्रसाद वर्मा, दिवाकर नायक, हाजी बशीर अंसारी, तारा प्रसाद, शैलेश चौधरी, सुधीर अकेला, विक्की कुमार, आकाश पोद्दार, शिवम पोद्दार, जयंत पोद्दार सहित कई लोग शामिल थे।

### खेलो झारखड के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

लातेहार : खेलो झारखंड के तहत मनिका हाइ स्कूल के मैदान में गुरुवार को प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिप सदस्य बलवंत सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने द्वीप प्रज्वलित कर खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, दौड़, गोला फेंक,भाला फेंक, उच्ची छलांग, लंबी छलांग आदि खेल का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन होने से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं खेल को खेल भावना से खेलेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

## आर.के. पब्लिक स्कूल मंझिआंव में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन

संवाददाता



मंझिआंव : आर.के. पब्लिक स्कूल, उचरी मंझिआंव में छात्रों और कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन हुआ। रेफरल अस्पताल मंझिआंव से आए चिकित्सा दल ने कुल 295 छात्रों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के उपाय बताए। मौखिक रोग, नेत्र समस्याएँ, मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल के कर्मचारियों की भी स्वास्थ्य जांच की गई।

चिकित्सा दल में डॉ. विशाल कुमार मिश्रा, डॉ. वी.पी. सिंह, नेत्र सहायक सरोज कुमारी, ए.एन.एम. मंजू कुमारी और सी.एच.ओ. राम किशोर शामिल थे। प्रधानाचार्य के.आर. झा ने चिकित्सा दल का स्वागत पौधा देकर किया और कार्यक्रम के लिए समय देने हेतु धन्यवाद ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि शेष छात्रों की जांच के लिए यह शिविर 25 और 26 सितंबर 2025 को पुनः आयोजित होगा। स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडे ने चिकित्सा दल भेजने के लिए रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ का आभार व्यक्त किया और छात्रों के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया साफ सफाई अभियान

संवाददाता



बालूमाथ : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान चलाया गया। आयोजित सफाई अभियान में पूरे अस्पताल परिसर में फैले कचरे को भाजपा कर्ताओ ने सफाई किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वही सांसद प्रतिनिधि प्रेम गुप्ता ने कहा नरेंद्र मोदी की सोच है स्वच्छ भारत जिसे हर नागरिक को अपनाते हुए अपने आस-पास साफ सफाई रखना चाहिए। मौके पर रामकुमार गुप्ता, संजय यादव,रघुनन्दन सोनी, अखलेश भोक्ता, विजय यादव,दिलमनी यादव बबलू गुप्ता समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्णिया में विधायक की समीक्षा बैठक

# मोदी की ऐतिहासिक जनसभा की सफलता पर जताया आभार, कार्यकताओं ने लिया घर-घर जनसंपर्क का संकल्प

दबंग हिन्द,संवाददाता

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ऐतिहासिक पूर्णिया जनसभा की गूंज अब भी सीमांचल की धरती पर महसूस की जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा जनसंपर्क कार्यालय, पूर्णिया में विधायक विजय खेमका ने सभी मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों और मंडल प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

**विधायक विजय खेमका ने कहा कि—**पूर्णिया की धरती पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि जनता विकास और विश्वास की राजनीति चाहती है। यह जनसभा विपक्ष के झूठे प्रचार और नकारात्मक राजनीति को करारा जवाब थी। मोदी जी और एनडीए की नीतियों पर जनता का विश्वास अटूट है।



**जनसभा से जनता हुई अभिभूत:** खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन और विकास की सौगातों से सीमांचल की जनता बैग-बागह्न है। लाखों लोगों ने जिस तरह मोदी जी के विकास संकल्प को अपनाया, उसने यह साबित कर दिया कि जनता का दिल सिर्फ मोदी और एनडीए सरकार के साथ है।

**हर घर तक पहुँचेगा विकास संदेश:** बैठक में कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे हर दिन, हर घर जाकर जनता को मोदी और नीतीश सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। विधानसभा विस्तारक संजय दास ने जानकारी दी कि भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**गांव-गांव घूमेगा विकास रथ:** विधायक विजय खेमका ने घोषणा की कि विधानसभा क्षेत्र में एक विकास रथ चलाया जाएगा, जो गांव-गांव जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि– विपक्ष केवल भ्रम फैलाने और झूठ बोलने में लगा है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई बताएंगे। मोदी-नीतीश सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य है।

**बैठक में उपस्थित दिग्गज:** समीक्षा बैठक में शामिल मंडल अध्यक्षों ने भी विशाल रैली के अनुभव साझा किए और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

इस मौके पर मंडल प्रभारी और पदाधिकारी– चंदन पासवान, विजय माझी, मंगल पोद्दार, पानो देवी, मनोज सिंह, गोपाल सिन्हा, मनोज गोश्वामी, अजित सिन्हा, राजेश चौरसिया, श्रवण मंडल, गणेशी साह, ज्योतिष ठाकुर, डॉ. मनोज साह तथा सभी महामंत्री मौजूद रहे। पूर्णिया की यह बैठक केवल समीक्षा नहीं, बल्कि आने वाले दिनों की रणनीति का खाका थी। मोदी-नीतीश सरकार की उपलब्धियों को लेकर कार्यकताओं का जोश और जनता का अटूट विश्वास इस बात का संकेत है कि– सीमांचल अब विकास की राजनीति को अपनाकर सशक्त भारत झ्र समृद्ध बिहार की राह पर अग्रसर है।

## एक नजर

### सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक फैक्टनेब की जीत, अनुदान के बदले वेतन-पेंशन की राह अब साफह्नः प्रो. अरुण गौतम



**पटना।** शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की चिरलंबित मांग– अनुदान के स्थान पर वेतन और पेंशन–को लेकर चल रहा संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में बिहार सरकार की याचिका (SLP) खारिज होने के बाद फैक्टनेब संगठन ने इसे शिक्षाकर्मियों की बड़ी जीत करार दिया है।

संगठन के मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने कहा कि यह सफलता सड़क से सदन और पटना उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक फैक्टनेब की पैनी नजर और निरंतर संघर्ष का परिणाम है।

**सुप्रीम कोर्ट में निर्णायक पैरवी:** फैक्टनेब ने सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया और अनिमेष कुमार सिंह की अहम भूमिका का ज़िक्र करते हुए आभार जताया। प्रो. गौतम ने कहा कि इन अधिवक्ताओं की मजबूत दलीलों ने सरकार की दलीलों को खारिज कर दिया और शिक्षकों की मांग को न्यायिक ताकत मिली। उन्होंने प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य और सहयोगी शिक्षाकर्मियों का भी धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से यह कानूनी लड़ाई सफल हो सकी।

**विधान परिषद व शिक्षा समिति का योगदान:** प्रो. गौतम ने विशेष रूप से बिहार विधान परिषद के सभापति, उपसभापति और शिक्षा समिति के सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समिति द्वारा सरकार को अनुदान की जगह वेतन की अनुशंसा करना शिक्षकों की लड़ाई में एक ऐतिहासिक कदम है। साथ ही विधान पार्षद डॉ. नवल किशोर यादव और डॉ. संजीव कुमार सिंह समेत अन्य पार्षदों की सक्रिय भूमिका को उन्होंने निर्णायक बताया।

**फैक्टनेब ही असली लड़ाकू मोर्चा:** प्रो. अरुण गौतम ने तीखे अंदाज में कहा– कुछ लोग फैसले के बाद नई-नई बातें कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट में आदेश आने से पहले उनकी भाषा अलग थी। शिक्षकों को यह समझना होगा कि असली लड़ाई केवल फैक्टनेब लड़ रहा है और धरातल पर हर स्तर पर दबाव बना रहा है। उन्होंने दोहराया कि फैक्टनेब किसी भी हालात में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी गंभीरता और मजबूती से संघर्ष करता रहेगा।

**एकता ही जीत की कुंजी:** प्रो. गौतम ने अपील की कि सभी शिक्षकझ्रशिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्य अपने मतभेदों को भुलाकर फैक्टनेब के प्रयासों की मुख्यधारा से जुड़ें।

**हम हैं साथ-साथ के नारे के साथ उन्होंने कहा—** अभी तो यह अंगड़ाई है, बाकी अभी लड़ाई है। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला शिक्षकों के लिए नई उम्मीद की किरण लेकर आया है। फैक्टनेब के अनुसार अब वेतन और पेंशन की संभावना पहले से अधिक प्रबल हो गई है। प्रो. अरुण गौतम का संदेश साफ है– संघर्ष अभी जारी है, और यह तभी सफल होगा जब पूरा शिक्षाकर्मी समाज एकजुट होकर अपनी आवाज को और बुलंद करेगा।

### आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ।** विष्णुगढ़ प्रखंड के इंटर महाविद्यालय स्थित मैदान में गुरुवार को आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल वा संचालन कुसुंभा पंचायत के पूर्व मुखिया दामोदर महतो ने किया। जिसमे मुख्य रूप से 20 सितंबर 2025 दिन शनिवार को रेल टेका डहर छेका को सफल बनाने के लिए चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जयप्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि हमलोग पहले भी आदिवासी में थे और आज भी हैं सिर्फ हम लोगो को आदिवासी की सूची में सूचीबद्ध कराना है. और इसी की मांग को लेकर आदिवासी कुड़मी समाज पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रहा है लेकिन हम लोगों की मांग को अनसुनी किया जा रहा है। जिसके चलते आज आदिवासी कुडमी समाज रेल टेका डहर छेका करने के लिए बाध्य है। बैठक में मुख्य रूप से प्रेमचंद महतो सुशील कुमार महतो बक्सपूरा पंचायत के मुखिया नंदलाल महतो लालधन महतो मुकेश कुमार रूपलाल महतो हेमलाल महतो संतोष कुमार महतो गंगाधर महतो महेंद्र महतो कोलेश्वर महतो रूपेंद्र महतो महादेव महतो रामलाल महतो छत्रधारी महतो गुलाब शंकर महतो तुलसी महतो पूर्व मुखिया रीतलाल महतो बिनोद कुमार उत्तम महतो सुनील कुमार हेमलाल महतो टहल महतो इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अराधना में उमड़े लोग, विधायक व डीएसपी ने टेका मत्था



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चौपारण।** चैय विश्वकर्मा समाज द्वारा पाण्डेयबारा आरापगार स्थित पौराणिक ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर में भव्य पूजा समारोह का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के कई प्रखंड से बढ़ई समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथलेश्वर प्रसाद राणा ने किया। और संचालक बच्चू कुमार राणा ने किया। मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव, को चय विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष मिथिलेश्वर सचिव डोमन राणा और कोषाध्यक्ष भीखन राणा ने बुके और अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

डीएसपी अजीत कुमार विमल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रदेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष विकास राणा, जेएमएम नेता बिनोद विश्वकर्मा सहित सभी अतिथियों को चय विश्वकर्मा समाज ने बुके और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। अतिथियो ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सुख शान्ती व समृद्धि की कामना की।

स्वागत भाषण देते हुए सचिव डोमन राणा ने कहा कि हमारे समाज मे जागरूकता बढ़ रहा है। डोमन राणा ने उपस्थित अतिथियो को सामाजिक व मंदिर विकास से सम्बंधित समस्याओं से अतिथियो को अवगत कराया। इससे पूर्व चैय विश्वकर्मा के पदाधिकारियो ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया।

## हाजी शकील सैफी और बेगम रूबिना सैफी ने कुरान शरीफ बाँट कर मनाया मोदी साहब का 75वां जन्मदिन

### बच्चों की दुआओं और महफि ल-ए-केक से गूँजा सदर बाजार

दबंग हिन्द,संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहब के 75वें यौमे-पैदाइश पर दिल्ली में एक अनूठा जश्न-ए-मीलाद जैसा माहौल देखने को मिला। इस मौके पर हाजी शकील सैफी (चेयरमैन, वर्ल्ड पीस हार्मनी व सीईओ सैफी हॉस्पिटल) और उनकी धर्मपत्नी रूबिना शकील सैफी (चेयरमैन, सैफी तालीमी मदरसा) ने मदरसों के नौनिहालों के दरमियान कुरान शरीफ और तौफे तकसीम किए।

उन्होंने हाथ उठाकर दुआ की -खुदा मोदी साहब को लंबी उम्र दे, और मुल्क-ओ-कौम की तरक्की में उनका सफर इसी तरह जारी रहे।



**सदर बाजार में महफिल:** उधर वर्ल्ड पीस हार्मनी के कौमी सेक्रेटरी बाबू दीन और दिल्ली प्रदेश महासचिव नजमा मजीद अली की सरपरस्ती में रूई मंडी पटरी, टूटी चौक, सदर बाजार में मोदी साहब के जन्मदिन पर शानदार महफि ल-ए-केक सजाई गई।

तौफा सिर्फ किताब नहीं, पैगाम-ए-वफा भी यह कार्यक्रम सिर्फ यौमे-पैदाइश की खुशी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका असली पैगाम मोहब्बत, अमन और कौमी यकजहती का रहा। कुरान शरीफ की तिलावत और जन्मदिन के केक का संगम भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का आइना बन गया। हाजी शकील सैफी और उनकी धर्मपत्नी रूबिना सैफी ने प्रधानमंत्री मोदी साहब के 75वें जन्मदिन को दुआ, तौफा और मोहब्बत की महफि ल में तब्दील कर दिया।

## प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार झा ने दिए कदाचारमुक्त परीक्षा के निर्देश



**मुरलीगंज।** केपी कॉलेज में 19 सितंबर से स्नातक चौथे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने गुरुवार को आयोजित बैठक में सभी शिक्षकों और कर्मियों को कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखना कॉलेज प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## यू वी के कॉलेज कड़ामा में रेमेडियल कोचिंग का शुभारंभ

# प्राचार्य डॉ. माधवेंद्र झा बोले झ्र कमजोर छात्रों को मिलेगा व्यक्तिगत मार्गदर्शन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**कड़ामा /मधेपुरा।** यू वी के कॉलेज, कड़ामा में शनिवार को रेमेडियल कोचिंग की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. माधवेंद्र झा ने किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का मकसद शैक्षिक रूप से कमजोर छात्रों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है, ताकि वे कठिन विषयों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। डॉ. झा ने कहा कि सबसे पहले निदानात्मक परीक्षा के जरिए छात्रों की कमजोरियों का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर प्रत्येक छात्र के लिए अलग-अलग शिक्षण योजना बनाई जाएगी। नियमित निगरानी और व्यक्तिगत मार्गदर्शन से छात्रों की प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि रेमेडियल कोचिंग कक्षाएं अवकाश अवधि में आयोजित होंगी, जिससे नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। कोचिंग में शैक्षिक ऐप्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मल्टीमीडिया संसाधनों का उपयोग कर छात्रों को आधुनिक तरीके से पढ़ाया जाएगा। प्राचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अहम हिस्सा है। इसका उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाना और रोजगार योग्य क्षमता विकसित करना है। इस मौके पर डॉ. झा ने कुलपति डॉ. विमलेंदु शेखर झा के मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि ह्लभूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अब केवल शिक्षा और परीक्षा का केंद्र न रहकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की उत्कृष्टता के लिए पहचाना जाए, यही लक्ष्य है।

## डीवीसी कोनार डैम में स्वच्छोत्सव का शुभारंभ

**विष्णुगढ़।** डीवीसी कोनार डैम स्वच्छोत्सव के तहत स्वच्छता शपथ परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने अपने पूरी टीम के साथ कॉन्फ्रेंस हॉल में लिया। स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। 17 से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कर्मचारियों के बीच सलोगन प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों के बीच ड्राइंग कंपटीशन, कार्यालय और आस पास परिसरों में सफाई, श्रमवीरों को सम्मान आदि के कार्यक्रम होंगे। मौके पर प्रबंधक असैनिक गोपाल महतो, रबी रंजन, चंद्रशेखर प्रसाद, डॉक्टर बी एन मंडल, सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार, मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक, उच्च विद्यालय के बी के महतो, हॉस्पिटल के अमन टोप्पो, विवेक केरकेट्टा, दिनेश किस्कू, राकेश भास्कर, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक सम्पन्न

# एआईएसएचई डाटा में अव्वल रहा मुंगेर विश्वविद्यालय 25 सितंबर तक रोस्टर क्लियरेंस का आदेश

दबंग हिन्द,संवाददाता

**पटना।** उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को मदन मोहन झा सभागार में राज्य के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा सचिव अजय यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व शिक्षा सचिव एवं सलाहकार बैधनाथ यादव तथा निदेशक प्रो. नवीन कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

**मुंगेर विश्वविद्यालय की सक्रिय भागीदारी:** बैठक में मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, उपकुलसचिव द्वितीय डॉ. अंशु कुमार राय एवं अधीनस्थ कर्मचारी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने एजेंडा बिंदुओं पर अपनी बात रखी और विभागीय निदेशों पर आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत की। 13 बिंदुओं पर चर्चा, 25 सितंबर तक रिपोर्ट अनिवार्य बैठक में कुल तेरह बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए रोस्टर क्लियरेंस की प्रक्रिया पूरी कर 25 सितंबर तक सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया। उपयोगिता प्रमाण पत्र (UC) प्रस्तुत करने में ढिलाई बरतने वाले विश्वविद्यालयों को शीघ्र कार्रवाई का आदेश दिया गया। एआईएसएचई डाटा में मुंगेर विश्वविद्यालय अव्वल निदेशक प्रो. नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन (AISHE) फॉर्म भरने में मुंगेर विश्वविद्यालय ने राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



**उन्होंने कहा—** एआईएसएचई डाटा भरने में मुंगेर विश्वविद्यालय को पुरस्कार मिलना चाहिए। हालाँकि, उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने में विश्वविद्यालय पीछे रहा है, जिस पर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक ने स्पष्ट किया कि बिहार के पारंपरिक विश्वविद्यालयों को प्रशासनिक पारदर्शिता, समयबद्ध कार्य और शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। मुंगेर विश्वविद्यालय जहाँ एआईएसएचई डाटा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, वहीं अब उसे उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की दिशा में सुधार करना होगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर अररिया से गूँजा सेवा पखवाड़ा का संदेश

### सांसद ने किया स्वस्थ नारी –सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत, वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान से दिया जनजागरण का संदेश

दबंग हिन्द,संवाददाता

**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन (17 सितम्बर) को अररिया जिला अस्पताल परिसर में सेवा और समर्पण का अद्वितीय संगम देखने को मिला। सीमांचल के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने यहां स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार विशेष अभियान का शुभारंभ करते हुए गरीब माताओं-बहनों के स्वास्थ्य संरक्षण और परिवार सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।




**सांसद ने अपने संबोधन में कहा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन गरीब, पीड़ित, वंचित और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित है। यह विशेष अभियान नारी शक्ति को सशक्त कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा।

**महिलाओं के स्वास्थ्य से परिवार की मजबूती:** इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद माताओं-बहनों को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है, बल्कि उन्हें सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर सशक्त बनाना भी है। जिला अस्पताल में आयोजित इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, स्वास्थ्यकर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**सेवा पखवाड़ा:** वृक्षारोपण और स्वच्छता का संदेश 17 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिला अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद स्वच्छता अभियान में शामिल होकर उन्होंने आमजन को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। सांसद ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका हालचाल भी जाना और सेवा भाव का परिचय दिया।

**कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति:** इस अवसर पर जिला सिविल सर्जन डॉ. के.के. कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय झा, जिला महामंत्री आकाश राज, राजा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अररिया जिला अस्पताल से शुरू हुआ यह अभियान न सिर्फ महिलाओं के स्वास्थ्य को नई दिशा देगा, बल्कि पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति भी लोगों को जागरूक करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा, समर्पण और संकल्प के रूप में मनाने की यह पहल सीमांचल की धरती से एक सशक्त संदेश देती है कि–स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की नींव है।

# अररिया में बीपीएसआरए का धमाकेदार स्थापना दिवस एकजुटता, संस्कृति और परिवार का अद्भुत संगम

दबंग हिन्द,संवाददाता

**अररिया।** बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (बीपीएसआरए) अररिया यूनिट ने सोमवार को अपना पहला स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया।

यूनिट सचिव विकास कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

**दीप प्रज्वलन और अतिथियों का स्वागत:** दीप प्रज्वलन में शामिल हुए –दीपक कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष (एनएफएसआरयू) मनोज कुमार सिंह, महामंत्री (बीपीएसआरए बिहार-झारखंड) अजीत कुमार, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुमन कुमार, अध्यक्ष (अररिया यूनिट) हिमांशु शेखर, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव प्रिंस कुमार ठाकुर, अध्यक्ष (फारबिसगंज यूनिट)।

सचिव विकास कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश:** अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा संगठन तभी मजबूत होगा जब सभी प्रतिनिधि एक साथ खड़े होंगे और तय कार्यक्रमों को पूरी जिम्मेदारी से अमल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार प्रदेश में पहली बार स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, जो दवा प्रतिनिधियों के लिए गर्व की बात है।




**बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां:** स्थापना दिवस को खास बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। विजेताओं को संस्था की ओर से उपहार और सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन भोज के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिनिधि और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**हाइलाइट्स:–**

बीपीएसआरए अररिया यूनिट का पहला स्थापना दिवस

राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार का एकजुटता पर जोर

परिवारों की भागीदारी, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियाँ

विजेताओं को मिला सम्मान और पुरस्कार

स्वादिष्ट भोज से हुआ कार्यक्रम का समापन

कन्हैया कुमार, गुरुदेव कुमार, शेखर झा समेत दर्जनों कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका अररिया का यह स्थापना दिवस महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एकजुटता, सांस्कृतिक उत्सव और सामाजिक रिश्तों का संगम बनकर इतिहास में दर्ज हो गया।

## पुलिस मुख्यालय द्वारा आवंटित मोटरसाइकिल को हरी झंडी दिखाकर थाना के लिए किया गया रवाना

संवाददाता

**कोडरमा** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड रॉची द्वारा आवंटित 20 मोटरसाइकिल को अनुदीप सिंह (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हरी झंडी दिखाकर थानो क लिए रवाना किया गया। इन मोटरसाइकिलों को विशेष रूप से विधि-व्यवस्था को बनाए रखने, गश्ती व्यवस्था को गति देने तथा अपराध पर शीघ्र नियंत्रण के उद्देश्य से उपलब्ध कराया गया है। मोटरसाइकिलों के मिलने से थाना में पुलिस बल की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित होगी और आपातकालीन घटनाओं पर समयबद्ध कार्रवाई संभव हो सकेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन मोटरसाइकिलों का सदुपयोग कर जनता में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करें तथा अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नियमित गश्ती दलों को इन मोटरसाइकिलों पर तैनात किया जाए और प्रत्येक थाना क्षेत्र में गश्ती मार्ग का निर्धारण कर उसका पालन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय,कोडरमा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि इस मोटरसाइकिल का उपयोग लोक हित में तथा ट्रेफिक नियमों के पालन में किया जाएगा। विभिन्न थाना/ओ0पी0 में निम्न प्रकार मोटरसाइकिल वितरित की गई है :- 1.कोडरमा थाना- 04 मोटरसाइकिल 2. तिलैया थाना- 04 मोटरसाइकिल 3. चन्दवारा थाना- 02 मोटरसाइकिल 4. नवलशाही थाना- 02 मोटरसाइकिल 5. मरकच्चो थाना- 02 मोटरसाइकिल 6. जयनगर थाना- 02 मोटरसाइकिल 7. सतगावां थाना- 02 मोटरसाइकिल 8. डोमचांच थाना- 01 मोटरसाइकिल 9. तिलैया डैम ओ0पी0- 01 मोटरसाइकिल। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक(मु0), दिवाकर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक(प्रशु0), परिचारी प्रवर, कोडरमा, पु0नि0 माईका एवं डोमचांच अंचल, सभी थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।



## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

संवाददाता

डोमचांच थाना अंतर्गत ग्राम गोलावाढाब मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। जहां पर ग्रामीणों ने काफी उत्साह पूर्वकहर अपने-अपने वाहनों की पूजा की। यहाँ लगभग 20 वर्षों से विश्वकर्मा भगवान का प्रतिमा स्थापित कर पूजा करते आ रहे हैं। पुरानी कथाओं के अनुसार हर साल 17 सितंबर को सृष्टि के आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है जो कन्या संक्रांति के दौरान होती है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इसमें मुख्य रूप से ट्रक मालिकों का योगदान होता है। पूजा पंडाल में खरकोटा पंचायत मुखिया उमेश यादव, शंभू यादव, राजेश यादव, सुखदेव यादव, पंकज यादव,अजय यादव, महेश यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, गणेश यादव इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।



## मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में पूजा-अर्चना के साथ भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

संवाददाता

**डोमचांच :** मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी डोमचांच मे विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। संस्था के निदेशक रजनीश शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पण कर व जोत जलाकर विधिवत रूप से पूजा का आरम्भ किया। वही विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार साव ने पूजा मे मुख्य भूमिका निभाई7 वहीं पूजा को विधिवत रूप से भालचंद्र पाण्डेय द्वारा संपन्न करवाया गया। पूजा मे शिक्षक ,ड्राइवर , उपड्राइवर, कर्मचारी आदि सभी ने भाग लिए 7पूजा के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी ड्राइवरो तथा उपड्राइवरो मनोज कुमार, विजय यादव, वकील सिंह, अशोक कुमार, मदन साव, संतोष कुमार,राजू कुमार, राजू राणा आदि को एक- एक टी - शर्ट भेंट की गई 7 पूजा समापन के बाद विधालय प्रबंधन द्वारा प्रसाद वितरण तथा खाने-पीने की व्यवस्था की गई।



## निशुल्क स्वास्थ्य एवं योग शिविर का आयोजन

संवाददाता

मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसडीह, पंचायत-चोपनाडीह , प्रखंड मरकच्चो, कोडरमा में गुरुवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर प्रभारी आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार कोडरमा के निर्देश पर आयोजित किया गया इस शिविर में ओस्टियोआर्थराइटिस , मांसपेशियों में दर्द,जोड़ों में दर्द,पैरों में दर्द, घुटने में दर्द,सूजन का निःशुल्क इलाज किया गया। इस शिविर में 170 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा का लाभ उठाएं। इस शिविर में घुटना दर्द,एडी का दर्द,कमर का दर्द, साइटिका के रोगी बहुत ज्यादा पाया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ ब्रजेश कुमार वर्मा, डॉ सूर्य प्रकाश सैनि, डॉ राहुल कुमार,डॉ मुकेश कुमार, डॉ दीपक कुमार दीपक,डॉ वेद प्रकाश सिंह का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा। इस शिविर में चिकित्सा के कार्य के साथ-साथ योगा सेशन में सुनील कुमार,रिंकी कुमारी ,भरत विश्वकर्मा, सिकंदर कुमार यादव के द्वारा घुटनों के दर्द,कमर दर्द,एड़ी में दर्द,साइटिका का योग एवं एक्यूप्रेशर करवा कर तुरंत लाभ दिया गया। इस शिविर में मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, शिक्षक शिव शंकर यादव ,सहिया कपूरा देवी, संतोषी कुमारी, सफाई कर्मी उर्मिला देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार कोडरमा द्वारा इस शिविर का निरीक्षण किया गया।



## डीवीसी केटीपीएस में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

संवाददाता

जयनगर डीवीसी केटीपीएस मे स्वच्छता ही सेवा थीम के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस अवसर पर तकनीकी भवन, केटीपीएस में स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख, केटीपीएस ने की। इस शपथ समारोह में वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिकों ने भाग लिया, जिनमें मानस नस्कर, महाप्रबंधक (केटीपीएस फेज-ब्बब्ब); अजय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सिविल); सुखमोय नायक, उपमहाप्रबंधक (एचआर); पंकज झा, पीवीओ; लक्ष्मीकांत मंडल; कल्पतरु बनिक; सुरज पटनायक सहित अन्य डीवीसीअंस उपस्थित रहे। समारोह ने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सतत पर्यावरणीय प्रथाओं की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया, जो राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के अनुरूप है।




# प्रेमी से पति की हत्या कराने वाली पत्नी सहित हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

संवाददाता

**कोडरमा :** तिलैया डैम ओपी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जमकटी बरसोतियाअहर के निकट मैदान में एक शव पाया गया है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रभारी, तिलैया डैम ओपी दल-बल के साथ सूचना स्थल पर गये, जहॉ शव कि शिनाख्त गोवर्धन साव पिता- स्व. शिबू साव उर्फ रामु साव, साकिन- चमगुदोखूर्द, थाना- जयनगर(तिलैया डैम ओपी),जिला- कोडरमा के रूप में हुई। इसी बीच मृतक के भाई विजय साव (वादी), पिता- स्व. शिबू साव उर्फ रामु साव, साकिन- चमगुदोखूर्द, थाना- जयनगर(तिलैया डैम ओपी),जिला- कोडरमा द्वारा यह लिखित आवेदन दिया गया कि उनके भाई गोवर्धन साव की हत्या अज्ञात लोगों द्वारा सर कुचल कर दी गयी है तथा उसका शव जमकटी बरसोतियाआहर के निकट मैदान में पाया गया है। वादी के उक्त आशय के लिखित आवेदन के आधार पर जयनगर (तिलैया डैम ओपी) थाना कांड संख्या- 213/25 दिनांक- 17.09.2025 धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस दर्ज कर अनुसंघान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए कांड का उद्भेदन, घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के द्वारा रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक(मु), कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए मानवीय एवं तकनिकी साक्ष्यों तथा गुप्तचरों की सहायता से महज चार घंटो के अंदर कांड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी की गयी, जिसमें से एक मृतक की पत्नी बबीता देवी है, जो अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बतायी कि वह अपने प्रेमी अजय पासवान जो उसी के घर के बगल का रहने वाला है, उससे एवं उसके एक चचेरे भाई नितीश कुमार पासवान द्वारा अपने पति की हत्या करवायी है, ताकि उसे अपने प्रेमी से मिलनें में कोई रूकावट नही रहें एवं अपने पति कि प्रतड़ना से मुक्ति मिल सके। इसी प्रकार गिरफ्तार अभियुक्त अजय पासवान द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि वह अपनी प्रेमिका बबीता देवी के कहने पर कि उसके पति(गोवर्धन साव) को रास्ते से हटा दो एवं इस काम में जो भी पैसा खर्च होगा वह मैं दुँगी तथा वह अपना बैक ऑफ इंडिया का एटीएम कार्ड पिन कोड सहित दी। जिसके बाद दिनांक- 16.09.2025 को देर शाम में अपने चचेरे भाई नितीश कुमार पासवान के सहयोग से मृतक(गोवर्धन साव) को मोटरसाइकिल पर बैठाकर जमकटी बरसोतियाआहर के निकट मैदान में ले गये, जहॉ उसे शराब पिलाये। जब वह शराब के नशे में धुत हो गया, तब उसके गले में गमछी लपेटकर एक छोर स्वयं पकड़े तथा दुसरा छोर उसका चचेरा भाई नितीश कुमार पासवान पकड़ा तथा गमछी को जोर से खींचकर उसका गला घोंट दिये। जब वह अचेत हो गया तब पास पड़े एक बड़े पत्थर को उठाकर उसके सर पर जोर से पटक दिया, जिससे उसका सर बुरी तरह कुचल गया तथा उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उसके पॉकेट से उसका मोबाइल निकल लिए तथा घटना में प्रयुक्त गमछी, पत्थर कुछ दुरी पर फेक दिये। जिसके बाद वहॉ से दोनो मोटरसाइकिल से अपने घर आ गये। घर आने के क्रम में मृतक का मोबाइल से सिम निकालकर अपने पास रख लिये तथा मोबाइल को रास्ते में तालाब में फेंक दियें। पुलिस द्वारा अभियुक्त अजय पासवान के पास से मृतक का सिम, बबीता देवी का एटीएम कार्ड, घटना के समय पहना हुआ कपड़ा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्व॥12स् 4747, मोबाइल बरामद किया गया है तथा इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गमछी, खुन लगा पत्थर तथा मृतक का एक जोड़ा चप्पल बरामद किया गया है। तिलैया डैम ओपी द्वारा कांड के अनुसंधान से संबंधित अग्रतर कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त

1. अजय पासवान, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- स्व0 राजकुमार पासवान, सा- चमगुदोखूर्द, थाना- जयनगर(तिलैया डैम ओपी), जिला- कोडरमा। 2. नितीश कुमार पासवान, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता- नागेश्वर पासवान, साकिन चमगुदोखूर्द, थाना- जयनगर(तिलैया डैम ओपी) जिला- कोडरमा 3. बबीता देवी, पति- स्व गोवर्धन साव, सा- चमगुदोखूर्द, थाना- जयनगर(तिलैया डैम ओपी) जिला- कोडरमा है। जप्त समाग्री मृतक के मोबाइल में लगा हुआ सिम कार्ड। ज़ बबीता देवी का एटीएम कार्ड।ज़ घटना के समय अभियुक्तो का पहना हुआ कपड़ा ज़ हत्या में प्रयोग किया गया पत्थर एवं गमछा,ज़ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या- छ्व॥12स् 4747 ज़ अभियुक्तो का विभिन्न कंपनियो का मोबाइल- 03ज़ मृतक का चप्पल। छापामारी दल में शामिल अधिकारीज़ रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक(मु0), कोडरमा। पु0नि0 सुजीत कुमार, माईका अंचल कोडरमा। ज़ पु0अ0नि0 प्रेम कुमार, तिलैया डैम ओ0पी0 थाना प्रभारी। ज़ पु0अ0नि0 अभिमन्यु पडिहारी, तकनिकी शखा प्रभारी कोडरमा।ज़ पु0अ0नि0 धनेश्वर कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी।ज़ सशस्त्र बल , तिलैया डैम ओपी थे।





## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**टंडवा :** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपुर्ण मनाएं जाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनो समुदाय के प्रबुद्ध व गन्यमान लोग के अलावे पूजा समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार तथा संचालन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने किया।आयोजित बैठक में मुख्य रुप से थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनायें जाने का निर्णय लिया। जहां थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के 16 जगहों पर मनायें जाने वाले दुर्गा पूजा की क्रमवार जानकारी ली।मुख्य रुप से टंडवा समेत धनगडा मिश्रौल तेलियाडीह खधैया सेरनदाग सराढु बड़गांव राहम आदि जगहो पर आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान आयोजित कार्यक्रमो की जानकारी लेते हुए कई दिशा निर्देश दिया।एसडीपीओ श्री बरवार ने दोनो समुदाय के लोगो से अफवाह एंव भ्रामक खबरों पर ध्यान नही देने के साथ उपद्रवी तत्वो पर नजर पड़ते ही इसकी सुचना पुलिस प्रशासन को देने की बात कही। साथ ही मेला व पंडाल मे सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा अग्नि शमन रखने, पंडाल में जाने के लिए महिला पुरुष का अलग व्यवस्था करने, पंडाल मे सुरक्षित बिजली वायरिंग कराने, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भड़काऊ व अश्लील गीत नही बजाने की बात कही। साथ ही शराबियों तथा हुडदंगियों से निपटने के लिए पुलिस मित्र का गठन किया जाएगा। कहा कि पूजा समिति को स्वयं सुरक्षा ध्यान देने, आगजनी से बचने के लिए हर पंडाल में बालू एकत्र कर रखने, सोसल मिडिया पर विवादित पोस्ट नही करने, अफवाहों से बचने, समय पर प्रतिमा विसर्जन करने, ज्वलन सील पदार्थ पूजा पंडाल में नही रखने, रात दस बजे के बाद डीजे नही बजाने समेत क्षेत्र में शांति सौहार्द स्थापित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर जिप सदस्य सुभाष यादव,देवंती देवी धनगडा मुखिया सह जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह, सरीता देवी,सीसीएल सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह, सुभाष दास,बनवारी साव, सुमन भारतीय, मंजुर आलम , उपेंद्र पांडेय , महाबीर साव ,बासुदेव बसंत , भागवत प्रसाद , नंदा थापा , रंजीत गुप्ता , रफुल अंसारी ,राजु यादव,प्रताप चौरसिया , कृष्णा भगत ललीत साव समेत कई लोग शामिल हुए।



## विशेष आधार शिविर से सैकड़ों लाभुकों को मिला लाभ




संवाददाता

मरकच्चो उपायुक्त कोडरमा के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो द्वारा मरकच्चो में छुटे हुए क्क्क्कअत्र वर्ग के लोगों/0-5 वर्ष के बच्चे/प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की महिलाए/पोषाहार अ।।क्रप्राप्त करने वाली महिलाए/स्कूल के बच्चे/आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार कार्ड बनाने हेतु दिनांक 30.08.2025 से 09.09.2025 तक विशेष आधार कैंप का आयोजन पंचायत भवन पपलो एवं दिनांक 10.09.2025 से 18.09.2025 तक पंचायत डगरनवां में किया गया।इस विशेष कार्य को प्रखंड स्तरीय आधार एनरोलमेंट ऑपरेटर राजेश कुमार के द्वारा किया गया।इस कैंप में सैकड़ों लाभुकों का आधार कार्ड बनाया गया। जिनसे कैंप से महिलाओं, पुरुषों एवं स्कूल के बच्चों को लाभ मिला।कैंप में पंचायत सहायक प्रकाश कुमार यादव एवं मंटू यादव शामिल रहे।

## ज्योति कलश रथ पहुंचा कोडरमा, विधायक डॉ नीरा यादव ने की पूजा अर्चना

संवाददाता

कोडरमा अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में सिद्ध गायत्री पीठ शांति कुंज, हरिद्वार में जल रही अखंड ज्योति के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ज्योति कलश रथ यात्रा पूरे भारत में जन जन तक पहुंच रही है। गुरुवार को ज्योति लेकर रथ कोडरमा पहुंची जहां कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने ज्योति और कलश का विधिवत पूजन किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और जीवन में गायत्री मंत्र का बहुत महत्व और प्रभाव है। इस दौरान विधायक आवास पर हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे भारतीय जीवन और संस्कृति में गायत्री मंत्र का बहुत बड़ा प्रभाव है। गायत्री मंत्र भारतीय अस्तित्व का प्राण है, जो जन जन को बौद्धिक चेतना प्रदान कर उसके मन और हृदय में वास्तविक शांति प्रदान करता है। वेदमाता गायत्री विश्व के कोटि कोटि आराधको के दैहिक, दैविक और भौतिक तापों को दूर करने का सशक्त साधन है। वहीं शीला बरनवाल ने कहा कि युगपुरुष आचार्य श्री राम जी ने शांतिकुंज, हरिद्वार की स्थापना की और वहां मां गायत्री एवं गायत्री मंत्र की उपासना करवायी। उन्होंने अपने पुरुषार्थ, त्याग और कठिन तपस्या से गायत्री मंत्र की साधना जन जन तक पहुंचाने और सभी को गायत्री परिवार से जोड़ने एवं सभी से मां गायत्री की उपासना करवाने का स्तुत्य तथा सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर यात्रा के नेतृत्वकर्ता अशोक बाबा, सुनीता बरनवाल, शिव कुमार बरनवाल, बिनोद कुमार मुन्ना, लखन कुमार, कुंती देवी, सुजाता देवी, मधु कुमारी, ललिता देवी, मधु देवी, वीना देवी, ममता बसंत, संजय सिंह, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



## अज्ञात नवजात शिशु के शव पचबहनी नाले में पड़ा हुआ मिला,

## घिनौनी हरकत को अंजाम देने वाली मामला प्रकाश में आया



संवाददाता

**सतगावां।** इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, मालूम की प्रखंड के सिहास में एक अज्ञात नवजात शिशु सिहास के पचबहनी नाला में पड़ा हुआ मिला।इस मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी बीच लोगों के द्वारा स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी गई।वहीं सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंचे सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने आपने दल बल के साथ पहुंचे और इंसानियत का परिचय देते हुए नवजात शिशु के शव को बाहर खुद निकाला।और नवजात शिशु विधिपूर्वक कपड़े में लपेट कर बहार निकला। इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि की अग्रिम कार्रवाई हेतु पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया।वहीं हर कोई व्यक्ति इस घटना को देखने और सुनने के बाद एक बार सहम सा गया है. बस मन में वह यही सोच रहा था कि आखिरकार कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है।ऐसी घिनौनी हरकत को अंजाम देने से पहले उसने एक बार भी नहीं सोचा।

## विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर न्यू फैशन कलेक्शन का उद्घाटन

संवाददाता

जयनगर प्रखंड के पिपचो चौक पर न्यू फैशन कलेक्शन का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने नारियल फोड़ कर फिता काटकर किया। जिप सदस्य ने कहा न्यू फैशन कलेक्शन खुलने से लोगों को सस्ते दर पर सामान उपलब्ध होगा जिसका लाभ सभी लोग लेंगे।न्यू फैशन कलेक्शन के प्रोपराइटर वाली यादव ने पूजा अर्चना किया। मौके पर मुखिया संख्या अध्यक्ष गणपत यादव, मुखिया इंद्रदेव यादव, मुखिया रामेश्वर यादव, मुखिया राजेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा, बाजो दास, उमेश यादव, सुंदर महतो, दीपक कुमार यादव, परमेश्वर यादव आदि लोग उपस्थित थे।



## जे एस एल पी एस स्तर 7 व स्तर 8 कर्मी दो दिन के सांकेतिक हड़ताल पर



संवाददाता

मरकच्चो ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित छ्वस्लक्क्र के कर्मी 18-19 सितंबर को कलमबंद सांकेतिक हड़ताल पर हैं। विदित हो कि छ्वस्लक्क्र के स्तर 7 व स्तर8 कर्मी विगत वर्षों से अपनी मांगे को सरकार के समक्ष रखते रहे हैं पर इनके प्रति सरकार का मंशा साफ नहीं है और इनके किसी भी मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है इसी को लेकर छ्वस्लक्क्र स्तर 7 व स्तर8 कर्मी आंदोलन की राह पर निकल पड़े हैं। महासंघ के पदाधिकारियों के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों के तहत आंदोलन जारी रहेगा जब तक मांगे पूरी नहीं होगी। इधर प्रमंडलीय सचिव सह जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार व संघर्षमंत्री सह जिला महामंत्री अंजनी कुमार अपने अपने ब्लॉक में कलमबंद सांकेतिक हड़ताल के रूप में सभी का मॉनिटरिंग करते नजर आए। बाकी जयनगर ब्लॉक नोडल दिगम्बर शर्मा,चंदवारा ब्लॉक नोडल रितेश कुमार, सतगावां ब्लॉक नोडल अनंत पांडे,डोमचांच नोडल गौरीशंकर यादव,सदर ब्लॉक नोडल सह जिला कोषाध्यक्ष रविरंजन शर्मा, जिला नोडल पंकज कुमार चौधरी शांतिपूर्ण तरीके से अपने अपने ब्लॉक/जिला में दो दिवसीय कलमबंद सांकेतिक हड़ताल का सफलतापूर्वक आगाज व संचालन किए। यह कार्यक्रम अगले 19 सितम्बर तक जारी रहेगी।

## ब्लू डायमंड लाइन होटल का हुआ उद्घाटन

**सतगावां :** गांवा सतगावां मुख्य पथ पर प्रखंड के खुट्टा स्थित मध्य विद्यालय तमोलिया पुल के समीप बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर ब्लू डायमंड लाइन होटल का उद्घाटन जिप सदस्य नीतू कुमारी व अन्य अतिथियों के द्वारा रिबन काट कर किया गया।उद्घाटन समारोह में जीप सदस्य ने बताया कि इस तरह के लाइन होटल खुलने से बेहतरीन भोजन मिलता जिससे से प्रखंड और दूर दराज से आए लोगों के लिए सुविधा मिलती है। वहीं संचालक ने बताया है कि यहां खाने-पीने के तमाम व्यंजन उपलब्ध होंगे,होटल में भेजे नॉनवेज चनीज डिशेस आदि यहां 24 घंटा उपलब्ध कराया जाएगा,एवं होम डिलीवरी की भी सुविधा 24 घंटा उपलब्ध रहेगा। वहीं उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, पूर्व मुखिया मथुरा यादव, रामोतार चौधरी, श्रीकांत यादव,नरेश यादव, अनिल यादव,मुखिया अमर कुमार, सिकंदर यादव, रामबचन यादव, ऋतुराज कुमार, मनोज भगत, अन्य लोग उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया का वित्तीय समावेशन जागरुकता शिविर का आयोजन




भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार 23 सितम्बर से सतगावां प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय समावेशन सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत बैंक ऑफ इंडिया सतगावां शाखा के सौजन्य से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में वित्तीय समावेशन जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि23सितंबर को पंचायत भवन माधोपुर,25 सितंबर को पंचायत भवन कटैया एवं 26सितंबर को पंचायत भवन मीरगंज में शिविर आयोजन किया जाएगा।इन शिविरों में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत नए खाते खोले जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में नामांकन किया जाएगा। इसके अलावा बंद खातों को पुनः सक्रिय करने के लिए रिकेवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।वहीं बैंक ऑफ इंडिया सतगावां शाखा के शाखा प्रबंधक ने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन को सफल बनाएं व सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# नेपाल का जेन-जी आंदोलन और दक्षिण एशिया का जनविद्रोह मॉडल



डॉ हिदायत अहमद खान

> इन तीनों देशों के तख्तापलट आंदोलन पर विश्लेषणात्मक दृष्टि डालते हैं तो मालूम चलता है कि इनके जरिए राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर युवा शक्ति का उदय हुआ। इन तीनों ही आंदोलनों में युवाओं, खासकर छात्रों और जेन-जी पीढ़ी नेतृत्व करती नजर आई। इन आंदोलनों में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई। आधुनिक सूचना तंत्र के तौर पर सोशल मीडिया भीड़ जुटाने में सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ है।

नेपाल में भले ही ओली की अप्रत्याशित विदाई के साथ ही पूर्व जस्टिस सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाल ली है, लेकिन यहां हालात सामान्य होने में अभी कुछ वक्त और लगेगा। वजह साफ है कि जिस जेन-जी की वजह से तख्तापलट हुआ उसे खुश कर पाना फिलहाल किसी के वश की बात नहीं है। ऐसा कहना इसलिए सही लगता है क्योंकि इससे पहले बांग्लादेश में युवाओं ने जिस तरह से शेख हसीना की सत्ता को उखाड़ फेंका था और उसके बाद प्रमुख सलाहकार यूनुस वाली अंतरिम सरकार ने सब कुछ अपने हिसाब से करने की कोशिश की, लेकिन उससे आंदोलनकारी छात्र खुश नहीं हो सके। अब गाहे-बगाहे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ भी आवाजें उठती सुनाई और दिखाई दे जाती हैं। वैसे भी यह वह समय है जिसमें दक्षिण एशिया ही नहीं बल्कि दुनियां के अधिकांश देश राजनीतिक उथल-पुथल के दौर से गुजर रहे हैं। दुनियां की तमाम शक्तियां जंग के झमेले में उलझी नजर आ रही हैं।

यहां भारत के पड़ोसी देशों की ही बात कर लें तो श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल में जनता के खासतौर पर युवाओं के असंतोष ने सरकारों को परिणाममूलक घेराव किया है। तीनों देशों में आंदोलन की शैली, युवाओं पर आधारित जनसहभागिता और सत्तात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए इसे एक जनविद्रोह मॉडल की संज्ञा दी जाने लगी है। इस मॉडल में सोशल मीडिया की भूमिका, युवा शक्ति की भागीदारी और आर्थिक-सामाजिक असंतोष की गहरी जड़ें साफ झलकती हैं। यहां विचार करने वाली बात यह भी है कि यह विद्रोह दो-चार दिन में पैदा नहीं हुआ, बल्कि लगातार सुनवाई नहीं होने और संकट के विकराल रुप लेने से उपजा था। युवाओं को उचित शिक्षा के साथ ही समय पर रोजगार न मिलना और सरकार द्वारा उनका लगातार तिरस्कार करना भी एक प्रमुख कारण रहा है। तिरस्कार इस बावत कि नेता और अधिकारियों के अधिकांश बच्चे तो विदेशों में पढ़ते और अपना बेहतर भविष्य बनाते नजर आए, लेकिन देश में रहने वाले युवाओं की ओर किसी का ध्यान ही नहीं गया। इससे कुंठित युवा वर्ग एकजुट होता चला गया और धीरे-धीरे उनका विरोध जनविद्रोह मॉडल तक पहुंच गया।

यहां सर्वप्रथम श्रीलंका के जनआंदोलन की बात कर लेते हैं, जो कि आर्थिक तबाही से सत्ता पलट तक चला। दरअसल श्रीलंका में हुआ साल 2022 का जनआंदोलन



एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ था। तब राजपक्षे सरकार की आर्थिक नीतियां फेल होती हुई दिखीं थीं, जिस कारण देश में कर्ज.संकट सामने आया। इसके चलते विदेशी मुद्रा भंडार का खात्मा होता हुआ दिखाई दिया और लोगों पर सीमा से परे भार पड़ता दिखाई दिया। परेशान लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर आ गए। कहते हैं जब जनता किसी सत्ता के खिलाफ सड़क पर आ जाती है तो उसका सामना करने की ताकत किसी मानवीय शक्ति में तो नहीं ही होती है। यही वजह थी कि श्रीलंका के हालात इस कदर बिगड़े कि प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन तक पर कब्जा जमा लिया। इस आंदोलन के बाद राष्ट्रपति राजपक्षे को देश छोड़कर विदेश भागना पड़ गया था। राष्ट्रपति के पलायन के साथ ही सत्ता परिवर्तन का दृष्य सामने आया। इस आंदोलन की खासियत की बात करें तो यह स्वस्फूर्त, नेतृत्वविहीन और सोशल मीडिया पर आधारित था, जो कि जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैला।

श्रीलंका के जनआंदोलन से थोड़ा हटकर बांग्लादेश का छात्र आंदोलन रहा है। दरअसल यह आंदोलन आरक्षण व्यवस्था से शुरू हुआ और देखते ही देखते सरकार के खिलाफ हिंसक बगावत में तब्दील हो गया। यहां बताते चलें कि साल 2024 में बांग्लादेश में शुरू हुआ छात्र आंदोलन सरकारी नौकरियों में आरक्षण (कोटा) के विरोध में खड़ा किया गया था। शेख हसीना सरकार को शुरू में लगा था कि छात्रों को समझा-बुझाकर या दबाव बनाकर रास्ते में ले आएंगे, लेकिन पुलिस ने जब कठोर कार्रवाई शुरू की तो यही आंदोलन जनविद्रोह का रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते लाखों युवा सड़कों पर उतर आए और शेख हसीना सरकार को जड़ से उखाड़ दिया। प्रारंभ में यह आंदोलन विश्वविद्यालय परिसरों से शुरू हुआ जो पूरे देश में फैल गया। शांतिपूर्ण आंदोलन कब हिंसक रुप अख्तियार कर लिया समझ से परे रहा और इसमें सैकड़ों मौतें हुईं और इस कारण सरकार गिरती दिखी। तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण लेना पड़ी। जेल में कैद राजनीतिज्ञों की रिहाई के साथ ही अंतरिम सरकर बनी जिसके प्रमुख सलाहकार यूनुस को बना दिया गया।

कुछ ऐसी ही तस्वीर हाल ही में नेपाल में भी बनती देखी गई, जबकि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार के खिलाफ जेन-जी (26 वर्ष से कम उम्र के युवा) सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के विरोध में सड़कों पर उतर आए। इन आंदोलनकारी युवाओं ने संसद को घेरने और सरकारी भवनों पर कब्जे करने से लेकर हागजनी की घटनाओं को भी खूब अंजाम दिया। आंदोलनकारी युवाओं और पुलिस के बीच हुई झड़पों में हुई मौतों ने आग में घी डालने का काम किया। गुस्साए आंदोलनकारियों ने न सिर्फ नेताओं के बंगलों और सरकारी संस्थाओं में आगजनी कि बल्कि सुप्रीम कोर्ट तक को आग के हवाले कर दिया। इस उग्र आंदोलन को देख कर किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सोशल मीडिया प्रतिबंध, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मामला इतना खतरनाक मोड़ पर आ जाएगा कि तख्तापलट करके रख देगा। सोशल मीडिया प्रतिबंध के बावजूद युवा लामबंद हुए और संसद और राजधानी काठमांडू को घेरने में कोई कोताही नहीं की। परिणाम स्वरुप ओली पर इस्तीफे का दबाव बना और देश में राजनीतिक अस्थिरता सामने आ गई।

इन तीनों देशों के तख्तापलट आंदोलन पर विश्लेषणात्मक दृष्टि डालते हैं तो मालूम चलता है कि इनके जरिए राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर युवा शक्ति का उदय हुआ। इन तीनों ही आंदोलनों में युवाओं, खासकर छात्रों और जेन-जी पीढ़ी नेतृत्व करती नजर आई। इन आंदोलनों में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई। आधुनिक सूचना तंत्र के तौर पर सोशल मीडिया भीड़ जुटाने में सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ है। इन तीनों ही देशों में राजनीतिक असंतोष का विस्फोट किसी एक मुद्दे को लेकर शुरू हुआ और क्रमशः आर्थिक संकट, कोटा और सोशल मीडिया प्रतिबंध ने एक तरह से सूखी घांस में चिंगारी गिराने का काम किया। इस आग में घी डालने का काम भीतर ही भीतर लंबे समय से युवाओं के मन में दबा गुस्से ने किया। तत्कालीन सरकारें युवाओं को आंदोलन के रास्ते जाने से रोक भी सकती थीं, लेकिन उसके लिए संवाद बहुत जरुरी होता है। यहां बातचीत के रास्ते बहुत हद तक बंद कर दिए गए थे। सरकार और सुरक्षा-तंत्र से कठोर प्रतिक्रियाएं मिलती देख आंदोलन भड़का। पुलिस गोलीबारी, इंटरनेट प्रतिबंध, कर्फ्यू और गिरफ्तारियों जैसी कार्रवाइयों ने आंदोलनों को भड़काने में मदद की। इन कारणों ने सरकार की उपलब्धता और वैधता पर सवाल खड़े कर दिए। परिणाम तख्ता पलट के तौर पर सामने आए, जिससे अन्य राष्ट्रों को सबक लेने की आवश्यकता है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि युवाओं के लिए जहां शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर तलाशे वहीं देश के समस्त नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही साथ रोटी-कपड़ा और मकान का माकूल इंतजाम करे। इससे देश में अराजकता फैलने से बचेगी और जो युवा आक्रोश पनप रहा है उससे भी देश व सरकार को राहत मिलेगी।

## संपादकीय

### आपदाओं के सितम

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तराखंड में बारिश से राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। देहरादून और नैनीताल में भारी बारिश, गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने के बाद भारी तबाही हुई है। नदियों में उफान से कई लोगों की मौत हो गई है और ढेरों लापता हैं। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेरह पुल प्रभावित बताए जा रहे हैं। ऋषिकेश में चन्द्रभागा नदी का जलस्तर सामान्य से ऊपर होने के चलते विशेष चेतावनी दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल जलधाराओं में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में भारी मशक्कत कर रहा है। राज्य की सड़कें, पुल, बिजली की तारें, संचार व्यवस्था सब बुरी तरह प्रभावित होने से स्थानीय नागरिकों का जीना बेहाल है। जिन परिवारों के घर बह गए या ढह गए, उनकी रिहाइश और जीवन यापन की आवश्यकताओं को लेकर भारी दिक्कते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा चुकी हैं। राहत, बचाव व पुनर्वास के दावे जिस तरह सरकार करती है, जमीनी स्तर पर प्रभावित लोगों तक पहुंचना मुमकिन नहीं होता। जनता बेहाल है, जिस तक पहुंचने के साधन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। मानसून ने इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों में भारी तबाही मचाई है। हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते चार सौ से अधिक मौतें हो चुकी हैं। हालांकि यह मानसून का अंतिम चरण है। मगर बादल फटने या भूस्खलन ने तबाही मचाई हुई है। बिहार के कुछ इलाके अभी भी जलमग्न हैं, और कुछ क्षेत्रों में भारी बरसात की चेतावनी है। प्रति वर्ष भारी संख्या में नागरिकों को स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, रिहाइश के अतिरिक्त रोजगार के संकट भी बुरी तरह जूझना पड़ता है। ये प्राकृतिक आपदाएं नहीं हैं, बल्कि मौसमी मार है, जिससे जूझने के प्रति सरकारों के पास कोई खाका नहीं है। मौसम विज्ञानियों के चेताने के बावजूद सरकारी महकमा आपदा आने तक प्रतिक्षारत रहता है। पीड़ितों को जो या जिस तरह की राहत मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती। बरसाती पानी घटने या बाढ़ के बाद होने वाली जल-जनित बीमारियों, संक्रामक रोगों, मकानों, भवनों, पशुओं व रोजगार की व्यवस्था को लेकर दिन-रात एक करना मजबूरी हो जाती है। बाढ़ व बरसात के चलते अर्थव्यवस्था व उपज पर पड़ने वाली क्षति को रोक पाना लगभग असंभव है। मगर सरकारी तंत्र को मौसमी मार के पूर्व व उपरांत की समस्याओं से जूझने के तरीके सलीके से इख्तियार करने होंगे।

## चिंतन-मनन

### सम्मान करो संपूर्णता से

तुम किसी का सम्मान उसकी ईमानदारी, बुद्धिमत्ता, प्रेम और कार्य कुशलता जैसे सद्गुणों के लिए करते हो परंतु समय के साथ-साथ इन गुणों में परिवर्तन आता है। जिसके कारण तुम उनका सम्मान नहीं कर पाते। तुम केवल सद्गुणों का, महानता का सम्मान करते हो। मैं संपूर्णता से हर एक का सम्मान करता हूं। इसीलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मेरा सम्मान कम नहीं होता। सम्मान पाने के लिए किसी को महान होने की आवश्यकता नहीं। जीवन का सम्मान महान बनाता है। दूसरों से सम्मान की अपेक्षा मत करो। यह कमजोर बनाता है। आत्मा का सम्मान करो। तब कोई तुम्हारे आत्म सम्मान को ले नहीं सकता। जब कोई तुम्हें सम्मान देता है, तो इसलिए नहीं कि तुममे कुछ विशेष गुण हैं। यह उनकी महानता और उदारता के कारण है। यदि तुम कहते हो, ईश्वर महान है, यह तुम्हें महान बनाता है। ईश्वर तो महान हैं ही- तुम्हारे कहने से ईश्वर को कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तुम किसी को सम्मान देते हो, यह तुम्हारी विशालता दर्शाती है। यदि तुम सबका सम्मान करते हो तो उतना अधिक तुम्हारा मोल है। वह ज्ञानी है, जो सबका सम्मान करता है। सम्मान देना उन्नत चेतना का गुण है। आत्मा के प्रति सम्मान निष्ठा है और निष्ठा है उन्मुक्त होना। जिस प्रकार तुम मुझे सम्मान देते हो, उसी तरह सबको सम्मान दो। परंतु जो अपेक्षा तुम सबसे करते हो, वह सबसे मत करो। प्रायः तुम इसका उल्टा करते हो। तुम सबको वह आदर नहीं देते, जो मुझको देते हो पर आशा करते हो कि वे तुम्हें खुशी दें, तुमसे उत्तम व्यवहार करें। जब उनका व्यवहार तुम्हारी अपेक्षानुसार नहीं होता, तब तुम निराश होते हो और उनको दोषी ठहराते हो, उनकी निन्दा करते हो। निन्दा करने से, अभिशाप देने से, तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति क्षीण होती है। आशीर्वाद तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति बढ़ाता है। सहनशीलता, धैर्य और विवेक से कुशलतापूर्वक आगे बढ़ो। यदि तुम्हारे आसपास मूर्ख हैं, तो समझो, वे तुम्हें और बुद्धिमान बनाएंगे। तुम कितने केंद्रित हो, यह तुम्हारे आसपास रहने वाले मूर्खों की संख्या से मालूम पड़ता है। मूर्खों को हटाने का प्रयास मत करो। यदि तुम केंद्रित नहीं हो, तो तुममे उनको बर्दाश्त करने का धैर्य नहीं होगा। जब तुम पूर्ण रूप से आत्मस्थित हो, तब पाते हो कि मूर्ख से भी ज्ञान मिल सकता है। वे तुम्हारे ही प्रतिबिम्ब हैं। मूर्ख तुम्हें हताश भी कर सकते हैं, या ज्ञान भी दे सकते हैं, चुनाव तुम्हारा है।

# 'नशा समाज को खोखला कर देता है और राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है'



किशन सनमुखदास भावनानी

भारत एक ऐसे युग से गुजर रहा है जहां विकास आधुनिकता और वैश्वीकरण की चुनौतियाँ समानांतर रूप से सामने खड़ी हैं। इनमें सबसे खतरनाक और जटिल समस्या मादक पदार्थों (ड्रग्स) की है। यह समस्या केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनियाँ के लिए एक गंभीरसंकट है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूंकि,ड्रग्स का अवैध कारोबार और उसका सेवन समाज की जड़ों को खोखला करता है, युवाओं की ऊर्जा को नष्ट करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा असर डालता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 'नशा मुक्त भारत@2047' का लक्ष्य तय किया है, जो आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक एक ऐसे भारत की परिकल्पना करता है जहाँ मादक पदार्थों का अवैध कारोबार और सेवन पूरी तरह समाप्त हो सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटी एफ), एनसीओआरडी (नेशनल कोऑर्डिनेशन सेंटर ड्रग्स नकॉर्ड मैकेनिज्म)और नार्कोटिक्स कंट्रोलब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।ड्रग्स की समस्या केवल सामाजिक या स्वास्थ्य संबंधी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ी है। ड्रग्स का पैसा आतंकी संगठनों और संगठित अपराध के लिए फंडिंग का प्रमुख स्त्रोत है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए यह खतरा और भी गंभीर है क्योंकि इसके पड़ोसी देशों में ड्रग्स उत्पादन और तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है। 'गोल्डन ट्राएंगल' और 'गोल्डन क्रिसेंट' क्षेत्र से भारत में ड्रग्स की तस्करी लंबे समय से होती रही है।इसीलिए भारत की एंटी नार्कोटिक्स नीति में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं,क्योंकि आगामी 16-17 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में एकऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें भारत के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुख,अन्य सरकारी विभागों के हितधारक तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नशा मुक्त भारत @ 2047 के विजन को ठोस आधार प्रदान करेगा और आने वाले वर्षों के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करेगा।भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन स्थापित एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटी एफ)को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मादक पदार्थों के खिलाफ एक संयुक्त तंत्र के रूप में गठित किया गया है।यह तंत्र आपूर्ति कम करने, मांग को नियंत्रित करने और नुकसान कम करने की नीति पर एक साथ काम करता है। एएनटीएफ का उद्देश्य केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में जागरूकता, शिक्षा और पुनर्वास को भी समान प्राथमिकता देना है। भारत के पीएम ने कई मौकों पर कहा है कि 'नशा समाज को खोखला कर देता है और राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है।' इसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री की अगुवाई में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। साथियों बात अगर हम सम्मेलन का विषयः संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी की करें तो इस द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय 'संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी' रखा गया है। यह विषय अपने आप में मादक पदार्थों की समस्या के समाधान का मूल मंत्र है। ड्रग्स की समस्या केवल एक विभाग या एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि पूरे समाज, सरकार और नागरिकों का सामूहिक दायित्व है। आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए पुलिस,सीमा सुरक्षा बल, तटरक्षक बल और कस्टम विभाग को मिलकर काम करना होगा। मांग कम करने के लिए शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठन अहम भूमिका निभाएँगे। नुकसान कम करने के लिए पुनर्वास केंद्र, मनोवैज्ञानिक और चिकित्सक सक्रिय योगदान देंगे। इस प्रकार यह समस्या एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती है जिसे केवल साझा जिम्मेदारी के सिद्धांत से ही सफल बनाया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम,2 दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में तकनीकी सत्रःआठ विशेष विमर्श की करें तो भविष्य का रोडमैप और नीति निर्धारण- 2047 तक नशा मुक्त भारत का विजन पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर मंथन होगा।ये आठ सत्र न केवल समस्या की गहराई को समझने का अवसर देंगे बल्कि समाधान की दिशा में ठोस कदम भी सुझाएँगे। (1)सम्मेलन के दौरान आठ तकनीकी सत्र (टेक्निकल सेशयंस)आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा और रणनीति बनाना है।(2)ड्रग्स आपूर्ति श्रृंखला की रोकथाम-इसमें अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क, सीमा पार तस्करी, डार्कनेट और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले कारोबार को रोकने की रणनीतियों पर चर्चा होगी। (3)ड्रग्स की मांग कम करने की रणनीति -शिक्षा, जागरूकता, युवाओं को खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विचार किया जाएगा (4)नुकसान कम करने के उपाय-नशा करने वालों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवाओं और मानसिक उपचार की दिशा में कदमों पर चर्चा होगी। (5) राष्ट्रीय सुरक्षा और ड्रग्स का संबंध-ड्रग्स से होने वाली आतंकी फंडिंग, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के मुद्दों को संबोधित किया जाएगा। (6)कानून प्रवर्तन को सशक्त बनाना- पुलिस, एनसीबी और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विमर्श होगा। (7) ड्रग्स और साइबर अपराध-डार्क वेब, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग रोकने के लिए साइबर सुरक्षा उपायों पर चर्चा होगी। (8) अंतरराष्ट्रीय सहयोग- पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग, सूचना साझा करने और संयुक्त अभियानों पर विचार होगा।इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट-2024 जारी करेंगे। इस रिपोर्ट में बीते वर्ष में ड्रग्स की जब्ती, गिरफ़्तारियाँ, अवैध नेटवर्क का खुलासा और निवारक कदमों का विस्तृत विवरण होगा। साथ ही, श्री शाह ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान (ड्रग डिस्पोजल कैंपेन) की शुरूआत करेंगे। यह अभियान एक अनोखी पहल होगी जिसमें जब्त किए गए मादक पदार्थों का निपटान पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित तरीके से किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम,आपूर्ति, मांग और नुकसान कम करने की रणनीति तथा होल ऑफ द गवर्नमेंट अप्रोच की करें तोमादक पदार्थों की समस्या को तीन स्तरों पर समझा जाता है-(1)आपूर्ति कम करना-यानी ड्रग्स की तस्करी, उत्पादन और वितरण पर नियंत्रण।(2)मांग कम करना-यानी समाज में नशे की लत को रोकना और जागरूकता फैलाना(3) नुकसान कम करना-यानी नशे के शिकार लोगों का इलाज और पुनर्वास।

भारत ने इन तीनों स्तरों पर रणनीतियाँ अपनाई हैं। सीमा पार निगरानी बढ़ाना, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, कस्टम और पुलिस को मजबूत करना आपूर्ति रोकने की दिशा में अहम कदम हैं। मांग कम करने के लिए युवाओं में खेलकूद, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं नुकसान कम करने के लिए पुनर्वास केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया जा रहा है। होल ऑफ द गवर्नमेंट अप्रोच-इस समस्या से निपटने के लिए केवल गृह मंत्रालय या एनसीबी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए एक होल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच की आवश्यकता है। यानी केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभाग-शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक न्याय, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और विदेश मंत्रालय-सभी को मिलकर काम करना होगा।

# वैश्विकी : दक्षिण एशिया में हालात जटिल



नृपेन्द्र अभिषेक नृप

दक्षिण एशिया आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल आंतरिक अस्थिरता की कथा नहीं है, बल्कि वैंकि राजनीति की गहरी छायाओं से आच्छादित परिदृश्य भी है।

यह भू-भाग, जो कभी प्राचीन सभ्यताओं, सांस्कृतिक बहुलता और समृद्ध परंपराओं का उद्गम स्थल रहा, आज अंतरराष्ट्रीय शक्तियों के हितों की प्रयोगशाला और प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बन गया है। श्रीलंका से लेकर बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार तक, और पाकिस्तान से लेकर अफगानिस्तान तक, लगभग सभी देशों में उथल-पुथल, आंदोलनों और सत्ता संघर्ष का आलम है। इन घटनाओं ने क्षेत्र की स्थिरता को संकट में डाल दिया है।

श्रीलंका इसका सबसे ताजा उदाहरण है। 2022 में जब इस द्वीप राष्ट्र में आर्थिक संकट ने भयावह रूप लिया तब जनता ने राजपक्षे परिवार की सत्ता को उखाड़ फेंका। विदेशी कर्ज का बोझ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक कुप्रबंधन ने आम लोगों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया। यह आंदोलन सरकार-विरोधी आक्रोश भर नहीं था, बल्कि संकेत था कि जनता की आकांक्षाओं की उपेक्षा की जाएगी तो सत्ताधारी वर्ग के लिए कुर्सी बचाना असंभव होगा। कुछ ही समय बाद बांग्लादेश में भी आक्रोश की लपटें उठीं। शेख हसीना की सरकार, जिसने विकास और आर्थिक प्रगति के नाम पर स्थायित्व कायम किया था, अचानक विपक्ष और जनता के निशाने पर आ गई। बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रश्न चिह्न ने आंदोलन को जन्म दिया। नेपाल की स्थिति और भी जटिल है। नेपाल का भूगोल, रणनीतिक स्थिति और भारत-चीन के बीच उसकी अहमियत ने इसे बाहरी हस्तक्षेप का सहज शिकार बना दिया है। वहां की राजनीति में लगातार बदलते गठबंधन, नेतृत्व की अस्थिरता और जनता की आकांक्षाओं की उपेक्षा ने असंतोष को हवा दी है।

राजतंत्र समर्थक और कट्टरपंथी ताकतें असंतोष को भुनाने में जुटी हैं, जिससे नेपाल की सामाजिक संरचना में नई दरारें पड़ रही हैं। इसी तरह म्यांमार, जहां सेना ने लोकतांत्रिक सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया, वर्षो से गृह युद्ध और विद्रोह की चपेट में है। लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। यहां विदेशी शक्तियों की भूमिका और भी स्पष्ट दिखती है। अमेरिका और पश्चिमी देशों का दबाव, चीन की गहरी आर्थिक पैठ और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन की लड़ाई ने म्यांमार को अस्थिरता की ओर धकेल दिया है। पाकिस्तान की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। यहां एक ओर सेना और न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर होता जा रहा है। विदेशी कर्ज पर निर्भरता, मुद्रास्फीति और बढ़ते आतंकी हमलों ने जनजीवन को असुरक्षित बना दिया है।

दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया दो महाशक्तियों- अमेरिका और चीन-की प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। एक ओर चीन 'बेल्ट एंड रोड' जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र को अपनी आर्थिक-रणनीतिक पकड़ में लेना चाहता है, वहीं अमेरिका और उसके सहयोगी भारत, जापान व ऑस्ट्रेलिया के साथ 'क्वाड' जैसी साझेदारियों के जरिए इस प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहे हैं। नतीजा यह है कि दक्षिण एशियाई देशों की आंतरिक राजनीति अब उनकी अपनी नहीं रह गई है। हर आंदोलन, हर सत्ता परिवर्तन और हर अस्थिरता के पीछे विदेशी छायाएं मंडराती दिखती हैं। यह क्षेत्र केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हिन्द महासागर, मलक्का जलडमरूमध्य और हिमालयी गलियारों पर पकड़ बनाने की जद्दोजेहद ने बाहरी शक्तियों को यहां सक्रिय कर दिया है।

भारत, जो स्वयं इस क्षेत्र का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उभरती शक्ति है, के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर उसे अपने पड़ोस की अस्थिरता का सामना करना है, तो दूसरी ओर बाहरी शक्तियों के बढ़ते प्रभाव को भी संतुलित करना है। दक्षिण एशियाई देशों की समस्याओं का सबसे बड़ा कारण यह है कि शासक वर्ग ने जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को प्राथमिकता नहीं दी। लोकतंत्र चुनावों तक सीमित रह गया, जबकि शासन में



पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन का अभाव रहा। आर्थिक विकास का लाभ कुछ वर्गे तक सीमित रहा, जिससे सामाजिक विषमता बढ़ी। यही असंतोष जब फूटता है, तो आंदोलन का रूप ले लेता है और जब यह आंदोलन विदेशी हितों से टकराता है, तो बाहरी शक्तियां अपने-अपने हित साधने के लिए उसे हवा देने से नहीं चूकतीं।

दक्षिण एशियाई दरारें केवल क्षेत्रीय संकट नहीं हैं, बल्कि वैंकि व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती हैं। यदि यह क्षेत्र अस्थिर रहता है, तो न केवल एशिया, बल्कि पूरी दुनिया में शांति और विकास प्रभावित होंगे। इसलिए आवश्यक है कि विदेशी शक्तियां यहां अपने-अपने हित साधने की बजाय क्षेत्रीय स्थिरता और जनता के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

(लेख में विचार निजी हैं)

Printed and Published by Manish KUMAR KASHYAP behalf of Palace of Publication,BALIHARI ROAD, NEAR - KALYAN BHAWAN NEW AREA MORABADI RANCHI-834008,Ranchi- Jharkhand, and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,Jharkhand And Published at Palace of Publication,Ranchi- Jharkhand,, TITLE NO,JHAHIN/2023/88773 Editor- Editor SHAHOOD ALAM. Mob -

## संक्षिप्त समाचार

### फलस्तीन को मान्यता देकर भारी गलती कर रहे कई देश, इस्राइल की चेतावनी- ये हमास को तोहफा देने जैसा




**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने हाल के समय में कई देशों द्वारा फलस्तीन को मान्यता देने के एलान की कड़ी आलोचना की है। सार ने इसे बड़ी गलती बताया और चेतावनी दी कि ऐसा करने से क्षेत्र में अशांति आ सकती है और इस्राइल को भी एकतरफा तरीके से कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। तेल अवीव में डेनमार्क के विदेश मंत्री के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गिदोन सार ने कहा कि फलस्तीन को इस तरह से मान्यता देने से शांति प्रयासों को नुकसान पहुंचेगा और यह हमास जैसे संगठनों की हिम्मत बढ़ाएगा।

### अगस्त में 145200 अफगान पाकिस्तान से स्वदेश लौटे

**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौटने वाले शरणार्थियों की संख्या में पिछले माह जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में 1,45,200 अफगानी स्वदेश लौटे। इनमें से लगभग 55,000 ने अंतिम चार दिनों में वापसी की। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में अफगानों की वापसी में 254प्रतिशत बढ़ोतरी हुई जबकि जुलाई की तुलना में निर्वासन में 191प्रतिशत की वृद्धि हुई। चार सितंबर तक 5,31,700 अफगान पाकिस्तान से लौट गए।

### लड़की के कपड़े पहनकर टिकटॉक वीडियो बनाने के आरोप में पाकिस्तानी युवक गिरफ्तार

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह लड़कियों के कपड़े पहनकर टिकटॉक पर वीडियो पोस्ट करता था। घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जहां के स्वाबी जिले में रहने वाला एक युवक महिलाओं के कपड़े पहनकर वीडियो शूट करता था और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था। युवक की पहचान अब्दुल मुगीज के रूप में हुई है। आरोप है कि अब्दुल टिकटॉक वीडियो में महिलाओं के कपड़े पहनकर आपत्तिजनक हरकतें करता था, जिसे लेकर लोगों में भारी गुस्सा था। शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने कई जगह छापेमारी की और अब जाकर आरोपी को पकड़ सकी।

### कैनसस सिटी में 50 साल के कैदी की मौत को कोर्ट ने हत्या माना

**कैनसस सिटी, एजेंसी।** अमेरिका के कैनसस सिटी में वायंडॉट काउंटी जेल में इसी साल 5 जुलाई को हिरासत में लिए गए 50 वर्षीय कैदी चार्ल्स अडैर की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इसे हत्या करार दिया है। खबरों के मुताबिक उसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पोस्टमार्टम में मौत का कारण %मैकेनिकल एस्फिक्सिया% यानी सांस रुकना पाया गया। मृतक हृदय रोग और शराबजनित लीवर सिरोसिस ने भी पीड़ित था। रिपोर्ट के अनुसार, जेल में स्टाफ से संघर्ष के बाद उसे सेल में लिटाया गया, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद वह बेहोश पाया गया, जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### थाइलैंड के पीएम पद के लिए अनुतिन को मिली शाही मंजूरी

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाइलैंड के अनुभवी राजनीतिज्ञ अनुतिन चार्नवीराकुल को रविवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शाही मंजूरी मिल गई। दो दिन पहले संसद ने उन्हें इस पद के लिए चुना था। 58 वर्षीय अनुतिन, फ्यू थाई पार्टी के पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया। शिनावात्रा को पिछले सप्ताह नैतिकता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### दीपावली कार्यक्रम में मणिपुर के कलाकारों ने मन मोहा

**सिंगापुर, एजेंसी।** मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में दीपावली लाइटअप कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। इस वार्षिक कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षण्मुगरत्नम और विभिन्न समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की। इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हुई।

# यूक्रेन पर हमले से डोनाल्ड ट्रंप नाराज, रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन मुद्दे को लेकर अमेरिका और रूस के बीच लगातार खींचतान जारी है। कुछ हफ्ते पहले ही अलास्का में हुई ट्रंप और पुतिन की मीटिंग के बाद इस बात के आसार लगाए जा रहे थे कि अब युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन वक्त के साथ वह आसार भी हवा हो गए। अब राष्ट्रपति ट्रंप एक बार फिर से रूस से ऊपर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका यह बयान रूस की तरफ से यूक्रेन पर किए गए एक बड़े हवाई हमले के बाद सामने आया है।

वाइट हाउस के बाहर मीडिया से बात करते हुए ट्रंप से पूछा गया कि क्या हाल में यूक्रेन पर हुए हमले के बाद वह रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसका जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि ट्रंप की तरफ से इस बात पर कोई ज्यादा जानकारी नहीं दी गई कि वह रूस के ऊपर किस तरह के नए प्रतिबंधों की तैयारी कर रहे हैं।

आपको बता दें कि ट्रंप द्वारा यह बयान ऐसे समय में दिया गया है जब रूस की तरफ से यूक्रेन की राजधानी कीव पर जोरदार हमला बोला गया है। 800 से ज्यादा ड्रोन्स, मिसाइलों और रॉकेट्स के जरिए किए गए इस हमले में कीव में बड़े स्तर पर तबाही हुई है। इस हमले में करीब दो लोगों की मौत हो गई है और 15 से



ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद यह कीव के ऊपर सबसे बड़ा रूसी हमला है। पिछले महीने ही अलास्का में ट्रंप को पुतिन की बैठक के बाद रूस लगातार यूक्रेन को निशाना बनाता आ रहा है।

ट्रंप के इस बयान को लेकर दूसरे मायने भी निकाले जा रहे हैं, कुछ घंटों पहले ही अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने रूसी तेल खरीदने वाले देशों के ऊपर और प्रतिबंध लगाने के आह्वान किया था। रूसी तेल खरीदने के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है, और चीन पर अमेरिका प्रतिबंध लगाने के मूड में नहीं है। इसलिए बेसेंट का यह आह्वान भारत के संबंध में ही प्रतीत होता है। अपने इस आह्वान के पीछे तर्क देते हुए बेसेंट ने कहा था कि अगर ऐसा हो जाता है तो रूस की अर्थव्यवस्था पर इसका काफी बुरा असर पड़ेगा, इससे वह यूक्रेन के साथ बातचीत करने के लिए मजबूर हो जाएगा। यूक्रेन और रूस के मुद्दे को लेकर ट्रंप लगातार कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इस मुद्दे और कथित तौर पर अपनी निजी खुन्नस के चलते उन्होंने भारत के साथ भी अपने संबंध खराब कर लिए हैं। भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे ट्रंप अब इस मोर्चे पर भी फेल होते नजर आ रहे हैं। यूरोप के उनके साथी भी उन पर तंज कस रहे हैं। हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इस मुद्दे पर कहा था कि अगर पुतिन यूक्रेन पर हमले कम नहीं करते या बातचीत के लिए तैयार नहीं होते, तो यह तय है कि उन्होंन एक बार फिर से ट्रंप के साथ ब्लफ कर दिया है।

## इरफान अली दूसरी बार बने गुयाना के राष्ट्रपति, शपथ ली

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** गुयाना की सत्तारूढ़ पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी के इरफान अली ने रविवार को तेल-समृद्ध दक्षिण अमेरिकी देश के राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार शपथ ली। चुनाव आयोग ने उनकी जीत की पुष्टि कर दी है। देश की अपेक्षाकृत हालिया तेल संपदा से प्राप्त राजस्व को लोकप्रिय सामाजिक कार्यक्रमों में लगाने के बाद अली ने रविवार को संकल्प लिया कि वह एक विविध अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे, जो रोजगार पैदा करेगी।

## नेपाल और चीन का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास सागरमाथा फ्रेंडशिप का पांचवां संस्करण रविवार को काठमांडो में शुरू हुआ। नेपाल सेना के अनुसार, 10 दिन चलने वाले इस अभ्यास में आपदा प्रबंधन, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और आतंकवाद-रोधी अभियानों सहित कई विषयों पर दोनों सेनाओं के बीच अनुभव साझा किए जाएंगे। नेपाल और चीन के बीच यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 2017 से शुरू हुआ है और इसे बारी-बारी से दोनों देशों में आयोजित किया जाता है।

## वेटिकन सिटी में कार्लो अक्यूटिस पहले मिलेनियल संत बने

**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** वेटिकन सिटी में पोप लियो ने रविवार को एक समारोह में 15 साल के कार्लो अक्यूटिस को कैथोलिक चर्च का पहला मिलेनियल संत घोषित किया। कार्लो की 2006 में ब्लड कैंसर से मौत हो गई थी। वो भगवान के दूत कहे जाते थे।

इस मौके पर दुनियाभर से करीब 70 हजार युवा शामिल हुए। कार्लो का जन्म 1991 में ब्रिटेन में हुआ था और वे इटली में रहे। उन्होंने कंप्यूटर कोडिंग सीखकर धार्मिक वेबसाइट्स बनाईं। उनकी कहानी ने कई युवाओं को प्रेरित किया। पोप लियो ने कार्लो के साथ-साथ 1920 में पोलियो से मरे इटली के पियर जियोर्जियो फ्रासाती को भी संत घोषित किया। फ्रासाती अपनी दानशीलता के लिए मशहूर थे।

सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप लियो ने कहा, हम सभी के पास संत बनने



का मौका है। उन्होंने कार्लो के शब्दों को दोहराया, स्वर्ग हमारा इंतजार कर रहा है, और आज अपना सर्वश्रेष्ठ देना जरूरी है।

पोप ने युवाओं से कहा कि वे कार्लो और फ्रासाती से प्रेरणा लें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं। यह समारोह पहले अप्रैल में होने वाला था, लेकिन पोप फ्रांसिस की मृत्यु के कारण टल गया। यह पहला मौका था जब पोप लियो ने ऐसा समारोह किया।

## लंदन में फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, 900 गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** फलस्तीन एक्शन नामक संगठन को आतंकवादी समूह घोषित किए जाने के विरोध में शनिवार को लंदन की सड़कों पर सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। पार्लियामेंट स्क्वॉयर पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई, जिसके बाद लगभग 900 से ज्यादा लोगों को पुलिस पर हमले और अन्य सार्वजनिक व्यवस्था उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।?पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को असहनीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। उन्हें लात-घूंसों से मारा गया।

## ऑस्ट्रेलिया की मशरूम किलर को उम्रकैद की सजा

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की मशरूम किलर को वहां की एक अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा के तहत दोषी महिला को 33 साल बाद ही जमानत मिल सकेगी। ऑस्ट्रेलिया के इस मामले पर पूरी दुनिया की नजर थी क्योंकि जिस तरीके से दोषी महिला एरिन पैटर्सन ने अपने पूर्व पति के माता-पिता की हत्या की थी, उसने पूरी दुनिया को चकित कर दिया था।

**क्या है मामला :** दरअसल एरिन पैटर्सन ने अपने पूर्व पति के माता-पिता समेत तीन लोगों को जहरीली मशरूम खिलाकर मार डाला था। 50 वर्षीय पैटर्सन को जुलाई में हत्या का दोषी करार दिया गया था और अब सोमवार को अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। एरिन ने साल 2023 में अपने पूर्व पति के माता-पिता और अंकल-आंटी को अपने घर खाने पर बुलाया था। इस दौरान एरिन ने खाने में जहरीली मशरूम मिला दी, जिसे खाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पूरी दुनिया में यह मामला मशरूम मर्डर के नाम से चर्चित हुआ। अभी तक इन हत्याओं के पीछे की वजह पता नहीं है।

**33 साल बाद ही मिल सकेगी एरिन को जमानत :** एरिन का दावा है कि उसने अनजाने में खाने में जहरीली मशरूम मिला दी थी। हालांकि अदालत ने उसके दावे को नहीं माना। जिस वक्त महिला ने अपने पूर्व पति के परिवारवालों को जहरीली मशरूम खिलाकर मारा, उस वक्त उसका अपने पति से झगड़ा चल रहा था और बच्चों के खर्च को लेकर दोनों के बीच विवाद था। अदालत के आदेश के तहत 33 साल बाद ही एरिन को जमानत मिल सकेगी और उस वक्त वह करीब 83 साल की हो जाएगी। इस तरह एरिन की बाकी जिंदगी अब जेल में ही गुजरेगी। हालांकि अभी एरिन के पास सजा के खिलाफ अपील के लिए 28 दिन का समय बाकी है।

## रूस ने कैंसर के इलाज के लिए नई वैक्सीन बनाई, प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स में 100प्रतिशत इफेक्टिव

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने कैंसर के इलाज में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देश की नई एमआरएनए बेस्ड वैक्सीन एंटरोमिक्स ने प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स में 100प्रतिशत प्रभावशीलता और सुरक्षा दिखाई है।

रूस के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजी सेंटर और रूसी एकेडमी ऑफ साइंस के एंगेलहार्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर बायोलॉजी ने मिलकर इस वैक्सीन को विकसित किया है। इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स की शुरुआत 48 वॉलंटियर्स के साथ की गई थी। इन ट्रायल्स की घोषणा सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ2025) में 18 से 21 जून को की गई थी।

**वैक्सीन कैंसर को रोकने में सक्षम :** यह वैक्सीन न केवल कैंसर से लड़ने में सक्षम है, बल्कि भविष्य




में कैंसर को रोकने की दिशा में भी एक बड़ा कदम हो सकती है। फेडरल मेडिकल एंड बायोलॉजिकल एजेंसी (एफएमबीए) ने घोषणा की है कि यह वैक्सीन अब क्लिनिकल उपयोग के लिए तैयार है। एफएमबीए की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्ट्सोवा के अनुसार, एंटरोमिक्स एक एमआरएनए आधारित वैक्सीन है, जो हर मरीज के लिए उनकी व्यक्तिगत आरएनए के आधार पर खास रूप से तैयार की जाएगी। यह वैक्सीन शरीर के इम्यून सिस्टम को सुधारती है ताकि वह कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उन्हें खत्म कर सके। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करने और उनकी वृद्धि को रोकने में बेहद प्रभावी साबित हुई है। खास बात यह है कि इसे बार-बार इस्तेमाल करने पर भी कोई गंभीर साइड इफैक्ट नहीं देखे गए, जो इसे कीमोथेरेपी और रेडिएशन जैसे इलाजों से अलग बनाता है।

**पहली पर्सनलाइज्ड कैंसर वैक्सीन बन सकती है :** एंटरोमिक्स का पहला संस्करण कोलोरेक्टल कैंसर (आंतों का कैंसर) के इलाज के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा, वैज्ञानिक ग्लियोब्लास्टोमा (मस्तिष्क का कैंसर) और मेलेनोमा (त्वचा का कैंसर) के लिए वैक्सीन के अन्य संस्करणों पर काम कर रहे हैं। अब जब क्लिनिकल ट्रायल्स सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, वैक्सीन को रेगुलेटरी मंजूरी का इंतजार है। अगर यह मंजूरी मिलती है, तो एंटरोमिक्स दुनिया की पहली पर्सनलाइज्ड एमआरएनए कैंसर वैक्सीन बन सकती है। यह वैक्सीन न केवल रूस बल्कि पूरी दुनिया में हजारों लोगों की जान बचा सकती है और कैंसर के इलाज में एक नया युग शुरू कर सकती है।

## डोनाल्ड ट्रंप की हमास को आखिरी चेतावनी, बोले- अगर बंधकों को नहीं छोड़ा तो हालात और भी ज्यादा खराब होंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को आखिरी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर इजरायली बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो हमास के लिए हालात कठिन और बदतर हो सकते हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए इजरायल उनकी (ट्रंप की) शर्तों पर राजी हो गया है। अब हमास की बारी है, अमेरिका लगातार हमास के साथ बातचीत कर रहा है। हमास से बंधक बनाए गए सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की भी मांग की गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में ट्रंप ने हमास को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। ट्रंप ने लिखा, हम हमास के साथ बहुत गंभीर स्तर पर



बातचीत कर रहे हैं। हमने उनसे कहा है कि सभी बंधकों को अभी रिहा करो... अगर ऐसा नहीं होता है तो उनकी हालत और भी ज्यादा खराब हो जाएगी। यह हमास के लिए मेरी आखिरी चेतावनी थी। इसके बाद दूसरी नहीं होगी। ट्रंप ने बातचीत के बारे में और जानकारी देते हुए कहा कि हमास कुछ ऐसी मांगे कर रहा है, जो कि ठीक नहीं है। हालांकि ट्रंप ने इस मांगों को बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गौरतलब है कि ट्रंप का यह बयान अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के उस ऐलान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ट्रंप वाइट हाउस में एक बैठक की अगुआई करेंगे ताकि युद्ध के बाद गाजा के मैनेजमेंट के लिए योजना पर चर्चा हो सके। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक विटकॉफ ने पहली बार खुलासा किया था कि अमेरिका के पास युद्ध के बाद की स्थिति के लिए कोई योजना है। उन्होंने कहा,कई लोग देखेंगे कि ये योजना कितनी मजबूत और नेकनीयत से बनाई गई है। यह राष्ट्रपति ट्रंप के मजबूत मानवीय इरादों को दिखाती है। हालांकि विटकॉफ ने इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया।

विटकॉफ ने ट्रंप प्रशासन के आधिकारिक रुख को दोहराया कि वे गाजा में बंधकों को लेकर आंशिक समझौतों का विरोध करते हैं। इससे पहले ट्रंप ने भी इस रुख का समर्थन किया था। उन्होंने हमास की ओर से अरब मध्यस्थों के प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि बंधकों को तभी रिहा किया जाएगा जब हमास को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।


## जेलों में भुखमरी पर इस्राइल की सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**येरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बीते 23 माह से अधिक समय से हिंसक संघर्ष हो रहा है। गाजा पट्टी में रहने वाले लोग भुखमरी और अभूतपूर्व मानवीय संकट का सामना कर रहे हैं। भारी गोलाबारी के बीच फलस्तीनी जनता तक राहत सामग्री पहुंचाने में भी चुनौतियां सामने आ रही हैं। ताजा घटनाक्रम में इस्राइल की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक अहम फैसले में कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि देश की सरकार ने फलस्तीनी कैदियों को %जीवन-निर्वाह करने के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध नहीं कराया।% कोर्ट ने पोषण की स्थिति में तत्काल सुधार लाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लगभग दो साल से चल रहे युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली सरकार की कार्यप्रणाली में दुर्लभ हस्तक्षेप की तरह देखा जा रहा है।

## भारत पर टैरिफ लगाना सही फैसला; जेलेंस्की ने यूएस ऐक्शन को बताया सही, कारण भी गिनाए

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत पर अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के फैसले को सही करार दिया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने रूस को ताकत पहुंचाने वाले देश पर यदि सख्ती की है तो उसमें गलत क्या है। एबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने चीन, रूस और भारत के नेताओं के एक मंच पर आने पर भी बात की। उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी टैरिफ का फैसला बैकफायर कर गया है क्योंकि मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग एक मंच पर नजर आए हैं और जुगलबंदी दिखी है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत पर टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला सही है। रूस के साथ कारोबार करने वालों पर पाबंदियां लगाना जरूरी है।

उनसे एक और सवाल पूछा गया कि आपकी मांग है कि रूस पर ज्यादा से ज्यादा पाबंदियां लगें और यूक्रेन को मदद मिले।




इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं डोनाल्ड ट्रंप सरकार की ओर से उठाए कदमों से खुश हूं। रूस के साथ किसी भी तरह की डील करना सही नहीं है। उस पर पाबंदियों का मैं समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप जानते हैं कि कैसे व्लादिमीर पुतिन को रोका जा सकता है। व्लादिमीर पुतिन का हथियार यह है कि वह दुनिया के कई देशों को तेल और गैस बेचते हैं। उनकी उस ताकत को छीनना होगा। हमने इस सप्ताह मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग के बीच मीटिंग देखी। आपने जब मोदी को वहां देखा तो आपको कैसा लगा? क्या आप मानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से टैरिफ लगाने का फैसला बैकफायर कर गया। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत पर टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला सही है। रूस के साथ कारोबार करने वालों पर पाबंदियां लगाना जरूरी है। अलास्का समिट के बारे में पूछे जाने पर वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मैं वहां नहीं था। जेलेंस्की ने कहा कि इस मीटिंग के जरिए ट्रंप ने पुतिन को वह सब दिया, जो वह चाहते थे। रूसी नेता की लंबे समय से इच्छा रही है कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलें।

जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें यह मौका दिया और रेड कार्पेट बिछा कर दिया। वहीं व्लादिमीर पुतिन के मॉस्को आकर वार्ता करने के ऑफर पर जेलेंस्की ने कहा कि वह भी तो कीव आ सकते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि जब मेरा देश मिसाइलों के साये में हो तो उन्हें दागने वालों की राजधानी में ही कैसे जा सकता हूं। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें वार्ता ही करनी थी तो जंग के बीच में क्यों नहीं की, जब हम लगातार ऐसी मांग कर रहे थे। यूक्रेनी नेता ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप से मुझे द्विपक्षीय वार्ता का संकेत मिला था। इस पर मैंने कहा था कि हम कैसी भी वार्ता के लिए तैयार हैं। बस मॉस्को जाकर कोई मीटिंग होगी।

## रूस ने कीव पर दागे ड्रोन और मिसाइलें, कैबिनेट बिल्डिंग से उठा धुआं; हमले में दो की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध लगातार बड़ा रूप लेता जा रहा है। इस बीच खबर है कि रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर ड्रोन और मिसाइल दागी गई है। इस हमले में कम से कम दो लोगों के मौत होने की सूचना है। दरअसल, बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइलों ने कीव पर हमला बोला है। इस हमले के बा कीव के कैबिनेट भवन की छत से भी धुआं उठता हुआ देखा गया है। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि ये धुआं हमले के कारण देखने को मिला या किसी और वजह से निकल रहा था। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है। बच्चे का शव मलबे से निकाला गया है। कीव के मेयर विटालि क्लित्श्को ने बताया कि रूस की ओर से दागे गए ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की जिले के एक आवासीय इमारत और कीव के डार्नितस्की जिले में एक अन्य इमारत पर गिरा। वहीं, इस हमले में 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।



## 07 नवंबर को दस्तक देगी सोनाक्षी की साउथ डेब्यू फिल्म जटाधरा

सिनेमा के प्रेमियों के लिए इस साल की आखिरी तिमाही काफी दिलचस्प होने वाली है। अक्तूबर से लेकर दिसंबर तक कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। फिल्मों की इस सूची में सोनाक्षी सिन्हा की पहली साउथ फिल्म जटाधरा का नाम भी जुड़ गया है, जो इस साल नवंबर में रिलीज होगी।

हिंदी और तेलुगु भाषा में होगी रिलीज

मेकर्स ने आज फिल्म जटाधरा की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट के जरिए फिल्म का टीजर वीडियो साझा किया है। इसके साथ बताया है कि यह फिल्म 07 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में दस्तक देगी।

यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज की जाएगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। रिलीज डेट के साथ इसका कैप्शन लिखा है, अंधकार की गहराइयों के बाद एक उदय जरूर होता है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसके लिए दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

### दर्शकों ने जताई खुशी

फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक जयसवाल और वेंकट कल्याण ने संभाली है। वहीं, उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट के एलान पर दर्शक उत्साहित हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, इस जादुई फिल्म का इंतजार है। वहीं, कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।





# बॉलीवुड आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था
## मैं किसी तरह कामयाब हुई

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड ही नहीं, अब हॉलीवुड में भी एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। आज वो विदेशों में किसी फिल्मी इवेंट में जब पहुंचती हैं तो वहां के लोगों में उन्हें लेकर गजब की दीवागनी देखी जा सकती है। हालांकि, उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। बतौर आउटसाइडर्स उन्होंने इस राह में जो कुछ झेला, उसकी कहानी उन्होंने सुनाई भी है। उन्होंने हाल ही में अपने स्ट्रगल की कहानी फिर सुनाई है और कहा है कि इस ने हाल ही में बताया कि पीढ़ी दर पीढ़ी एक्टर्स और फिल्म प्रड्यूसर्स के दबदबे वाली इंडस्ट्री में जगह बनाना कितना मुश्किल था। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि इन्हीं अनुभवों ने उन्हें अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू करने के लिए प्रेरित किया। हाल ही में एक इवेंट में बोलते हुए प्रियंका ने कहा कि उन्होंने बॉलीवुड में एक आउट साइडर के रूप में अपने सफर पर बातें की। उन्होंने 2015 में पर्पल पेबल पिक्चर्स लॉन्च किया था।

आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था बॉलीवुड में उन्होंने कैमरे के पीछे जाने का फैसला क्यों किया, इस बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा, मैंने साल 2000 में ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीता और इस तरह मुझे फिल्मों में आने का मौका मिला और मैं इसमें आगे बढ़ गई। और मैंने भारतीय फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। भारत में हिंदी और तमिल फिल्मों में... ये साल 2002 की बात है, लेकिन बॉलीवुड इंडस्ट्री एक तरह से... कम से कम आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था।

### मुझे असफल होना पसंद नहीं है

उन्होंने आगे कहा, एक्टर्स पीढ़ी दर पीढ़ी, निर्देशक पीढ़ी दर पीढ़ी और निर्माता भी ऐसे ही होते हैं। इसलिए जब आप इंडस्ट्री में कदम रखना चाहते हैं और कास्ट होना चाहते हैं तो ये आसान नहीं होता, लेकिन किसी तरह मैंने इसमें सफलता हासिल की। मैं काफी एम्बिशियस थी। मुझे असफल होना पसंद नहीं है।


### मैं लगातार कोशिश करती रही

उन्होंने कहा, मैं लगातार कोशिश करती रही। मैं किसी तरह कामयाब हुई। और फिर पर्पल पेबल पिक्चर्स मेरे लिए वो जगह बनाने का जरिया बन गया जो मेरे पास पहले कभी नहीं था। प्रियंका ने बताया कि उनका उद्देश्य उन फिल्ममेकर्स और लेखकों के लिए अवसर पैदा करना है, जिन्हें बड़े बजट की फिल्मों में मौका नहीं मिलता और उन छोटी फिल्मों को सपोर्ट करना है जिन्हें पहचान मिलनी चाहिए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 के साथ भारतीय फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

### मैं दुनिया भर के एंटरटेनमेंट के लिए एक ऐसा माध्यम बनना चाहती थी...

प्रियंका ने कहा, मैं दुनिया भर के एंटरटेनमेंट के लिए एक ऐसा माध्यम बनना चाहती थी जिससे उन्हें वह प्रसिद्धि मिल सके जिसकी वे चाहत रखते हैं। मुझे उन फिल्मों पर बहुत गर्व है जिनसे हम जुड़े रहे हैं और जिन्हें हमने समय के साथ बनाया है। उन्हें शानदार प्रतिक्रिया मिली है और उन्होंने वह प्रसिद्धि पाई है जिसके वे हकदार थे।




## शाहरुख को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई तुलना
### पुरस्कार विश्वसनीयता खो रहे हैं

अभिनेता मनोज बाजपेयी की दो हफ्तों में दो फिल्में रिलीज हुई हैं। एक ओर 'इंस्पेक्टर जेंडे' ओटीटी पर रिलीज हुई है। वहीं दूसरी ओर 'जुगनुमा-द फेबेल' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स ने काफी सराहा भी है। अब मनोज बाजपेयी ने शाहरुख खान को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर प्रतिक्रिया दी है। क्योंकि रेस में मनोज बाजपेयी भी 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए थे।

शाहरुख खान के 'जवान' फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने पर छिड़ी बहस में कई लोगों का कहना था कि शाहरुख की जगह मनोज बाजपेयी 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए नेशनल अवॉर्ड के हकदार थे। अब इस तरह की तुलनाओं पर मनोज बाजपेयी ने चुप्पी तोड़ी है। बातचीत के दौरान मनोज बाजपेयी ने इस पूरे मुद्दे पर कहा कि यह एक बेकार बातचीत है क्योंकि यह अब खत्म हो चुकी है। जहां तक 'सिर्फ एक बंदा काफी है' की बात है, तो हां यह मेरी फिल्मोग्राफी में एक बहुत ही खास फिल्म है और 'जोरम' भी। लेकिन मैं इन बातों पर चर्चा नहीं करता क्योंकि यह एक बहुत ही बेकार बातचीत है। यह अतीत की बात है और इसे यूं ही छोड़ देना चाहिए।

अभिनेता ने भारत में फिल्म पुरस्कारों के बदलते स्वरूप पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कारों समेत कई पुरस्कार व्यावसायिक आकर्षण के चक्कर में अपनी विश्वसनीयता खो रहे हैं। उन्हें गंभीरता से सोचना चाहिए कि वे कैसे काम कर रहे हैं। क्योंकि यह मेरे सम्मान की बात नहीं है। मैं फिल्म चुनते समय अपने सम्मान का बहुत ध्यान रखता हूं। लेकिन हर संस्था को अपने बारे में सोचना होता है। यह मेरा काम नहीं है। मुझे लगता है कि मेरे लिए अवॉर्ड फंक्शन का विचार गलत है। यह आपके घर की सजावट का एक छोटा सा हिस्सा है। हर रोज आप इसके सामने खड़े होकर यह नहीं कहेंगे, वाह, मैंने यह कर दिखाया।



### चार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं मनोज

इस साल शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'जवान' के लिए उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड मिला है। वहीं मनोज बाजपेयी अब तक चार बार राष्ट्रीय अवॉर्ड अपने खाते में कर चुके हैं। मनोज बाजपेयी को 'सत्या', 'पिंजर', 'अलीगढ़' और 'भोंसले' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है।

## मैडम सपना हर महिला की कहानी है



सपना चौधरी के जीवन की कहानी जल्द ही बड़े परदे पर दिखेगी। इसे महेश भट्ट की गाइडेंस में विनय भारद्वाज लेकर आ रहे हैं। अपनी बायोपिक को लेकर सपना ने खास बातचीत की...

मुझे मुंबई से बहुत बड़े-बड़े प्रोडक्शन हाउस से ऑफर आ रहे थे। उन लोगों ने मुझे अपना प्वाइंट ऑफ व्यू बताया कि वो मेरे ऊपर किस तरह से फिल्म बनाना चाहते हैं। जब मैंने उन सबको सुना तो मुझे एहसास हुआ कि किसी को पैसे कमाने थे। कोई मेरी लाइफ में फिक्शन डालना चाहता था। मतलब सबका कोई ना कोई अपना मकसद था। ऐसे में मैंने विनय भारद्वाज को कॉल किया। आप मैंने उन्हें कॉल करके कहा कि भाई बायोपिक बनाएंगे? उन्होंने पूछा कि किसकी मुझे ऐसे ऑफर्स मिले हैं हैं तो उन्होंने कहा कि बायोपिक बनानी है? मैंने उन्हें बताया कि बिल्कुल बनाएंगे।

टीजर पर लोगों का बहुत पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला। मेरा कहना है कि ये सिर्फ डांसर की कहानी नहीं है। इस फिल्म को बिल्कुल भी ऐसे नहीं देखा जाना चाहिए। ये हर महिला की कहानी है। जो घर संभाला रही है, जो ऑफिस में काम कर रही है, जो डांस कर रही है या जो बच्चे संभाला रही है। इस फिल्म को हर महिला को देखनी चाहिए कि आप खुद को कैसे प्रोटेक्ट कर सकती हैं। नरभक्षी हर जगह हैं। आपके घर में, बाहर, ऑफिस में हर जगह मौजूद हैं। इस फिल्म में बताया गया है कि जब एक औरत लड़ती है तो किस हद तक जाती है। मैं और मेरी मां हम लड़े हैं, लड़ते आए हैं और लड़ते ही रहेंगे।

### बॉलीवुड में आपको कौन इंस्पायर करता हैं?

बॉलीवुड की तीन महिलाओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय। इनका काम मुझे प्रभावित करता है। इनके एक्सप्रेशन और डांस ने मुझे मोटिवेट किया है। मैं इन तीनों का काम देखते रहती हूं। इंटरनेशनल आर्टिस्ट में मुझे शकीरा बहुत पसंद हैं। इन सभी को देखकर मुझे अपनी कला को और निखारने की प्रेरणा मिलती है।



# ओजी में दिखेगा इमरान हाशमी का जलवा
## साउथ फिल्मों में डेब्यू चुके हैं कई स्टार्स

बॉलीवुड के कई स्टार्स साउथ फिल्मों में भी अभिनय का तड़का लगा चुके हैं। कियारा आडवाणी से लेकर जान्हवी कपूर तक साउथ फिल्मों में अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं अब इमरान हाशमी फिल्म दे कॉल हीम ओजी से अपना साउथ डेब्यू करने वाले हैं। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म दे कॉल हिम ओजी 25 सितंबर, 2025 को रिलीज होने वाली है। यह इमरान की पहली साउथ डेब्यू फिल्म है। इस फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में पवन कल्याण और इमरान हाशमी के अलावा प्रियंका अरुल मोहन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इमरान हाशमी विलेन की भूमिका में नजर आ सकत हैं। फिल्म में अर्जुन दास, श्रीया रेड्डी, हरीश उथमन, प्रकाश राज, शाम जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत थमन दे तैयार किया है।



### बॉबी देओल

फिल्म कंगुवा 2024 में रिलीज हुई थी। कंगुवा बॉबी देओल की पहली तमिल फिल्म थी। बॉबी देओल ने तमिल पीरियड एक्शन ड्रामा कंगुवा में नकारात्मक भूमिका निभाई थी। यह सूर्या की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। फिल्म में सूर्या दोहरी भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म में बॉबी और सूर्या के अलावा दिशा पटानी, नट्टी सुब्रमण्यम, केएस रविकुमार, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, रवि राघवेंद्र और करुणास ने भी अहम भूमिका निभाई हैं। इसके अलावा बॉबी साउथ एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

### कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी ने फिल्म भारत अने नेनु से साउथ में डेब्यू किया था। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कियारा के साथ साउथ एक्टर महेश बाबू ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के अलावा कियारा एक्टर राम चरण के साथ साउथ फिल्म गेम चेंजर में भी नजर आ चुकी हैं।



### जान्हवी कपूर

जान्हवी ने फिल्म देवरा - भाग 1 से साउथ की फिल्मों में डेब्यू किया। यह फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। इस तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म को कोरटाला शिवा ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में एनटी रामा राव जूनियर दोहरी भूमिकाओं में हैं। जूनियर एनटीआर और जान्हवी के अलावा फिल्म में सैफ अली खान, प्रकाश राज, श्रीकांत और शाइन टॉम चाको ने भी अहम भूमिका निभाई है। यह इस फिल्म का पहला भाग था। अब इस फिल्म का दूसरा भाग भी आएगा।

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल, पाकिस्तान कर सकता है खेल खराब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2026 का पुरुष टी20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा जिसने पिछली बार 2024 में बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें भाग लेंगी और 55 मैच खेले जाएंगे। मैच भारत में 5 और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे तथा फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाता है, तो यह मैच कोलंबो में होगा।

BCCI टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी करेगा। हालांकि इस साल की शुरुआत में BCCI और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच एक समझौता हुआ था कि वे दोनों सरकारों के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेलेंगे जिसके बाद श्रीलंका को पाकिस्तान के सभी मैचों के आयोजन के लिए सह-मेजबान चुना गया।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ICC ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है, लेकिन टूर्नामेंट के लिए समय निश्चित रूप से तय कर लिया गया है और सभी भाग लेने वाले देशों को इसकी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए केवल 15 टीमें ही क्वालीफाई कर पाई हैं, जिनमें भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड और पहली बार इटली भी शामिल हैं। शेष पांच स्थानों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालीफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से निकलेंगे।



## एशिया कप में उमरजई की तूफानी पारी ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम ने एशिया कप 2025 का आगाज धमाकेदार जीत से किया। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में टीम ने 94 रनों से बड़ी जीत हासिल की। यह अफगानिस्तान की एशिया कप में सबसे बड़ी और टूर्नामेंट की रनों के मामले में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई के तूफानी पारी के दम पर 20 ओवर में 188 रन बनाए, इसके जवाब में हॉन्ग कॉन्ग की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन ही बना सकी। राशिद खान ने जीत का क्रेडिट उमजई को दिया और मैच के बाद बताया कि क्यों मुजीब उर रहमान जैसे गेंदबाज को उन्होंने प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा।

राशिद ने मैच के बाद कहा कि टीम ने शानदार खेला। शुरुआत में विकेट लेना हमारे लिए अहम था। पिछली सीरीज में भी यही समस्या थी। यही एक क्षेत्र है जिसमें हमें सुधार करना है। डेथ ओवरों में बल्लेबाजी शानदार रही। खासकर उमरजई। हमारे पास अच्छे स्पिनर हैं। इससे विपक्षी टीम पर दबाव बनता है। जब आप रन बनाते हैं, तो बल्लेबाज जोखिम उठाते हैं और हमारे पास विकेट लेने का मौका होता है। हम लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे।

प्लेइंग इलेवन क्या होगी, यह देखना मुश्किल था। मुजीब को बाहर रखना एक मुश्किल फैसला था। आप कभी-कभी कॉम्बिनेशन की तलाश में रहते हैं। अच्छी बात यह है कि मेरे पास विकल्प है और इससे मेरे लिए काम आसान हो जाता है। अफगानिस्तान का इस जीत से नेट रन रेट +4.700 का हो गया है, जो उन्हें अगले राउंड में पहुंचाने में मदद करेगा। उनका अगला मैच 16 सितंबर को बांग्लादेश से होगा।

## एसए20 नीलामी: ब्रेविस 8.3 करोड़ में बिके, आईपीएल से कई गुना ज्यादा लगी बोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस अब बेबी एबी नहीं रहे। वे अंतरराष्ट्रीय और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। एबी का जलवा अब भी बरकरार है, लेकिन अब ब्रेविस को यकीन है जिसने उन्हें क्षमता का एहसास कराया, वे भी उनकी तरह जलवा बिखेर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ब्रेविस पर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका टी20 की नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ बोली लगी। ब्रेविस के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स में सौरव गांगुली और जोसबर्ग सुपर किंग्स में स्टीफन फ्लेमिंग जैसे चिर परिचित प्रतिद्वंदी नीलामी के मैदान में थे। आखिर में सुपर किंग्स को अपने इस अद्भुत खिलाड़ी को छोड़ना पड़ा क्योंकि ब्रेविस को 15.1 मिलियन रैंड यानी 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा गया। जो आईपीएल 2025 में उनके रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में उनकी कीमत से करीब चार गुना ज्यादा है। एसए20 नीलामी में बड़ी खरीदारी में दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ दो बार दक्षिण अफ्रीका 20 लीग जीतने वाले मार्करम की सेवाएं डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड यानी 7.04 करोड़ रुपए में हासिल कीं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट तिहरे शतकवीर वियान मुल्डर को सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड यानी 4.53 करोड़ रुपए में खरीदा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएत्जी सुपर जायंट्स के लिए 7.4 मिलियन रैंड यानी 3.72 करोड़ रुपए में खेलेंगे. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को सुपर किंग्स ने 6.3 मिलियन रैंड यानी 3.17 करोड़ रुपए में खरीदने से पहले बोली लगाने की एक छोटी सी होड़ शुरू कर दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके जिन्होंने हाल ही में वनडे रिकॉर्ड तोड़े हैं उन्हें सनराइजर्स ने 6.1 मिलियन रैंड यानी 3.07 करोड़ रुपए में खरीदा। अनुभवी बल्लेबाज रस्सी वैन डेर डूसन को मुंबई इंडियंस केप टाउन ने 5.2 मिलियन रैंड यानी 2.62 करोड़ में खरीदा। तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन 5.1 मिलियन रैंड यानी 2.57 करोड़ में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। जबकि एनरिक नोर्टजे को सनराइजर्स के लिए खेलने के लिए 5 मिलियन रैंड यानी 2.51 करोड़ रुपए मिले हैं।



## दाएं और बाएं बल्लेबाजों के संयोजन में फंसे अय्यर इसलिए हुए टीम से बाहर

**–पूर्व लेग स्पिनर अमित ने कहा– आने वाले समय में वह फिर करेंगे वापसी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर को भारत की एशिया कप टीम से बाहर करने का फैसला मध्य क्रम में दाएं और बाएं बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने की रणनीतिक चाल के कारण हुआ। यह कहना है पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा का। 2024 के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने के बाद से श्रेयस ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी शानदार फॉर्म के दम पर उन्होंने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया, जो पिछले एक दशक में फ्रैंचाइजी का पहला फाइनल था।

इस शानदार लीग में 50 से ज्यादा की औसत से 604 रन बनाने के बाद श्रेयस ने 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बना लिया था। उन्हें भारतीय टीम से और यहां तक कि यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं रखा गया, जिससे प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों में नाराजगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने प्रबंधन के चयन पर सवाल उठाए हैं, वहीं अमित मिश्रा ने एक ऐसी रणनीतिक रूपरेखा की पहचान की जिसने अय्यर को टीम में शामिल करने के खिलाफ काम किया।



मिश्रा के मुताबिक अय्यर तीसरे या चौथे नंबर पर खेलते हैं इसलिए बाएं-दाएं संयोजन बनाए रखने की चाहत अय्यर के खिलाफ गई। मिश्रा ने कहा कि श्रेयस तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, टीम प्रबंधन ने सोचा होगा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बेहतर होता। एशिया कप एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि श्रेयस बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन में फंस गए। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी अमित मिश्रा भविष्य में अय्यर की वापसी को लेकर 100 फीसदी आश्वस्त हैं। मिश्रा का मानना ??है कि ऐसी कई सीरीज हैं जहां अय्यर अपनी क्षमता साबित कर सकते हैं और टीम में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई सीरीज हैं। उनके पास काफी समय है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह अपनी खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर हैं। नए खिलाड़ियों को मौके चाहिए। मुझे लगता है कि वह भविष्य में वापसी करेंगे और टीम में अपनी जगह पक्की कर लेंगे।

## कमिंस, स्टार्क और मेरा अभी संन्यास का इरादा नहीं : हेजलवुड

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि अभी उनका ,पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का करियर काफी समय तक चलेगा और कोई भी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहा। इसलिए ये कहना कि एशेज सीरीज में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी अंतिम बार उतरेगी कहना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम तीनों में ही अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेलेंगे। अभी हम तीनों की उम्र 35 साल के आसपास है। कमिंस ने कमर में खिंचाव है। वहीं स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं पर उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं जिसमें हम अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर तीनों ही इनका हिस्सा बनना चाहता है।



## रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह की आईसीसी टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमश- छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमश- छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव एक स्थान के नुकसान से चौथे जबकि रविंद्र जडेजा दो स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज भी दो-दो स्थान के नुकसान से क्रमश- 14वें और 15वें स्थान पर हैं।



## हार्दिक पांड्या की लग्जरी घड़ी चर्चा में, एशिया कप की प्राइज मनी से भी ज्यादा है कीमत



स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2025 से पहले हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ट्रेनिंग सेशन के दौरान नए हेयरस्टाइल और उनकी घड़ी की वजह से उनकी खूब चर्चा हो रही है। एशिया कप 2025 से पहले हार्दिक पांड्या ने अपने बालों को ग्रे शेड में कराया है। हार्दिक को प्रैक्टिस सेशन के दौरान रिचर्ड मिल आरए 27-04 घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी का वजन 30 ग्राम के करीब है। जिसकी कीमत 20 करोड़ रुपये के करीब हैं जो एशिया कप की प्राइज मनी से लगभग 8 गुना ज्यादा है।। ये घड़ी खासतौर पर टेनिस लीजेंड राफेल नाडल के लिए बनाई जाती हैं इसलिए इसे राफेल नडाल एडिशन भी कहते हैं। एशिया कप जीतने वाली टीम को करीब 2.6 करोड़ रुपये की इनाम राशि मिलेगी। एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से अबूधाबी में हो चुका है। जहां अफगानिस्तान ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में हांगकांग को 94 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में 10 सितंबर को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज करेगी जिसमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनका सामना यूएई से होगा। गौर है कि भारत का एशिया कप 2025 में पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ होगा जिसके बाद 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। वहीं अबू धाबी में ओमान के खिलाफ 19 सितंबर को भारत अपने ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलेगा। आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी जीतकर भारत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे।

भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गई।

पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया।

जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था।



तीनों में सबसे अनुभवी ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा को सबसे कठिन ड्रॉ मिला क्योंकि पहले दौर में उनका मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज से हुआ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को पहला सेट 29-29 से बराबर करने के बाद 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर हुई लेकिन गाजोज के दो 10 ने उन्हें 29-28 की बढ़त दिला दी।

तुर्किए के तीरंदाज ने तीसरे सेट में 29-28 के साथ अपनी बढ़त 5-2 कर ली। धीरज ने चौथा सेट 29-29 से बराबर किया लेकिन यह गाजोज को जीत से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी नीरज चौहान को उज्बेकिस्तान के बोबराजाबोव बेकजोद से सीधे सेटों में 27-29, 27-28, 26-29 से हार का सामना करना पड़ा।

## इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया, फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे



लंदन - किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलेंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाजे से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी।

## जोफ्रा आर्चर ने लगाई लम्बी छलांग, आईसीसीस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इससे पहले 2020 में आर्चर गेंदबाजी में रैंकिंग में सर्वोच्च आठवें स्थान पर पहुंचे थे। आदिल राशिद इस हफ्ते गेंदबाजों की सूची में उल्लेखनीय सुधार करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। आदिल रशीद आठ विकेट लेने के बाद सात पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स और साउथम्प्टन में खेले गए दूसरे और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार है।

दूसरे और तीसरे मैच में 61 और 100 रनों की पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की। वह पांच पायदान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए। वह दो साल में पहली बार शीर्ष 20 में पहुंचे है। उनके हमवतन जोस बटलर ने 62 और नाबाद 61 रनों की पारी खेलकर सात पायदान की छलांग लगाई। शाहीन शाह अफरीदी को चार स्थान की छलांग के साथ 22वें स्थान पर पहुंचने का इनाम मिला, जबकि उनके साथी और प्लेयर ऑफ द सीरीज मोहम्मद नवाज अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल में 5 विकेट (19 रन पर पांच विकेट) लेकर गेंदबाजों की सूची में 13 स्थान की छलांग के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी, अफगानिस्तान के नूर अहमद 40 स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के कुसल परेरा हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान की छलांग के साथ नौवें और सिकंदर रजा तीन स्थान की छलांग के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए।

## भारत ने कोरिया को महिला एशिया कप सुपर चार मुकाबले में 4-2 से हराया



हांगझोउ (चीन) । भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। पूल बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रहे भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में बृहस्पतिवार को चीन से भिड़ेगा।

## शिखर धवन और उनकी संस्था पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई, पुनर्वास में करेगी सहायता

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद से लिए आगे आए हैं। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में धवन ने इस कठिन समय में एकता और करुणा का आह्वान किया। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'यह एकजुट होने का समय है। पंजाब को हमारी ताकत, करुणा और समर्थन की जरूरत है.. थोड़ी सी मदद भी बहुत फर्क ला सकती है। आइए हम सब अपना योगदान दें।'

अपनी व्यक्तिगत अपील के साथ धवन का NGO शिखर धवन फाउंडेशन बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिखर धवन की मीडिया टीम की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करना और जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना है।

उनके संदेश को प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों का जबरदस्त समर्थन मिला है जिसमें संकट के समय में करुणा और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंजाब को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अलावा, राज्य के लिए 1,600 करोड़ रुपए के वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार केंद्र राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) और पीएम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किस्त भी अग्रिम रूप से जारी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति का जमीनी स्तर पर आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) के कर्मियों से भी बातचीत की।

हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण पंजाब में व्यापक तबाही हुई है। राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा 'रोके गए' 60,000 करोड़ रुपए की धनराशि तत्काल जारी करने की मांग की है, जो पंजाब की बाढ़ से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समग्र रूप से पटरी पर लाने के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरदासपुर और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की और पंजाब में हुए नुकसान का भी आकलन किया।



## गुजरात में मकान तोड़ने गए बुलडोजर को लोगों ने गुस्से में पलट दिया

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के गांधीनगर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सरकारी जमीन पर बने 700 से अधिक मकान और अन्य ढांचों को तोड़ा गया है। इसी बीच पेटापुर में बुलडोजर ऐक्शन के विरोध में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। भारी सुरक्षा के बावजूद लोग जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस बीच अफरा-तफरी में एक बुलडोजर भी पलट गया। गनीमत है कि इसकी जद में कोई नहीं आया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह लोगों को काबू किया। गुजरात के गांधीनगर में एक बार फिर बड़ा बुलडोजर ऐक्शन लिया गया है। गांधीनगर जिला प्रशासन के मुताबिक साबरमती नदी के किनारे जीईबी, पेथापुर, चारेदी इलाकों में सरकारी जमीनों पर अतिमक्रमण किया गया था। कई बार इन्हें जगह खाली करने की चेतावनी दी गई थी। गुरुवार सुबह भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच तोड़फोड़ दस्तों ने बुलडोजर अभियान की शुरुआत की। एक साथ दर्जनों बुलडोजर मकानों को तोड़ते नजर आए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश... सीबीआई वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता की जांच करेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मगध यूनिवर्सिटी द्वारा एक वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों के जाली होने का दावा करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उसकी डिग्री की प्रामाणिकता की जांच करने का आदेश दिया है। यह निर्णय तब लिया गया, जब बिहार की मगध यूनिवर्सिटी ने वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों को जाली घोषित किया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुईयां की पीठ बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एक अनुशासनात्मक समिति के फैसले के खिलाफ दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। मगध यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वकील की मार्कशीट और बीकॉम की डिग्री जाली है और मगध यूनिवर्सिटी ने जारी नहीं किया था। वहीं वकील ने मगध यूनिवर्सिटी से 1991 में बीकॉम की डिग्री प्राप्त करने का दावा कर उसकी फोटोकॉपी प्रस्तुत की। वकील ने कहा कि यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड नष्ट हो गए हैं, जिससे डिग्री की प्रामाणिकता की पुष्टि करना संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखकर सीबीआई को जांच करने का निर्देश दिया। सीबीआई को पता लगाना है कि वकील द्वारा प्रस्तुत की गई बीकॉम की डिग्री असली है या नकली। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को अधिकारी नियुक्त करने और 3 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

## खराब मौसम के कारण राहुल गांधी का गुजरात दौरा टला, अब शुक्रवार को जूनागढ़ आएंगे

अहमदाबाद (एजेंसी)। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आज का जूनागढ़ दौरा दिल्ली में खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। दिल्ली हवाई अड्डे से उनका विमान उड़ान नहीं भर सका, जिसके चलते यह यात्रा कल तक के लिए टाल दी गई है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि राहुल गांधी कल सुबह करीब 11 बजे जूनागढ़ पहुंचेंगे और प्रशिक्षण वर्ग की पूर्णाहुति बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में वे जिला अध्यक्षों को आगामी आम चुनाव और पार्टी संगठन को मजबूत करने के मुद्दों पर मार्गदर्शन देंगे। अमित चावड़ा ने मीडिया से बातचीत में भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर विशेष अभियान शुरू किया है। आज सुबह दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की कथित वोट चोरी में संलिप्तता का खुलासा किया। यह अभियान अब गुजरात में भी शुरू हो चुका है। इसका उद्देश्य राज्य के प्रत्येक मतदाता को वोट चोरी के मुद्दे पर जागरूक करना और भाजपा द्वारा की गई कथित वोट चोरी की हकीकत लोगों तक पहुंचाना है। अमित चावड़ा ने दावा किया कि नवसारी लोकसभा क्षेत्र की चोर्यासी विधानसभा सीट में भाजपा नेता सी.आर. पाटिल ने 20,000 से 25,000 फर्जी मतदाताओं को खड़ा कर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में हुई वोट चोरी का असर पूरे नवसारी लोकसभा क्षेत्र में कितना हुआ होगा, इसकी कांग्रेस जांच कर रही है। आने वाले दिनों में अन्य विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में भी वोट चोरी के सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस को उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

## नशामुक्त भारत के लिए गुजरात के 10 शहरों में देश के स्थानों पर नमो युवा रन का आयोजन

अहमदाबाद(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। नशामुक्त भारत के लिए इस नमो युवा रन का आयोजन किया जा रहा है। गुजरात के 10 समेत देश के 100 बड़े शहरों में नमो युवा रन का आयोजन किया गया है7 21 सितंबर को अहमदाबाद के वस्त्रापुर में सुबह 6 बजे नमो युवा रन का आयोजन किया गया है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई है। इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान, स्वास्थ्य शिविर सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दुनिया के सबसे बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। राज्य स्तरीय मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि 21 सितंबर को देशभर में 100 से अधिक स्थानों पर नमो युवा रन का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं को नशामुक्त बनाने और नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए इस रन का आयोजन किया गया है। गुजरात में भी अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, भावनगर समेत 10 बड़े नगरों में 21 सितंबर को नमो युवा रन का आयोजन होगा। अहमदाबाद में यह मैराथन सुबह 6 बजे वस्त्रापुर तालाब से शुरू होगी, जिसे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मैराथन में 10,000 से अधिक युवा शामिल होंगे।

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल बेहद जरूरी: नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान÷ का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, जागरूकता और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। अभियान की अवधि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक रखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान÷का शुभारंभ हुआ। रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया।



नारी का स्वास्थ्य - परिवार की शक्ति रही आकर्षण का केंद्र बिंदू प्रदर्शनी में ÷स्वस्थ माँ, सुरक्षित शिशु - मजबूत समाज की नींव÷ जैसे प्रेरक संदेशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की झलक दिखाई गई। अवलोकन के बीच मुख्य अतिथि जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी ली। निक्षय पोषण योजना पर आधारित पैनलों के माध्यम से लोगों को यह जानकारी दी गई कि टीबी रोगियों को उपचार के दौरान प्रतिमाह 1000 रुपए पोषण सहायता सीधे बैंक खाते में दी जाती है। इसके लिए टीबी आरोग्य साथी ऐप और उमंग ऐप के जरिए सत्यापन और ट्रैकिंग की सुविधा भी समझाई गई। स्टॉलों पर कैंसर स्क्रीनिंग, एनीमिया नियंत्रण, थैलेसीमिया जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और क्षय रोग से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही आप से रोशन है पूरे परिवार की खुशी- टीबी उपचार लें और अपनों का साथ निभाएं जैसे संदेशों ने लोगों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान पोषण अभियान को लेकर पोस्टर लगाए गए, जिनमें बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व और एनीमिया नियंत्रण जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों और योजनाओं से जुड़े जानकारीपूर्ण पोस्टर, बैनर और स्टॉल लगाए गए, जिनमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक भागीदारी पर भी जोर दिया गया। 17 सितंबर को विशाल स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अभियान के तहत 17 से 2 अक्टूबर तक विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जाएगा। सभी का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए रूटीन इम्यूनाइजेशन पर भी जोर दिया जाएगा।

## सीएम धामी ने राज्य आपदा परिचालन केंद्र में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र में प्रदेशभर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की। उन्होंने चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में बादल फटने से प्रभावित गांवों में बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। चमोली के नंदानगर में बादल फटने से दो गांव, धुर्मा और कुंतरी, बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। घटना में 14 लोग लापता हैं और करीब 35 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश एयरलिफ्ट करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में सड़क, पानी, बिजली और नेटवर्क कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए आश्रय, भोजन, और स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके अलावा, प्रभावित गांवों में पर्याप्त डॉक्टर और दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रभावित परिवार तक जल्द से जल्द राहत सामग्री पहुंचाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, देहरादून के आपदा प्रभावित गांवों जैसे फुलेत, सरखेत छमरौली, सिल्ला और क्यारा में हेलीकॉप्टर के जरिए 150 किट राशन पहुंचाया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल लगातार इन क्षेत्रों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## चिराग ने कहा- कांग्रेस तेजस्वी को मुख्यमंत्री घोषित नहीं कर पाई, उन्हे तकलीफ तो होगी



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तमाम नेताओं ने अभी से पसीना बहाना शुरु कर दिया है। जुबानी जंग, आरोप प्रत्यारोप और चुनावी रणनीति के बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव की यात्रा पर निशाना साधा है। चिराग ने कहा कि कांग्रेस से इनको (तेजस्वी यादव) को सम्मान नहीं मिला। ये तो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने चले गए थे। इसके बाद भी वो इन्हें मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर नहीं गए। ऐसे में स्वाभाविक है कि इस बात की तकलीफ इनके मन में होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर बनाए गए एआई वीडियो पर पटना हाईकोर्ट के फैसले का भी स्वागत किया। पटना उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कांग्रेस ऐसे वीडियो को तुरंत हटाए। चिराग पासवान ने वीडियो को लेकर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के वीडियो को उचित नहीं ठहराया जा सकता है जिसमें किसी की स्वर्गीय मां शामिल किया जाए। आखिर किस मंशा से वो किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना चाहते हैं। यह युवाओं को नौकरी देने की बात कर रहे हैं। इनसे पूछिए ना कि किनके कार्यकाल में युवा बिहार को छोड़ कर जाने के लिए मजबूर हुए। देश के इतिहास में अगर सबसे ज्यादा पलायन किसी राज्य या किसी कालखंड में हुआ तो वो इन्हीं के कालखंड में हुआ। 90 के दशक में बिहार के युवाओं को बिहार छोड़ कर जाने के लिए मजबूर किया गया। आज अगर ये युवाओं की बात कर रहे हैं तो इन्हें पहले उस वक्त का जवाब देने की जरुरत है। बता दें कि तेजस्वी यादव अभी बिहार अधिकार यात्रा पर हैं। इस यात्रा के तहत तेजस्वी यादव उन विधानसभाओं में जा रहे हैं जो विधानसभा वोटर अधिकार यात्रा में कवर नहीं हो सके थे। 16 सितंबर को जहानाबाद से इस रैली की शुरुआत हुई थी। 20 सितंबर को वैशाली में यात्रा का समापन होगा।

# पाक-सऊदी के समझौते पर भारत ने कहा- हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों में से किसी एक देश पर आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। अब इस समझौते पर भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तैयार है और इस समझौते से पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अध्ययन किया जाएगा।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक मीडिया प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत सरकार ने इस समझौते से संबंधित खबरों को देखा है और इसे गंभीरता से ले रही है। जायसवाल ने बताया कि सरकार को इस बात की जानकारी थी कि दोनों देशों के बीच इस तरह का समझौता विचाराधीन था, जो अब औपचारिक रूप ले चुका है। उन्होंने कहा, हम इस घटनाक्रम से भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेंगे। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि भारत सरकार अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस समझौते के संभावित परिणामों का गहन विश्लेषण किया जाएगा ताकि भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसका प्रभाव समझा जा सके। यहां दिलचस्प बात ये है कि भारत को इस समझौते की जानकारी पहले से थी। माना जा रहा है कि या तो खुद सऊदी अरब ने भारत को जानकारी दी या फिर किसी अन्य देश ने बताया है। हालांकि इस संदर्भ में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक बयान में कहा गया है कि समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की गई, जिसमें कहा गया कि दोनों में से किसी एक देश के खिलाफ किसी भी तरह के आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों में से किसी एक देश पर आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते' पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की रियाद की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए। यहां अल-यममाह पैलेस में क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने उनका स्वागत किया। हालांकि, सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच इस रक्षा समझौते की विशिष्ट शर्तों और दायरे के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक विवरण सामने नहीं आया है। हस्ताक्षर समारोह के बाद जारी एक संयुक्त



वक्तव्य में कहा गया, लगभग आठ दशकों से चली आ रही साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए तथा भाईचारे, इस्लामी एकजुटता और साझा रणनीतिक हितों के बंधनों पर आधारित दोनों पक्षों ने रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सऊदी राजधानी पहुंचने पर प्रधानमंत्री शरीफ का स्वागत रियाद के उप-गवर्नर मुहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन अब्दुलअजीज ने किया।

## 9 दिनों में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को तीसरी बार मिली राहत की खबर

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री, आजम खान, को हाल ही में कई कानूनी मामलों में राहत मिली है। उन्हें रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार कब्जा केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। पिछले 9 दिनों में यह तीसरी बार है जब उन्हें किसी अहम मामले में राहत मिली है। इसके पहले 10 सितंबर को डूंगरपुर मामले में हाई कोर्ट ने जमानत मंजूर की। इसके बाद 16 को छजलैट प्रकरण और रास्ता जाम करने के मामले में रामपुर की अदालत ने बरी किया। और फिर 18 को क्वालिटी बार केस में हाई कोर्ट से जमानत मिली। इस जमानत के साथ, उन पर दर्ज करीब सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी है, जिससे उनके जल्द ही जेल से बाहर आने की संभावना बढ़ी है। बात दें कि क्वालिटी बार केस 2008 का है, जिसमें आजम खान पर रामपुर में एक बार की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप था। मामले में 2019 में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें पहले उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को नामजद किया गया था, और बाद में आजम को भी आरोपी बनाया गया। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज होने के बाद, उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की थी, जहाँ उनके वकील ने राजनीतिक बदले की भावना से फंसाए जाने का तर्क दिया। सभी पक्षों को सुनने के बाद, कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।



## प्राकृतिक आपदा में नदारत रहीं सांसद कंगना बोलीं- पीएम ने दिए 10 हजार करोड़

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मंडी ससंदीय क्षेत्र में आपदा के दौरान नदारद भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने बड़ा बयान दिया है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर मंडी में आयोजित यज्ञ में पहुंची कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के अगले सीएम की दावेदारी पर बड़ा बयान दिया है।

मंडी शहर के सिद्धकाली माता मंदिर में महायज्ञ करवाया गया है। इसमें पूर्णाहूति डालने के बाद सांसद कंगना ने कहा कि केंद्र में 2014 से पहले रही सरकारों ने हमेशा हिमाचल को नजर अंदाज किया है, जबकि पीएम मोदी अब तक विभिन्न किस्तों के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये दे चुकें।

आपदा में सांसद कंगना रनौत की गैर मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर कंगना ने कहा कि हिमाचल में हीन भावना के ग्रस्ति कुछ लोग उनके बारे में ही जनता को भड़काने में लगे हुए हैं। जबकि वह आज दूसरी बार आपदा के दौरान मंडी क्षेत्र की जनता के बीच पहुंची हैं। सांसद कंगना ने पीएम मोदी की ओर से देश हित में किए अनकों कार्यों की भी जमकर सराहना की और कहा कि मोदी है तो ही मुमकिन है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की योजना एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपने संसदीय



क्षेत्र की जनता से आह्वान भी किया। अब गुरुवार को कंगना रनौत मनाली विधानसभा क्षेत्र का दौर करेंगी। हिमाचल प्रदेश में सीएम बनने के सवाल पर सांसद कंगना ने कहा कि अब उन्हें समझ आ गई है कि राजनीति एक समाजसेवा का काम है और इसमें पर्सनल लाभ जैसा कुछ नहीं है और ऐसे में पीएम मोदी के आशीर्वाद से वह किसी भी काम को करने के लिए सक्षम हैं और कंगना अगर किसी काम को करने की ठान ले तो वो उसे करके दिखाती हैं। फिर चाहे बात फिल्मों की ही क्यों ना हो। मंडी में भाजपा के द्वारा पीएम मोदी के जन्म दिवस पर इंदिरा मार्केट में स्थित माता सिद्ध काली माता मंदिर में जहां महायज्ञ का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पर मंडी में भाजपा के द्वारा पीएम मोदी के जन्म दिवस पर इंदिरा मार्केट में स्थित माता सिद्ध काली माता मंदिर में जहां महायज्ञ का आयोजन किया, वहीं प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे संसार के लिए विश्व कल्याण की कामना भी की। मंडी में आयोजित इस महायज्ञ को मां त्रिपुर सुंदरी धाम मणिकूट पर्वत ऋषिकेश से आए श्री श्री 1008 श्री हरिओम महाराज व उनके साथ आए अन्य साधु संतों ने संपन्न करवाया। इस महायज्ञ में पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद कंगना रनौत, सर्व देवता समिति अध्यक्ष शिवपाल शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने भाग लेकर पूर्णाहुति डाली और विश्व कल्याण की कामना की।

## पूरे देश में होगा एसआईआर, एक जुलाई 1987 से पहले जन्म हुआ तो नहीं देना होगा कोई दस्तावेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। पूरे देश में होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 50 करोड़ से ज्यादा वोटर्स को किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका कारण है कि उनके नाम पहले से ही मतदाता सूची में दर्ज हैं। एक जुलाई 1987 से पहले जन्म होने की अंडरटेकिंग देने वाले मतदाताओं को कोई अन्य दस्तावेज लगाने की जरूरत नहीं होगी।




चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक भारत के आधे से ज्यादा वोटर्स इस नए प्रोसेस के दायरे में आएंगे। इन मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उनका नाम उनके राज्य में आयोजित पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में शामिल होगा। ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी एसआईआर 2002 से 2008 के बीच हुआ था, जिसे इस प्रक्रिया के लिए कट-ऑफ माना जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि चुनाव आयोग जल्द ही अखिल भारतीय एसआईआर को लागू करने की तारीख तय करेगा। राज्यों में मतदाता सूचियों को सुधार करने का काम इस साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। पिछले हफ्ते हुए एक सम्मेलन में राज्यों के सीईओ को अपने-अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची तैयार रखने को कहा है।

बिहार में आखिरी एसआईआर 2003 में हुआ था। इसके मुताबिक अभी इसमें सूचीबद्ध कुल मतदाताओं के 60 फीसदी यानी 4.96 करोड़ मतदाताओं को अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान स्थापित करने के लिए मतदाता सूची के प्रासंगिक भाग को छोड़कर कोई सहायक दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। बिहार में इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद भी हो चुका है, जहां विपक्षी दलों ने दस्तावेजों की कमी के कारण लोगों के मताधिकार से वंचित होने की आशंका जताई थी। केवल 40फीसदी मतदाताओं को ही अपनी जन्मतिथि या स्थान की पुष्टि के लिए सूचीबद्ध 12 दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा वोटर बनने या राज्य के बाहर से आने वाले कुछ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त घोषणा पत्र भी शुरू किया गया है। ऐसे लोगों को यह शपथपत्र देना होगा कि उनका जन्म 1 जुलाई, 1987 से पहले भारत में हुआ था।

# एकजुट होने में जुटे इस्लामिक देश, बात होती रही उधर एक हो गए पाकिस्तान और सऊदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में 60 इस्लामिक देशों की कतर में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य एजेंडा था एकजुट होने का। इस दौरान पाकिस्तान, तुर्की जैसे मुसलमान देशों ने इस्लामिक नाटो संगठन बनाने का सुझाव दिया था। यह अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो की तर्ज पर था, जिसके तहत यूरोप के कई देश आते हैं और उन्हें सुरक्षा की गारंटी मिली है। इसी तरह मुसलमान देशों को सुरक्षा की गारंटी देने के नाम पर ऐसे संगठन का प्रस्ताव रखा गया। मीटिंग में इस पर कोई ठोस पहल होती नहीं दिखी, लेकिन पाकिस्तान और सऊदी अरब ने इस ओर कदम जरूर बढ़ा दिए हैं।

ऐसे में पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ सुरक्षा समझौता करके खुद को इस्लामिक देशों के बीच मजबूत करने की कोशिश की है। लंबे समय से पाकिस्तान की यह कोशिश रही है कि कश्मीर के मसले को इस्लाम के नाम पर बढ़ावा दिया जाए और फिर सऊदी अरब, तुर्की, मलयेशिया जैसे देशों को साथ लिया जाए। हालांकि दिलचस्प बात यह है कि सऊदी अरब ने इस समझौते के साथ ही भारत के साथ अपने रिश्तों पर भी बात की है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सऊदी अधिकारी ने कहा कि भारत के साथ हमारे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। ऐतिहासिक स्तर पर हमारी दोस्ती है। हम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के हित में रिश्ते मजबूत करते रहेंगे। दोनों देशों ने एक सुरक्षा समझौता किया है, जिसके तहत किसी एक देश पर हमले को दोनों पर अटैक माना जाएगा। इस तरह दोनों देशों ने एक दूसरे को सुरक्षा गारंटी दी है और आड़े वक्त में खड़ा रहने का संकल्प जताया है। साफ है कि एक बड़े इस्लामिक नाटो की तरफ कदम नहीं बढ़े हैं, लेकिन उसके ही छोटे संस्करण पर पाकिस्तान और सऊदी अरब ने मुहर लगाई है। भारत के लिए यह खबर मायने रखती है क्योंकि पाकिस्तान उसका चिर प्रतिद्वंद्वी रहा है। मई में ही दोनों देशों के बीच 4 दिन की सैन्य झड़प चली थी। इसके अलावा भी अकसर तनाव बना रहता है और दोनों देश जंग के मुहाने पर कभी भी रहते हैं। हालांकि पाकिस्तान के पास जो परमाणु हथियार हैं, उनके इस्तेमाल को लेकर इस समझौते में कोई बात नहीं की गई है। बता दें कि 1967 से ही सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा करार रहे हैं। पाकिस्तान की सेना ने सऊदी अरब के 8200 सैनिकों को अपने यहां प्रशिक्षित भी किया है। माना जा रहा है कि कुछ और मुसलमान देशों के बीच भी ऐसे करार हो सकते हैं।

